वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 30 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 145, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 1092 अंकों की गिरावट

अनिश्चितता के बीच सेंसेक्स 1,092 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 24,550 अंक से नीचे बंद हुआ। } 10

भारत-अमेरिका के बीच और मजबूत होंगे रिश्ते

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गोलमेज बैठक में भारत-अमेरिका के बीच व्यापार, निवेश एवं आपूर्ति शृंखला साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। } 12

चार दिन में ही पाक ने टेक दिये थे घुटने : राजनाथ

रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक स्मारक पुस्तक का शुक्रवार को विमोचन किया, जिसमें पिछले वर्ष हुए इस निर्णायक सैन्य अभियान में शामिल 100 अधिकारियों, नाविकों और वायु सैनिकों की व्यक्तिगत गवाही को संकलित किया गया है। सिंह ने इस अभियान को अभूतपूर्व सफलता बताते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान को चार दिनों के भीतर संघर्षविराम की मांग करने के लिए मजबूर कर दिया था। रक्षा मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया यह भारत द्वारा अब तक लड़े गए सभी युद्धों से अलग था। स्मारक प्रकाशन ऐतिहासिक विवरण से परे जाकर बहादुर सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों को भी दर्शाता है। यह आधुनिक युद्ध के मानवीय आयाम की भी जानकारी देता है, जहां नेतृत्व, साहस, दबाव में निर्णय लेने की क्षमता और प्रतिबद्धता रणनीति को सफलता में बदल देती है।

उन्होंने यहां विमोचन समारोह की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जो प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह की उपस्थिति में आयोजित हुआ। मंत्रालय ने कहा यह विवरण सेना के तीनों अंगों के साथ-साथ मुख्यालय, इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ से भी जुड़े हैं और ...शेष पृष्ठ 10 पर

आंधी-बारिश व आकाशीय बिजली से 32 की मौत

मुख्यमंत्री योगी की अपील– खराब मौसम में रखें विशेष सतर्कता और अनावश्यक यात्रा से बचें, रेड अलर्ट जारी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी समेत प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच गुरुवार को देर रात मौसम ने अचानक करवट बदला इससे पश्चिमी और पूर्वी यूपी के कई जिलों में तेज हवाओं, गरज-चमक और झमाझम बारिश ने मौसम सुहावना हो गया। तराई क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी यूपी व अन्य कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई। कई जिलों में तेज आंधी, भारी बारिश और आकाशीय बिजली ने जमकर तबाही मचाई। शुक्रवार तड़के सहारनपुर में भारी बारिश के बाद पहाड़ी से तेज बहाव के साथ पानी नीचे आ गया। इससे इनोवा-ट्रैक्टर समेत 10 गाड़ियां बह गईं। बाइक मलबे में दब गईं। 2 पर्यटकों की मौत हो गई। जिलों से मिली जानकारी के अनुसार, 6 जिलों में करीब 16 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलाधिकारियों को तत्काल फील्ड में जाकर सर्वे कर नुकसान का आकलन करने और राहत राशि शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और हर तीन घंटे में स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मुआवजा वितरण, राहत शिविरों, बचाव अभियान और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करने को भी कहा गया है, ताकि आमजन तक सही और समयबद्ध सूचना पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। आंधी से भुआ के पास बिजली का तार टूट कर ओएचई लाइन पर गिरने से कानपुर-झांसी रेलवे ट्रैक नौ घंटे बाधित रहा। अमृत भारत व पुष्पक समेत आठ ट्रेनों को स्टेशनों पर रोका गया। आंधी से दो महिलाओं की मौत हो गई। पांच लोग गंभीर चोटिल हैं। दस हजार से अधिक पेड़ गिरे हैं। पांच सौ से अधिक बिजली के खंभे जिले भर में गिरे हैं। करीब बीस घंटे बिजली गुल रही। आंधी बारिश से करीब तीन सौ मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। ग्राम बड़खेरा निवासी 50 वर्षीय जगत सिंह खेत की रखवाली करने गया था। आंधी व बूंदाबांदी से बचने के लिए वह देर रात आम के पेड़ के नीचे बैठ गया। तभी आकाशीय बिजली गिरी और उसकी मृत्यु हो गई। उधर इसी थाना क्षेत्र के ग्राम आनंदपुरा निवासी 43 वर्षीय प्रधान कीरतराज छत पर थे, तभी आंधी चली और नीचे उतरने लगे। सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गए। सीएचसी जैतपुर ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

इस्तीफा देने के बाद राहुल गांधी से मिले सिद्धरमैया

नयी दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद कांग्रेस नेता सिद्धरमैया ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। सिद्धरमैया के साथ उनके बेटे यतींद्र भी थे। सोनिया गांधी के आवास 10, जनपथ पर राहुल गांधी के साथ हुई बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बताया जाता है कि सिद्धरमैया ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष से कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का अपना वादा पूरा कर दिया है, जिससे कर्नाटक में सत्ता हस्तांतरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह भी कहा जा रहा है कि उन्होंने राहुल गांधी के साथ अपनी भविष्य की योजनाओं और दक्षिणी राज्य (कर्नाटक) में नयी सरकार के गठन पर चर्चा की। वह राज्यसभा सीट के प्रस्ताव को पहले ही नकार चुके हैं। सिद्धरमैया यह भी कह चुके हैं कि वह कर्नाटक में ही रहना चाहते हैं और पार्टी आलाकमान द्वारा सुझाई गई केंद्रीय भूमिका में उनकी रुचि नहीं है।

रूस के उप प्रधानमंत्री मंटुरोव से मिले डोभाल

मॉस्को। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने यहां रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव से मुलाकात की और रक्षा एवं ऊर्जा समेत प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, प्रमुख वैश्विक व्यापार मार्गों में समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंताएं और उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को लेकर प्रमुख शक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच बृहस्पतिवार को यह बैठक हुई। डोभाल बुधवार को मॉस्को पहुंचे था, जहां उन्होंने पहले अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मंच और सुरक्षा मामलों के लिए उच्च प्रतिनिधियों की 14वीं बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने रूस के अपने समकक्ष सर्गेई शोइगु और बाद में मंटुरोव के साथ अलग से बैठकें कीं।

अब प्रदेश में माफिया का भय खत्म : योगी

❍ धार्मिक आयोजन में व्यवधान डालने वालों की रावण व कंस जैसी दुर्गति तय ❍ माफिया के सामने नाक रगड़ती थी सपा सरकार

विशेष/जिला संवाददाता

मऊ/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ की धरती से माफिया को फिर खुली चुनौती दी। उन्होंने दो टूक कहा कि अब किसी माफिया व गुंडे में दुस्साहस नहीं है कि त्योहारों में उपद्रव कर दे। यदि किसी ने रामलीला, यज्ञ-कथा, जन्माष्टमी, रामनवमी, शिवरात्रि, रक्षाबंधन आदि धार्मिक आयोजनों में व्यवधान डाला तो उसकी रावण व कंस जैसी दुर्गति तय है। किसी ने बेटी व व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाई तो उसका इंतजार यमराज ही करेंगे। अब कोई माफिया खुली जीप में चलकर पिस्टल लहराते हुए किसी हिंदू को धमका नहीं सकता।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ के गांधी मैदान में 392 करोड़ से अधिक लागत वाली 114 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने मऊ को क्रांतिधरा बताते हुए साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय, समाज सुधारक स्वामी सहजानंद सरस्वती, मऊ को नई पहचान दिलाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्पनाथ राय की स्मृतियों को नमन किया। उन्होंने पूर्व राज्यपाल फागू चौहान का भी जिक्र किया और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकार विकास लेकर आती है। यह विकास बिना भेदभाव नागरिकों के जीवन स्तर को उठाने का माध्यम होता है। सड़क या पुल जाति पूछकर नहीं चलने देते, स्वास्थ्य केंद्र जाति पूछकर उपचार और बाढ़ सुरक्षा के कार्य जाति पूछकर बचाव नहीं करते। जब अच्छे लोग चुने जाते हैं तो अच्छी सरकार आती है। जब गलत लोग चुने जाते हैं तो सुरक्षा में सेंध लगती है, जन विकास में लगने वाले पैसे में डकैती और बेटी-व्यापारी की सुरक्षा खतरे में पड़ती है, और युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश का यही हाल था। जिन लोगों की आयु 30-35 वर्ष से ऊपर है, वे भूले नहीं होंगे कि 21 वर्ष पहले 2005 में भरत-मिलाप कार्यक्रम पर दंगा कर मऊ को जलाने का प्रयास हुआ था। सत्ता के संरक्षण में माफिया रामलीला आयोजन में व्यवधान पैदा कर निर्दोष हिंदुओं का कत्लेआम कर रहे थे। माफिया को देखकर सपा का पसीना छूटता था, इनके मुंह से आवाज नहीं निकलती थी। माफिया के सामने नतमस्तक व नाक रगड़ने वाली सरकार मौन थी और यहां की सुरक्षा खतरे में थी। अराजकता का तांडव था। जनता यदि चंदा जुटाकर रामलीला, रामनवमी, यज्ञ, जन्माष्टमी, शिवरात्रि का आयोजन करती थी तो उसमें व्यवधान पैदा किया ...शेष पृष्ठ 10 पर

नये भारत के निर्माण को समर्पित रहे हैं मोदी सरकार के 12 वर्ष : सीएम

❍ एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चलेगा विशेष अभियान

लखनऊ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश में 05 जून से 21 जून तक विकास, सेवा, सुशासन और जनकल्याण की उपलब्धियों को समर्पित व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मंत्रिमंडल एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं और विकास की परिवर्तनकारी यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इसे व्यापक जनभागीदारी का अभियान बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र ...शेष पृष्ठ 10 पर

एलपीजी के लिए 30 दिन के भंडारण की तैयारी

नयी दिल्ली। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे एलपीजी (रसोई गैस) का इतना भंडारण तैयार करें कि कम से कम 30 दिनों की मांग पूरी की जा सके। यह कदम पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बाद उठाया गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि सरकार रणनीतिक भंडारण को मजबूत करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों को कम-से-कम 30 दिन की एलपीजी जरूरत को पूरा करने के लिए अतिरिक्त भंडारण की योजना बनाने को कहा गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। फरवरी अंत में पश्चिम एशिया में संघर्ष छिड़ने के कारण भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर असर देखने को मिला है। इसकी वजह यह है कि भारत में कच्चे तेल का करीब 40 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का 65 प्रतिशत और एलपीजी का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा खाड़ी देशों से आता है।

हमीरपुर : निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरा, छह की मौत

सीएम योगी ने मृतक आश्रितों को दी 5-5 लाख की सहायता

जिला संवाददाता

हमीरपुर। प्रदेश के हमीरपुर जिले में शुक्रवार तड़के तेज आंधी के दौरान बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिरने से छह श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक यह हादसा हमीरपुर जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर लालपुरा थाना क्षेत्र के परसानी और कंदौर गांवों के बीच तड़के लगभग तीन बजे हुआ। घटना के समय कई श्रमिक पुल के स्लैब के ऊपरी हिस्से पर सो रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

हमीरपुर के जिलाधिकारी अभिषेक गोयल और पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक घटनास्थल पर पहुंचे तथा राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं बचाव अभियान का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी गोयल ने संवाददाताओं को बताया कि दो वर्ष पहले शुरू हुई ...शेष पृष्ठ 10 पर

ईडी ने कुर्क की 634 करोड़ की संपत्ति

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने नोएडा में यूनिटेक समूह की एक प्रमुख रियलएस्टेट परियोजना की 634 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्वाई घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत की गई है।

केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर 96, 97 और 98 में स्थित यूनिटेक गोल्फ एंड कंट्री क्लब (यूजीसीसी) परियोजना से जुड़ी संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अंतरिम आदेश जारी किया गया है। बयान में कहा गया कि इस कुर्की में 347.83 एकड़ भूमि पर पट्टे के अधिकार और सनग्रेस प्रोडक्ट्स (इंडिया) प्राइवेट ...शेष पृष्ठ 10 पर

उत्तराखण्ड : भाजपा ने विस चुनाव के लिए कसी कमर

❍ राष्ट्रीय नेतृत्व का संगठन विस्तार पर जोर ❍ नितिन नबीन ने सांसद-विधायकों से की चर्चा

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने उत्तराखंड में अपनी राजनीतिक और संगठनात्मक तैयारियों को और तेज कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने देहरादून में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के साथ विस्तृत बैठक कर चुनावी रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में खास तौर पर बूथ स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने, जनसंपर्क को मजबूत करने और समाज के विभिन्न वर्गों के साथ समन्वय स्थापित करने पर फोकस किया गया। तीन दिवसीय उत्तराखंड प्रवास पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहले दिन पार्टी कार्यकर्ताओं और बूथ प्रभारियों से मुलाकात कर जमीनी फीडबैक लिया। इसके बाद दूसरे दिन आयोजित बैठकों में उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग चरणों में चर्चा कर आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका अनुशासित संगठन और बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	42.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

❍ 1.40 लाख स्कूलों का होगा सुरक्षा ऑडिट (पृष्ठ-02)

❍ नमामि गंगे विभाग में कार्मिकों को मिली मनचाही तैनाती (पृष्ठ-02)

❍ रुपया 53 पैसे मजबूत होकर 95.05 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)

❍ 150 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला का लक्ष्य (पृष्ठ-10)

❍ आयात-निर्यात में रुपये का इस्तेमाल बढ़ा (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

सेवा में बने रहने के लिए परीक्षा पास करने की समय सीमा 31 अगस्त, 2028 तक बढ़ी

सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दोहराया कि सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। इसी के साथ न्यायालय ने सेवा में बने रहने के लिए परीक्षा उत्तीर्ण करने की समय सीमा 31 अगस्त, 2028 तक बढ़ा दी है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने अंजुमन इशात-ए-तालीम ट्रस्ट मामले में अदालत के पहले के फैसले को चुनौती देने वाली कई राज्य सरकारों, शिक्षक संघों और व्यक्तिगत शिक्षकों द्वारा दायर 65 से अधिक पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने न्यायालय के 2025 के उस फैसले पर पुनर्विचार की मांग की थी जिसमें कहा गया था कि निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के लागू होने से पहले नियुक्त सेवारत शिक्षकों, जिनकी सेवानिवृत्ति में पांच वर्ष से अधिक का समय शेष है, को एक सितंबर, 2025 से दो वर्षों के भीतर टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। एक आदेश में न्यायालय ने कहा संबंधित अधिकारियों द्वारा टीईटी परीक्षा शीघ्रता से आयोजित की जानी चाहिए, क्योंकि इसके लिए आवश्यक समय और संसाधन सीमित हैं, इसलिए हम समय सीमा को दो वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष करते हैं, और मूल रूप से निर्देशित 31 अगस्त, 2027 के बजाय 31 अगस्त, 2028 तक योग्यता प्राप्त करनी होगी। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि समय में कोई और विस्तार नहीं दिया जाएगा। टीईटी की आवश्यकता को कानून का पूर्वव्यापी अनुप्रयोग मानने वाले तर्क को खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि आरटीई अधिनियम के वैधानिक ढांचे में स्पष्ट रूप से यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

अगले वर्ष कम्प्यूटर से करायी जायेगी नीट-यूजी परीक्षा

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि केंद्र से परामर्श करने के बाद वह अगले साल से पेन और पेपर के बजाय सीबीटी (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) के जरिये नीट-यूजी आयोजित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। नीट आयोजित करने वाली एनटीए ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष यह बयान दिया। उच्चतम न्यायालय इस मुद्दे पर दाखिल याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था। इन याचिकाओं में से एक में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का पुनर्गठन या प्रतिस्थापन करने और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) आयोजित करने के वास्ते एक मजबूत एवं स्वायत्त प्रणाली बनाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। एनटीए ने तीन मई को नीट परीक्षा आयोजित की थी, लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बीच 12 मई को यह परीक्षा रद्द कर दी गई थी। इक्कीस जून को पुनर्परीक्षा निर्धारित की ...शेष पृष्ठ 10 पर

चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत

आरबीआई ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में दी जानकारी

एजेंसी

मुंबई। भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद मजबूत बनी हुई है और मजबूत वृहद आर्थिक आधार चालू वित्त वर्ष 2026-27 में वृद्धि को सहारा देंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट के अनुसार, ऊंची ऊर्जा कीमतों, आपूर्ति शृंखला में बाधाओं और वैश्विक बाजारों से आने वाली चुनौतियों के बावजूद कंपनियों एवं बैंकिंग क्षेत्र के मजबूत बही-खाते तथा सरकार का पूंजीगत व्यय पर जोर भारत की मजबूत वृद्धि गति के लिए अनुकूल है। इसमें कहा गया है कि 2026 में भू-राजनीतिक जोखिम वैश्विक वृद्धि के लिए प्रमुख बाधा बनकर उभरा है। फरवरी 2026 के अंत में पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने का असर वैश्विक वृद्धि और मुद्रास्फीति के अनुमानों में दिख रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, मध्यम वैश्विक वृद्धि के परिदृश्य के बीच 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। हालांकि पश्चिम एशिया में लंबा खिंचने वाला संघर्ष नकारात्मक जोखिम पैदा कर सकता है। इसमें ...शेष पृष्ठ 10 पर

जन्मभूमि के ऋण से मुक्त होना ही सच्ची देशभक्ति : सीएम

जन्मभूमि और मातृभूमि से बड़ा कुछ नहीं हो सकता, गांव आत्मनिर्भर बनेंगे तभी विकसित भारत का सपना होगा साकार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/मऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ जिले के गांव ताजोपुर स्थित ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन्मभूमि के ऋण से मुक्त होना ही सच्ची देशभक्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रिगेडियर डॉ. पी.एन. सिंह ने भारतीय सेना में 35 वर्षों तक सेवा देने और देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्य करने के बाद अपनी जन्मभूमि लौटकर जो कार्य किया है, वह केवल संस्थान निर्माण नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेना और विभिन्न संस्थानों में वर्षों सेवा देने के बाद ब्रिगेडियर डॉ. पी.एन. सिंह का अपने गांव लौटकर वहां अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, फामेर्सी कॉलेज, आईटीआई और सैनिक पब्लिक स्कूल जैसे संस्थानों की स्थापना करना पूरे देश के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि यह वही भाव है, जिसे हमारे शास्त्रों में ह्णजननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसीह्व कहा गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि लंका विजय के बाद जब लक्ष्मण ने स्वर्णमयी लंका की समृद्धि की चर्चा की थी, तब भगवान श्रीराम ने कहा था, अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते।

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही भारतीय संस्कृति का मूल दर्शन है। चाहे व्यक्ति कितना भी बड़ा क्यों न बन जाए, उसकी जन्मभूमि और मातृभूमि से बड़ा कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि ब्रिगेडियर डॉ. पी.एन. सिंह ने इसी आदर्श को अपने जीवन में उतारा है। भारतीय सेना के आर्मी मेडिकल कोर में वर्षों तक सेवा देने के बाद उन्होंने अपनी जन्मभूमि ताजोपुर लौटने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव लौटकर उन्होंने जिस प्रकार स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के केंद्र खड़े किए हैं, वह ग्रामीण भारत के लिए विकास का आदर्श मॉडल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका ब्रिगेडियर पी.एन. सिंह से संबंध लगभग 15-16 वर्ष पुराना है। तभी से वे उनके समाजसेवा और राष्ट्रसेवा से जुड़े कार्यों के बारे में सुनते रहे हैं और आज उन्होंने अपनी आंखों से इसे देखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ताजोपुर में स्थापित ग्रामीण सैनिक हॉस्पिटल केवल एक अस्पताल नहीं है, बल्कि ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने वाला बड़ा केंद्र है। इसी प्रकार सैनिक नर्सिंग कॉलेज के माध्यम से एएनएम, जीएनएम, पोस्ट बेसिक बीएससी और बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कराई जा रही है। फामेर्सी कॉलेज के माध्यम से डी.फार्मा और बी.फार्मा की शिक्षा दी जा रही है, जबकि आईटीआई के जरिए युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जा रहा है। सैनिक पब्लिक स्कूल क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये संस्थान केवल भवन नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता के मजबूत स्तंभ हैं। यहां रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार मिल रहा है और बड़ी संख्या में परिवारों की आजीविका इन संस्थानों से जुड़ रही है। उन्होंने कहा कि एक समय पहचान के संकट से जूझने वाला मऊ आज इन संस्थानों की वजह से नई पहचान प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान दिए गए पंच प्रण का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया था कि जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरे करे, तब वह विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व के सामने खड़ा हो। इसके लिए हर भारतीय को पांच प्रण लेने होंगे। पहला प्रण हमारी विरासत पर गर्व करने का है। हम राम, कृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई जैसे महानायकों के वंशज हैं। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

किसानों के मसीहा थे चौधरी चरण सिंहः सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने विधान भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत मां का महान सपूत और किसानों का मसीहा बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर 1902 को उत्तर प्रदेश में हुआ था। वह देश के स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे। देश में कृषि, राजस्व के क्षेत्र में तमाम रिफॉर्म का श्रेय उन्हें जाता है। उनका स्पष्ट मत था कि देश के विकास का रास्ता गांव, खेत व खलिहालों से होकर जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान विकास के एजेंडे और सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा होना चाहिए। शासन की योजनाएं किसानों को ध्यान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। चौधरी चरण सिंह द्वारा देशहित में किए गए कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें भारत रत्न की उपाधि से भी सम्मानित किया गया। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार चौधरी चरण सिंह की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए किसानों के हित से जुड़े अनेक कार्यक्रम चला रही है। इसमें लखनऊ में चौधरी चरण सिंह सीड पार्क का निर्माण भी महत्वपूर्ण है। देश के प्रमुख राजनेता होने के साथ ही उन्होंने देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 29 मई 1987 को उनका देहावसान हुआ। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री केपी मलिक, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

यूपी में नमामि गंगे विभाग में कार्मिकों को मिली मनचाही तैनाती

- 170 कर्मचारियों और अधिकारियों के किए गए ट्रांसफर

लखनऊ। सरकारी विभागों में तबादलों का दौर शुरू हो गया है इस दौरान किसी भी तरह का भ्रष्टाचार न हो और कार्मिकों को मेरिट के आधार पर तैनाती मिले। इसके तहत शुक्रवार को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने एक अनूठी पहल शुरू की। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अगुवाई में आज ट्रांसफर के इच्छुक सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को मनचाही तैनाती उनके सामने पारदर्शी तरीके से दी गई। इस पूरी प्रक्रिया में 170 अधिकारियों-कर्मचारियों का तबादला किया गया। प्रक्रिया के दौरान विभाग के राज्य मंत्री दिनेश खटीक, रामकेश निषाद और अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

इस पूरी प्रक्रिया के दौरान 170 कर्मचारियों और अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया। इसमें जल निगम ग्रामीण विभाग के 131, लघु सिंचाई विभाग के 28 और भूगर्भ जल विभाग के 11 अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया। इसमें 2 मुख्य अभियंता, 15 अधीक्षण अभियंता, 35 अधिशासी अभियंता, 40 सहायक अभियंता और 78 जूनियर इंजीनियर के तबादले किए गए। प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए जल निगम ग्रामीण विभाग के हॉल में 8 स्क्रीनों की व्यवस्था की गई थी। इन 8 स्क्रीनों पर संबंधित पदों के लिए रिक्त जिलों की सूची प्रदर्शित की गई। सबसे वरिष्ठ और सक्षम अधिकारियों से क्रमवार उनके तबादले की प्राथमिकता पूछी गई और उनके मनचाहे जिले को लॉक कर दिया गया। कम्प्यूटर का बटन दबते ही कुछ सेकेंड में ही कार्मिकों का ट्रांसफर लेटर उनके मोबाइल में पहुंच गया। इस प्रक्रिया में पूरे प्रदेश के ट्रांसफर के इच्छुक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान जो कार्मिक किसी कारणवश नहीं आ पाए थे, उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया से जोड़ा गया था, जिससे वो अपनी बात मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के सामने रख सकें। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए कार्मिकों के वरिष्ठता क्रम और कार्य की गुणवत्ता को मानक बनाया गया था। जो उनके केपीआई (की परफॉर्मेंस इंडेक्स) के आधार पर तय होता है। इस दौरान अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि पारदर्शी तरीके से ट्रांसफर प्रक्रिया को पूरा किया गया।

रालोद प्रदेश में संगठन का शीघ्र करेगा पुनर्गठन

नई दिल्ली/लखनऊ। केंद्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को रालोद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी की भावी रणनीति और संगठनात्मक दिशा पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में संगठन की मजबूती, महिलाओं की भागीदारी, वैचारिक विस्तार, किसान की खुशहाली, ग्रामीण विकास और सामाजिक न्याय को लेकर विस्तृत मंथन करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसमें पार्टी में महिलाओं की सक्रिय एवं प्रभावशाली भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उत्तर प्रदेश में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रदेश रालोद संगठन का शीघ्र पुनर्गठन किया जाएगा तथा प्रत्येक बूथ पर 7-8 सदस्यों की सक्रिय बूथ समितियों का गठन किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय बोर्ड के गठन पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें बैठक में सर्वसम्मति से केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को इस बोर्ड के गठन एवं संचालन की संपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। चौधरी चरण सिंह विचार मंच का शीघ्र पुनर्गठन किया जाएगा, जो चौधरी चरण सिंह की विचारधारा के प्रचार-प्रसार एवं उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। पार्टी प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगी जिसमें युवाओं को प्रशिक्षण देकर संगठनात्मक कार्य करने, पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों पर चलने एवं प्रचार प्रसार करने के तरीके सिखाए जाएंगे। युवाओं का राजनीतिक कौशल निखारा जायेगा। भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पार्टी पूरे वर्ष प्रदेश भर में उनके विचारों की प्रासंगिकता एवं किसान-हितैषी नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

1.40 लाख स्कूलों का होगा सुरक्षा ऑडिट

लखनऊ। प्रदेश के स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार ने राज्य के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यापक सुरक्षा ऑडिट एवं जोखिम मूल्यांकन कराने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट, माध्यमिक तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों सहित कुल एक लाख 40 हजार 555 विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का आकलन किया जाएगा। सरकार की इस पहल से लाखों विद्यार्थियों को अधिक सुरक्षित एवं संरक्षित शिक्षण वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों में स्थित विद्यालयों का वैज्ञानिक एवं तकनीकी मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। विद्यालय भवनों की संरचनात्मक स्थिति, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, आपदा प्रबंधन की तैयारियां, स्वच्छता सुविधाएं, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की समग्र सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन जांच की जाएगी। सुरक्षा संबंधी संभावित जोखिमों की पहचान कर उनके समाधान के लिए विस्तृत सुझाव भी तैयार किए जाएंगे। बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा भारत सरकार के सरकारी जेम पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी एवं नियमानुसार निविदा प्रक्रिया के तहत चयनित संस्था बेनेट कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड के साथ शुक्रवार को अनुबंध किया गया। इस अवसर पर महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, मोनिका रानी, प्रभारी शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी, शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल तथा बीसीसीएल की ओर से चीफ बिजनेस ऑफीसर कुलदीप पाठक व चीफ मैनेजर एंड रीजनल लीड बृजेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

अधिकारियों के अनुसार यह कार्यक्रम केवल सुरक्षा मानकों की समीक्षा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विद्यालयों में सुरक्षा जागरूकता और जोखिम प्रबंधन की स्थायी व्यवस्था विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों का विश्वास मजबूत होगा तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण तैयार होगा। सेवा प्रदाता संस्था की ओर से प्रत्येक विद्यालय के लिए सुरक्षा संबंधी जोखिमों की पहचान कर सुधारात्मक सुझाव उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं रक्षित शिक्षण वातावरण का निर्माण सुनिश्चित किया जा सके।

पांच साल तक के बच्चों की मृत्यु दर में आई कमी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार के प्रयासों से प्रदेश में नवजात से पांच साल तक उम्र वाले बच्चों की मृत्यु दर में कमी आई है। आंकड़ों में आया यह सुधार हजारों बच्चों के सुरक्षित जीवन, लाखों परिवारों की उम्मीदों और सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ते विश्वास की कहानी दशार्ता है। साथ ही जन्म के तुरंत बाद होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने की चुनौती भी पेश करता है।

सेंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) की ताजा रिपोर्ट में नवजात से लेकर पांच साल तक उम्र वाले बच्चों की मृत्यु दर में कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) 26 से 25, शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 37 से 35 और पांच साल तक उम्र वाले बच्चों की मृत्युदर 42 से 41 रह गई है। यह सर्वे प्रति 1000 बच्चों के हिसाब से किया गया है। उत्तर प्रदेश का उन चुनिंदा राज्यों में शामिल होना, जहाँ बच्चों की मृत्यु दर में सभी आयु वर्गों में कमी आई है, सबके सामूहिक समर्पण, अथक परिश्रम और जमीनी स्तर पर निरंतर किए गए प्रयासों का प्रमाण है। यह रुझान उत्साहजनक हैं तो हमें यह भी याद दिलाते हैं कि नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में कमी की रफ़्तार अभी भी उम्मीद से धीमी है और जन्म के तुरंत बाद होने वाली मृत्यु दर में खास बदलाव नहीं आया है। इससे साफ पता चलता है कि बच्चों की मृत्यु दर में कमी का अगला चरण प्रसव, डिलीवरी और जीवन के पहले 48 घंटों के दौरान दी जाने वाली देखभाल की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर बहुत ज्यादा निर्भर करेगा। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की बाल रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ शालिनी त्रिपाठी के अनुसार प्रदेश में स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के अपग्रेड होने से एनएमआर व आईएमआर में कमी आई है। बीते तीन-चार सालों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर से लेकर जिला महिला अस्पताल के डाक्टरों व स्टाफ नर्स को लगातार प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा नवजात को सांस लेने में दिक्कत होने पर लगाई जाने वाली सीपैप मशीन, कंगारू मदर केयर, मिल्क बैंक, निःशुल्क दवाओं व नियमित टीकाकरण भी शिशुओं की मृत्यु दर कम करने में सहायक साबित हुए हैं। इसके अलावा अस्पतालों में शुरू हुए मदर न्यूबार्न केयर यूनिट (एमएनसीयू), जिसमें प्रसव के बाद मां-बच्चे को एक साथ वार्ड में ठहराया जाता है, से भी बड़ा लाभ हो रहा है। वीरांगना अवंती बाई महिला अस्पताल की स्टाफ नर्स डेजी रानी ने बताया कि नर्सों को नवजात शिशु की देखभाल पर नियमित रूप से साप्ताहिक वर्चुअल लर्निंग सेशन और समय-समय पर आमने-सामने रिफ्रेशर ट्रेनिंग दी जा रही है। इन ट्रेनिंग से उन्हें नवजात शिशु के खतरे के लक्षणों को पहचानने, समय पर रेफरल प्रोटोकॉल का पालन करने और जन्म के समय पुनर्जीवन प्रक्रियाओं को मजबूत करने में काफी मदद मिली है।

गंगा आरती में शामिल हुए सीएम धामी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रमुख संवाददाता

ऋषिकेश। उत्तराखंड की आध्यात्मिक नगरी ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन में आज भव्य गंगा आरती का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सहभाग कर मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने प्रदेश एवं देशवासियों के सुख-समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य तथा विश्व कल्याण की कामना की। गंगा तट पर आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन में वेद मंत्रों की ध्वनि, भजन-कीर्तन और दीपों की मनमोहक आभा ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। श्रद्धा और अध्यात्म के इस संगम में मुख्यमंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आरती में भाग लेकर सनातन संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने उपस्थित जनसमूह एवं संत-महात्माओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां गंगा के तट पर पहुंचना एक

गहन आध्यात्मिक अनुभव है। उन्होंने कहा कि गंगा केवल एक जलधारा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक चेतना की निरंतर प्रवाहित होने वाली जीवंत धारा है, जिसने सदियों से देश की आत्मा को ऊर्जा प्रदान की है। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज ने अतिथियों का स्वागत करते हुए गंगा संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और मानव सेवा के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर निरंतर प्रगति कर रहा है और देश की सांस्कृतिक पहचान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई मजबूती मिली है। उन्होंने उत्तराखंड को आध्यात्मिकता, साधना और प्रकृति का संगम बताते हुए राज्य सरकार के प्रयासों की भी सराहना की। इस पावन अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्मा, महामंडलेश्वर, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, विधायक रेनू बिष्ट सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

ईंधन बचत का संदेश देने फिर ई-रिक्शा से कार्यालय पहुंचे सुरेश खन्ना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर डीजल एवं पेट्रोल की न्यूनतम खपत के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाते हुए लगातार तीसरे सप्ताह भी अपने कार्यालय आवागमन हेतु गैर पेट्रोलियम ईंधन संचालित वाहन का प्रयोग किया। श्री खन्ना शुक्रवार को अपने सरकारी आवास से विधानसभा स्थित कार्यालय ई-रिक्शा से पहुंचे तथा दोपहर में भोजन के लिए आवास आने-जाने में भी ई-रिक्शा का ही उपयोग किया। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक दिन पेट्रोलियम ईंधन रहित साधन से कार्यालय आने-जाने का उनका निर्णय केवल व्यक्तिगत पहल नहीं, बल्कि ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति एक जिम्मेदारी भरा संदेश है। श्री खन्ना ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा तथा ईंधन की बचत आज राष्ट्रीय आवश्यकता बन चुकी है। देश

की बड़ी ऊर्जा आवश्यकताएं अभी भी आयातित ईंधन पर निर्भर हैं, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपनी दैनिक जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव कर राष्ट्रहित में योगदान दे। उन्होंने कहा कि यदि समाज का प्रत्येक सक्षम व्यक्ति सप्ताह में कम से कम एक दिन वैकल्पिक एवं पर्यावरण अनुकूल साधनों का प्रयोग करे तो इससे न केवल प्रदूषण कम होगा बल्कि विदेशी मुद्रा की भी बड़ी बचत संभव होगी।

सपा के वास्तविक चरित्र को उजागर करती घटना : पंकज चौधरी

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष के साथ हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा

लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने चंदौली में सपा की महिला सभा की जिलाध्यक्ष गार्गी सिंह पटेल के साथ हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना सपा के वास्तविक चरित्र को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी मंचों से महिला सम्मान, सामाजिक न्याय और अधिकारों की बड़ी-बड़ी बातें करती है, उसी पार्टी में महिला पदाधिकारियों की सुरक्षा तक सुनिश्चित नहीं है।

पंकज चौधरी ने कहा कि चंदौली में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी ही पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष के साथ उनके घर में जाकर मारपीट करना अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। यह घटना केवल एक महिला पदाधिकारी पर हमला नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और आत्मसम्मान पर सीधा आघात है। उन्होंने कहा कि सपा का तथाकथित पीडीए अब पीड़ा, दमन और अपमान का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि सपा की राजनीति केवल दिखावे और नारों तक सीमित है। मंचों पर महिला सम्मान की बातें करना और व्यवहार में महिलाओं का अपमान करना, यही सपा का असली चाल, चरित्र और चेहरा है। यह घटना बताती है कि सपा में महिलाओं को केवल पोस्टरों और प्रचार तक सीमित रखा जाता है, जबकि वास्तविकता में उन्हें अपमान और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश की महिलाएं सपा की वास्तविक मानसिकता को भली-भांति पहचान चुकी हैं। सपा के नेताओं द्वारा लगातार महिलाओं के प्रति असम्मानजनक व्यवहार और ऐसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर उनकी कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब यह समझ चुकी है कि सपा का महिला सम्मान का मॉडल पूरी तरह खोखला और अवसरवादी है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ने महिलाओं को सुरक्षा, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता प्रदान करने के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जबकि विपक्षी दल केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए महिलाओं के मुद्दों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि चंदौली की यह घटना सपा के अंदर व्याप्त अराजकता, गुटबाजी और महिला विरोधी मानसिकता का प्रमाण है। सपा को प्रदेश की महिलाओं से इस घटना पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

भाजपा के पांच जिलाध्यक्षों की नियुक्ति 'पीडीए' का तोड़

पांच जिलाध्यक्षों की नियुक्ति सपा के 'पीडीए' फॉर्मूले की काट की किलेबंदी, भाजपा ने पांच में से दो जिलों में ओबीसी और अन्य तीन जिलों में दलित, वैश्य और क्षत्रिय को सौंपी कमान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। काफी समय से अटकलें लगायी जा रही थी कि प्रदेश में भाजपा विधानसभा चुनाव से पूर्व संगठन में बड़े बदलाव कर सकती है। फिलहाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की नियुक्ति के बाद अब इसकी शुरूआत कर दी गयी है। भाजपा ने सूबे के पांच जिलों में अपने नये जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। इनके चयन को देखते हुए यह स्पष्ट इशारा है कि भाजपा आने वाले चुनाव में जातीय समीकरण और क्षेत्रीय संतुलन को बनाये रखने को ज्यादा तव्वजों दे रही है। इससे कहीं न कहीं यह भी दिख रहा है कि सत्तारूढ़ दल भाजपा अपने प्रमुख विपक्षी दल सपा के 'पीडीए' फॉर्मूले के काट की किलेबंदी कर रही है।

सूबे में भाजपा ने पांच जिलों के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। अवध क्षेत्र के अंबेडकर नगर में दिलीप देव पटेल, काशी क्षेत्र के वाराणसी में राम सकल पटेल, चंदौली में काशीनाथ सिंह, गोरखपुर महानगर में रमेश प्रसाद गुप्ता और देवरिया में काली प्रसाद को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसमें भाजपा

ने दो जिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अन्य तीन जिलों में दलित, वैश्य और क्षत्रिय को जिलाध्यक्ष बनाया है।

भाजप ने जिन पांच जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की है, उसमें पीएम मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद गोरखपुर शामिल है। वाराणसी में राम सकल पटेल की नियुक्ति की गई है। वे ओबीसी समुदाय से हैं और लंबे समय से संगठन में सक्रिय हैं। पटेल के बारे में कहा जाता है कि वे आम लोगों के बीच अच्छा प्रभाव रखते हैं।

अनुमानों के अनुसार, वाराणसी जिले की आबादी में करीब 75 प्रतिशत हिंदू, 20 प्रतिशत मुस्लिम और पांच प्रतिशत अन्य धार्मिक समुदाय के लोग शामिल हैं। इस जिले में सामान्य और ओबीसी जातियों का खास प्रभाव है। वाराणसी में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और कायस्थ जैसी सवर्ण जातियों और पिछड़े वर्ग की यादव, पटेल, मौर्या, राजभर, चौरसिया आदि जैसी जातियों की आबादी सबसे अधिक है। भाजपा ने मोदी के संसदीय क्षेत्र में ओबीसी के पार्टी जिलाध्यक्ष की नियुक्ति करके इस समुदाय को अपने समावेशी नजरिए का संदेश देने की कोशिश की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर जिले में भाजपा ने रमेश प्रसाद गुप्ता को जिलाध्यक्ष बनाया है। रमेश प्रसाद गुप्ता वैश्य समुदाय से हैं। गुप्ता की नियुक्ति में अनुभव और जमीनी पकड़ के साथ जातीय समीकरण का खास ध्यान रखा गया है। गोरखपुर में सवर्ण समुदाय का काफी प्रभाव है। इस जिले में ब्राह्मणों के अलावा क्षत्रिय, वैश्य और कायस्थ बड़ी संख्या में हैं। करीब 90.28 फीसदी हिंदू और 9.09 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले इस जिले में वैश्य समुदाय के अध्यक्ष की नियुक्ति आने वाले विधानसभा चुनाव के जातीय समीकरणों को ध्यान में रखकर की गई है।

ओबीसी में पैठ मजबूत करने का प्रयास

भाजपा ने वाराणसी के अलावा दूसरे जिले अंबेडकरनगर में ओबीसी समुदाय से दिलीप देव पटेल को जिलाध्यक्ष बनाया है। इनके बारे में बताया जाता है कि उनका पिछड़ी जातियों में काफी पकड़ है। साथ ही उनका पार्टी संगठन में काम करने का लंबा अनुभव भी है। इस जिले में पिछड़ी जातियों की आबादी करीब 40 से 45 प्रतिशत है। इनमें यादव, कुर्मी, निषाद, राजभर और मौर्य आदि जातियों के लोग शामिल हैं।

भाजपा ने दिखाया समावेशी रूख

वहीं, भाजपा ने देवरिया में काली प्रसाद को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने इस जिले में दलित वर्ग को पार्टी का नेतृत्व सौंपकर इस समुदाय को अपने समावेशी रुख का संदेश दिया है। काली प्रसाद भी संगठन में लंबे समय से सक्रिय हैं। देवरिया में अनुमान के अनुसार, अनुसूचित जनजाति (दलित) की आबादी करीब 15-16 प्रतिशत है। यहां सबसे ज्यादा करीब 40 से 45 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्ग की जनसंख्या है। भाजपा ने काली प्रसाद की नियुक्ति सिर्फ जिले के नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के जातीय समीकरण को ध्यान में रखकर की है।

भाजपा से समर्पण को सराहा

बीजेपी ने क्षत्रिय (ठाकुर) समाज के काशीनाथ सिंह को चंदौली का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से नियुक्त पांच जिलाध्यक्षों में वे मात्र एक ऐसे नेता हैं जिनको दोबारा यह पद सौंपा गया है। इसका कारण यह है कि वह लंबे समय से संगठन में सक्रिय एक समर्पित नेता माने जाते हैं। उनकी नियुक्ति के पीछे जिले का कोई जातीय गणित नहीं है, बल्कि क्षत्रिय समुदाय को प्रदेश में प्रतिनिधित्व का मुद्दा है। करीब 85 प्रतिशत हिंदू आबादी वाले चंदौली जिले में भाजपा को काशीनाथ सिंह की क्षमता पर भरोसा है।

अखिलेश यादव के फॉर्मूले की रणनीति किलेबंदी... भाजपा ने पांच जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में स्थानीय नफा-नुकसान के साथ-साथ प्रदेश के जातीय समीकरणों को भी साधने की कोशिश की है। प्रदेश में बड़ी आबादी ओबीसी की है, जिसके दो जिलाध्यक्ष बनाये गये हैं। इसके अलावा सवर्ण समुदाय से तीन जिलाध्यक्ष बनाये गये हैं। सवर्ण समुदाय भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। इसके अलावा एक जिलाध्यक्ष दलित समुदाय से बनाया गया हैं। प्रदेश में दलित समुदाय की बड़ी आबादी है। फिलहाल प्रदेश भाजपा संगठन में अभी काफी बदलाव होने की संभावना जतायी जा रही है। भाजपा खास तौर पर सपा की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की रणनीति के जवाब में अपने राजनीतिक किलेबंदी कर रही है।

चौ. चरण सिंह को लोकदल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

लखनऊ। लोकदल के अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और गांव की आवाज को देश की राजनीति में सम्मान दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। आज भी उनकी सादगी, ईमानदारी और किसान हितों के प्रति संघर्ष देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसानों और ग्रामीण भारत के मुद्दों को फिर से केंद्र में लाने की आवश्यकता है। उनका सपना था कि गांव मजबूत हो, किसान आत्मनिर्भर बने और लोकतंत्र की असली ताकत गांवों तक पहुंचे। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि लोकदल चौधरी चरण सिंह के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और किसानों, युवाओं तथा गरीबों की आवाज को मजबूती से उठाता रहेगा। अंत में लोकदल परिवार की ओर से चौधरी चरण सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।२

संक्षेप

मंदिर स्थापना दिवस पर हुआ भण्डारा

प्रतापगढ़। खजुरी स्थित श्री हनुमान मन्दिर के पचीसवें स्थापना दिवस पर हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं स्थापना दिवस को लेकर सामूहिक श्रीरामचरितमानस पाठ एवं भक्ति संगीत के कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। कार्यक्रम के संयोजक डा0 सर्वेश त्रिपाठी एवं राजेश त्रिपाठी के द्वारा स्थापना दिवस पर संस्कृत विद्वानों को सम्मानित किया गया। वहीं सह संयोजक अधिवक्ता रामकुमार तिवारी व अधिवक्ता अक्षत तिवारी, श्याम तिवारी श्रद्धालुओं की सेवा संगत में जुटे दिखे। इस मौके पर पं0 रमाशंकर शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश, इं. सुनील पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, बलराम शुक्ल, अरूण तिवारी, रमाशंकर तिवारी, इं. राकेश त्रिपाठी, अंकिता, अक्षत, अनुपम आदि रहे।

युवती के लापता होने पर अपहरण का केस दर्ज

प्रतापगढ़। युवती के लापता होने को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस मई को दोपहर करीब एक बजे उसकी अठारह वर्षीया पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गयी। खोजबीन के दौरान अटठाईस मई को पीड़ित परिवार को जानकारी हुई कि पूरे आधार पिंडारिया गांव निवासी आकाश पुत्र भगत सरोज शादी का झांसा देकर पीड़िता की पुत्री को लेकर कहीं चला गया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

दुर्घटना में अधेड़ की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। पड़ोसी जिले में सड़क दुर्घटना में गुरूवार की सुबह अधेड़ की मौत होने से यहां परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के भटनी निवासी कल्लू माली 52 बाइक से सलोन गये थे। सुबह करीब साढ़े आठ बजे सलोन कोतवाली के गोपालपुर अनंतपुर चौराहे पर बेकाबू टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में भटनी निवासी कल्लू तथा सलोन कोतवाली के नूरूददीनपुर निवासी मंजीत यादव 38 व लालगंज कोतवाली के बहादुरपुर निवासी रामप्यारे 40 गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। घायलों को इलाज के लिए रायबरेली एम्स पहुंचाया गया। एम्स पहुंचने पर घायल कल्लू माली की मौत हो गयी। कल्लू की मौत की जानकारी घर पहुंची तब यहां परिजनों में कोहराम मच गया।

भंडारे में उमड़े श्रद्धालु ग्रहण किया प्रसाद

प्रतापगढ़। रानीगंज कैथौला के समीप जगन्नाथपुर में दस दिवसीय श्रीशिवमहापुराण कथा को लेकर शुक्रवार को हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया। कथा के संयोजक गायत्री प्रसाद तिवारी, यादवेन्द्र तिवारी भोला, शिवेन्द्र तिवारी के संयोजन में कथाव्यास आनंदाश्रम जी महराज का अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं भण्डारे के आयोजन में श्रीहरि संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। इस मौके पर प्रधान शांती सिंह, ज्ञानपाल तिवारी, भूपेन्द्र तिवारी काजू, पप्पू तिवारी, राजेशचंद्र तिवारी, अनिल महेश, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र, विनोद सिंह आदि रहे।

14 सड़कों से बदलेगी गांवों की तस्वीर : विधायक

पूर्वांचल निधि योजना से ग्रामीण अंचलों को मिली नयी गति

श्रावस्ती। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई चेतना जागृत करते हुए जनप्रिय विधायक रामफेरन पाण्डेय ने संतुलित क्षेत्रीय विकास पूर्वांचल निधि योजना के अंतर्गत 14 पक्की सड़कों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस महत्वपूर्ण पहल से गांवों में आवागमन सुगम होने के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा मिलेगी।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण देखने को मिला। ग्रामीणों ने वर्षों से जर्जर एवं कच्चे मार्गों की समस्या से मुक्ति मिलने की उम्मीद जताई। विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़कें केवल रास्ते नहीं होतीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और समृद्धि का आधार बनती हैं।

उन्होंने बताया कि ग्राम शिवाजोत के मजरा बैजपुर, सोनराई, गहिला से साई पुरवा संपर्क मार्ग, मनोहरपुर के मटखनवा से गोसाई पुरवा मार्ग, मालौना खसियारी से खौरी लौकिहा मार्ग, कौवापुर से धोबहा संपर्क मार्ग तथा भाकला नदी सेतु से बैभी बैदौरा मार्ग सहित कुल 14 संपर्क मार्गों का निर्माण कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त ददौरा क्षेत्र की विभिन्न बसावटों को जोड़ने वाले मार्गों का भी निर्माण होगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

विधायक ने कहा कि बेहतर सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की धुरी होती हैं। सड़क निर्माण से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों को विद्यालय जाने में परेशानी नहीं होगी तथा आपातकालीन सेवाओं का लाभ भी तेजी से मिल सकेगा।

ग्रामीणों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से इन मार्गों के निर्माण की मांग की जा रही थी। अब सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों में नई आशा का संचार हुआ है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यह पहल आने वाले समय में श्रावस्ती के ग्रामीण अंचलों के विकास को नई दिशा और नई पहचान प्रदान करेगी।

जमीन के विवाद में महिला की पिटाई का केस

प्रतापगढ़। जमीन के विवाद में महिला के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के असरही सरैंया गांव की साबिदा पत्नी बशीर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस मई की सुबह करीब साढ़े छः बजे गांव के बब्बू व मुन्ना पुत्रगण अजीज जबरन पीड़िता की नींव के पास खुदाई करने लगे। आरोप है कि पीड़िता के मना करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

40 साल बाद कोर्ट ने चोरी की घटना में दो आरोपियों को सुनाई कारावास व अर्थदण्ड की सजा, हडकंप

प्रतापगढ़। चोरी की घटना में चालीस साल बाद कोर्ट द्वारा दो अभियुक्तों को सजा सुनाए जाने को लेकर गांव में हडकंप मच गया। लालगंज कोतवाली के मालाधार छता गांव में बीते वर्ष 1986 में इक्तीस अगस्त की रात चोरी की घटना हुई थी। पुलिस ने खुलासा करते हुए सात आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में अभियोग पत्र दाखिल किया था। इस मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या तेरह में विचाराधीन थी। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विराटमणि त्रिपाठी ने मुकदमें की गंभीरता को देखते हुए चोरी की घटना में दोष सिद्ध पाए गए दो आरोपियों मालाधार छता निवासी छोटे लाल पुत्र बेनीमाधव व वंशीलाल पुत्र बैजनाथ को पांच-पांच वर्ष के साधारण कारावास तथा दस हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने की सजा सुनाई। कोर्ट ने अर्थदण्ड देय न होने की स्थिति में आरोपियों को तीन तीन माह के अतिरिक्त कारावास के दण्ड भुगताने का फरमान भी जारी किया है। मुकदमें के विचाराधीन होने की स्थिति में आरोपी पुच्चू उर्फ गिरिजाशंकर पुत्र दुखी तथा कालू पुत्र रामसुख, अयोध्या पुत्र जगन्नाथ व मोती लाल पुत्र भगवत तथा दयाराम पुत्र शिवराम की मौत हो गयी। बीती तेईस मई को कोर्ट द्वारा आरोपियों को सजा मिलने की जानकारी होने पर गांव में चर्चा के साथ हडकंप का माहौल बना देखा जा रहा है।

आयुष आपके द्वार शिविर में 102 मरीजों का परीक्षण

जसवंतनगर, इटावा। आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कैस्त गाँव में स्थित धर्मशाला में आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. इंदु सिंह ने 102 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क औषधियां वितरित कीं। साथ ही बदलते मौसम और भीषण गर्मी के चलते फैल रही बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए। शिविर में उल्टी-दस्त, बुखार, सर्दी-जुकाम, पेट दर्द, मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा त्वचा संबंधी रोगों से पीड़ित बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और पुरुष बड़ी संख्या में पहुंचे। चिकित्सकों ने बताया कि तेज धूप, गर्म हवाओं और लू के कारण शरीर में पानी की कमी, थकान, चक्कर आना, पेट संबंधी समस्याएं और कमजोरी जैसी शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे मौसम में लोगों को पर्याप्त पानी पीने, हल्का भोजन करने तथा आयुर्वेदिक एवं पारंपरिक खान-पान अपनाने की सलाह दी गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष विभाग नरेंद्र कुशवाहा ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए लोगों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। योग प्रशिक्षक अनुज यादव ने मरीजों को प्रतिदिन योग करने के फायदे बताए तथा ऑनलाइन योगा क्लास के लिए पंजीकरण भी कराया। इस दौरान यशवंत चतुर्वेदी, ऋषिकांत चतुर्वेदी, राहुल शाक्य, स्टाफ नर्स शोभा दोहरे, वार्डबॉय जिलेदार और चिकित्सालय स्टाफ रोहित सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

दुष्कर्म के आरोपी को गैरजनपद से दबोचा, भेजा जेल

प्रतापगढ़। दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट के मुकदमें में फरार आरोपी को लीलापुर पुलिस ने लखनऊ जिले से दबोचकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा केशवराम को मुखबिरी सूचना मिली कि कोतवाली में दर्ज दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट का आरोपी लखनऊ जिले में मौजूद है। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी रायबरेली जिले के पहाड़पुर थाना महराजगंज निवासी शिवबाबू पुत्र समर बहादुर को लखनऊ जिले के मोहनलालगंज थाना अन्तर्गत ग्राम मेंहदौली हुलासखेड़ा कनकहा से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी को गंभीर धारा में दर्ज आपराधिक मुकदमें में पूछताछ के बाद गुरूवार को जेल भेज दिया।

शहर में 24 घंटे ग्रामीणों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये : ऊर्जा राज्यमंत्री

जिला संवाददाता (vol)

इटावा। ऊर्जा राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं, विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापन, उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण एवं प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि विभाग को प्राप्त 71 लाख रुपये की धनराशि में से 56 लाख रुपये के कार्य पूर्ण कराए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि 183 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में कम हैं। साथ ही बताया गया कि शहरों में 24 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है तथा शहरों में 24 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे के भीतर क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को बदले जाने की व्यवस्था है। मंत्री ने निर्देशित किया कि ओवरलोडिंग की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए तथा आवश्यकता अनुसार विद्युत भार बढ़ाकर उपकेंद्रों पर दबाव कम किया जाए। उन्होंने सभी ओवरलोड उपकेंद्रों की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र दुरुस्त करने तथा बार-बार क्षतिग्रस्त होने वाले ट्रांसफार्मरों के कारणों का विश्लेषण कर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर जलने की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए अधिकारियों को सक्रिय एवं उत्तरदायी भूमिका निभानी होगी। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, अधीक्षण अभियंता ऋषभ देव, अधिशासी अभियंता विद्युत हनुमान प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत धर्मेन्द्र सोनी, विद्युत वितरण खंड सैफई कृष्ण कुमार, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा प्रिया शर्मा सहित विद्युत विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी में आपूर्ति व्यवस्था का लचर प्रबंधन सरकार की नाकामी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के भयावह संकट को देखते हुए प्रदेश सरकार से केन्द्र से अनुरोध कर वित्तीय मदद के जरिए फौरन बिजली क्रय किये जाने पर जोर दिया है। उन्होने कहा कि अदूरदर्शिता तथा लचर व्यवस्था के कारण इस समय प्रतापगढ़ समेत पूरा प्रदेश भीषण गर्मी में पर्याप्त बिजली आपूर्ति न होने से परेशान है। शुक्रवार को रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी ने ननौती तथा रेहुआ लालगंज व मंगापुर एवं सांगीपुर के साथ लालगंज में कार्यकताओं तथा जनता से संवाद के जरिए कहा कि सरकार द्वारा वर्टिकल सिस्टम लागू करने से हुई संविदा कर्मचारियों कम संख्या के चलते विद्युत फाल्ट ठीक होने में अधिक समय लग रहा है। प्रदेश में विद्युत आपूर्ति को लेकर व्यवस्था की बदहाली के बाबत उन्होनें बताया कि बीती पचीस मई को स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को अलग अलग लिखे पत्र में गृह जनपद प्रतापगढ़ समेत पूरे प्रदेश में मांग के अनुरूप बिजली पैदा न होने से उत्पन्न आपूर्ति के संकट के बाबत कारगर सुझाव सरकार को सौंपा गया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने लोगों को पत्र के बाबत जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में एक सौ बत्तीस केवीए क्षमता के विद्युत उपकेन्द्रों की छः करोड़ पचीस लाख छिहत्तर हजार किलोवाट विद्युत आपूर्ति की क्षमता है। उन्होने कहा कि इसके विपरीत पंजीकृत उपभोक्ताओं द्वारा लिया गया लोड आठ करोड़ सत्तावन लाख किलोवॉट है। सांसद प्रमोद तिवारी ने सरकार से कहा है कि उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकृत लोड के अनुरूप विद्युत आपूर्ति की क्षमता विकसित नही है। उन्होने कहा कि ऐसे में यदि प्रदेश के उपभोक्ता अपना पंजीकृत लोड इस्तेमाल करें तब विद्युत उपकेन्द्र उनकी मांग के अनुरूप आपूर्ति करने में सक्षम नही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इसके अतिरिक्त इस भीषण गर्मी में विद्युत की मांग पंजीकृत लोड से अधिक स्वाभाविक रूप से बढ़ गया है। उन्होने कहा कि चिंताजनक यह है कि सरकार द्वारा लखनऊ, कानपुर, मेरठ जैसे महानगरों में वर्टिकल सिस्टम लागू करने से संविदा कर्मचारियों की संख्या कम कर दी गयी है। उन्होने कहा कि लगभग बीस हजार से अधिक इन कर्मियों की संख्या कम होने से फाल्ट ठीक होने में भी अधिक समय लग रहा है। सरकार का यह दावा पूरी तरह निराधार है कि पर्याप्त मेगावाट की बिजली आपूर्ति हो रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने तंज कसा कि आपूर्ति के दावे विद्युत उपकेन्द्रों पर पुलिस बल की तैनाती में स्वतः कलई खोल रहा है। प्रमोद तिवारी ने कहा इधर डीजल व पेट्रोल के दाम बढ़ने से जनरेटर भी न चला पाने के कारण लोगों के सामने संकट और गहरा गया है। उन्होने कहा कि सरकार विद्युत परियोजनाओं को पूरी क्षमता के साथ संचालित करते हुए हर कीमत पर बिजली उत्पादन बढ़ाये। सांसद प्रमोद तिवारी ने सरकार को सुझाव दिया कि पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश की स्थिति को देखते हुए वहां बिजली की मांग कम होने की स्थिति में वहां से बिजली खरीदकर आपूर्ति बढ़ायी जाय। उन्होने प्रदेश में वर्टिकल व्यवस्था को समाप्त करने के साथ संविदाकर्मियों की बहाली एवं स्वीकृत पदों के सापेक्ष अविलम्ब भर्ती पर भी जोर दिया है। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में अधिमास के मेले से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। बाबा धाम में पुरूषोत्तम माह तक निर्बाध आपूर्ति के प्रबन्धों को लेकर श्रद्धालु सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना के प्रयासों की सराहना करते भी दिखे। ननौती तथा सांगीपुर व लालगंज में पार्टी कार्यकताओं द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण कर स्वागत भी हुआ दिखा। उन्होने क्षेत्र के बड़हुआं, पूरे भूसू, मदनगढ़ बेलहा, रामपुर, सराय संग्राम सिंह में भी लोगों से मुलाकात कर विधायक मोना द्वारा संचालित विकास योजनाओं के पूरा होने में सहयोग मांगा।

डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं अधिकारियों को दिये निस्तारण के निर्देश

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में आमजन की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। जनता दर्शन के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई कर समयबद्ध ढंग से निस्तारण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में स्वयं जनसुनवाई करें तथा प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें।

पीएनबी शाखा बांसी में उत्कृष्ट सेवा का नया आयाम

- शाखा प्रबंधक मनमोहन व हेड कैशियर जय प्रकाश की कार्यशैली की हो रही सराहना

बांसी, सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर के बांसी स्थित ढ४ल्लु ठं३्नल्लं' इल्ल' (पीएनबी) शाखा में बैंक उपभोक्ताओं को बेहतर एवं त्वरित सेवा उपलब्ध कराने में शाखा प्रबंधक मनमोहन के नेतृत्व तथा हेड कैशियर जय प्रकाश की कार्यकुशलता की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। सरल स्वभाव, विनम्र व्यवहार और उत्कृष्ट कार्य क्षमता के धनी हेड कैशियर जय प्रकाश अपने अथक प्रयासों से बैंक उपभोक्ताओं को जमा-निकासी सहित विभिन्न बैंकिंग सेवाओं का लाभ सहज एवं सुगमता से उपलब्ध करा रहे हैं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि पीएनबी शाखा बांसी में सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सुविधाओं एवं खातों से संबंधित आवश्यक जानकारियां बेहद सरल तरीके से उपलब्ध कराई जाती हैं। विशेष रूप से हेड कैशियर जय प्रकाश द्वारा बैंक से जुड़े उपभोक्ताओं को समय-समय पर उचित सलाह देते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाता है, जिससे ग्राहकों को काफी राहत मिल रही है। शाखा प्रबंधक मनमोहन के निर्देशन में बैंक कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं के हितों को सर्वोपरि रखते हुए जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा रहा है। इसी क्रम में हेड कैशियर जय प्रकाश द्वारा ग्राहकों को उनकी सुविधा अनुसार रुपये जमा करने एवं

भुगतान कराने में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। इतना ही नहीं, वे समय एवं परिस्थिति के अनुसार मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए जरूरतमंदों की सहायता के लिए भी सदैव तत्पर रहते हैं, जिसकी ग्राहकों द्वारा खुलकर प्रशंसा की जा रही है।

वहीं पीएनबी शाखा बांसी में हाल इंचार्ज सतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव भी पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए बैंक उपभोक्ताओं को विनम्र एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में बैंकिंग सुविधाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

शाखा प्रबंधक मनमोहन के कुशल नेतृत्व में हेड कैशियर जय प्रकाश, सीनियर ऑफिसर मुकेश कुमार, सतेन्द्र श्रीवास्तव एवं आयुष मणि द्वारा बुजुर्ग उपभोक्ताओं के लिए जमा-निकासी एवं डोर स्टेप बैंकिंग जैसी सुविधाओं को बेहतर तरीके से संचालित किया जा रहा है। बैंक की इस जनहितकारी व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है तथा क्षेत्रवासियों द्वारा पीएनबी शाखा बांसी की कार्यशैली की प्रशंसा भी की जा रही है।

कुर्बानी के त्यौहार पर अदा हुई नमाज, दी गयी मुबारकबाद

प्रतापगढ़। लालगंज इलाके मे गुरूवार को बकरीद के त्यौहार पर नमाज अदा की गयी। वहीं लोगों ने ईदगाहो पर एक दूसरे को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद सौंपी। ईद उल अजहा के त्यौहार पर अकीदतमंदो ने परवर दिगारे आलम से मुल्क एवं समाज की भलाई की मजबूती तथा बुराई से दूर रहने के लिए कुबार्नी को याद किया। इलाके के नगर पंचायत क्षेत्र की बाजार खास मस्जिद, खाना पटटी ईदगाह, खालसा सादात तथा अझारा मे ईद उल अजहा के त्यौहार पर नगर पंचायत की तरफ से भी बेहतरीन इंतजामात देखा गया। नगर पंचायत द्वारा ईदगाहो पर साफ सफाई के प्रबन्ध के अलावा मिठाई व पीने के पानी की भी नमाजियो के लिए व्यवस्था कर रखी थी। ईओ इन्द्र प्रताप को प्रबन्धों की देखरेख में मशक्कत करते देखा गया। वहीं त्यौहार को लेकर पुलिस व प्रशासन को भी सुबह से मुस्तैद देखा गया। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय ने भी लालगंज क्षेत्र में भ्रमण कर कानून और व्यवस्था के प्रबन्धों का जायजा लिया। तहसीलदार गरिमा वर्मा ने राजस्वकर्मियों के साथ लालगंज क्षेत्र में भ्रमण किया। वहीं सीओ आशुतोष मिश्र तथा लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने संयुक्त भ्रमण कर खानापटटी, खालसा सादात, रानीगंज कैथौला आदि इलाकों मे त्यौहार के प्रबन्धो की देखरेख की।

आम तोड़ने के विवाद में महिला को पीटा, केस दर्ज

प्रतापगढ़। आम तोड़ने के विवाद को लेकर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए महिला को जमकर मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। लालगंज कोतवाली के मधुकरपुर भटपुरवा गांव की सुन्दरा देवी पत्नी राजाराम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती अटठाईस मई को सुबह करीब सात बजे दरवाजे पर लगे पेड़ से मधुकरपुर निवासी कलेशर व रामलाल पुत्रगण शिवमंगल, आदित्य पुत्र कलेशर, विपिन पुत्र रामलाल व रामलाल की पत्नी कृष्णा देवी तथा कलेशर की पत्नी मिथलेश देवी एवं पुत्री डिंपल जबरन आम तोडने लगे। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद सात आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

लूट की घटना में संग्रामगढ़ पुलिस के हाथ खाली, सदमें में पीड़ित परिवार

प्रतापगढ़। लूट की घटना में संग्रामगढ़ पुलिस द्वारा ढुलमुल रवैये को लेकर पीड़ित व उसका परिवार सहमा हुआ है। बीती बीस मई की रात बदमाशों ने भोर में चार बजे तमंचे की नोंक पर घर के अंदर घुसकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। संग्रामगढ थाना के धना का पुरवा में गांव के अरविंद सरोज पुत्र शंकरलाल के घर अज्ञात बदमाश बाइक से पहुंचे। बदमाशों ने घर के अंदर घुसकर तमंचे की नोंक पर लूटपाट किया। पीड़ित अरविंद के मुताबिक वह ईंट भटठे पर काम के सिलसिले में तैयार होने के लिए सुबह उठा और टैज्क्टर लाने जा रहा था। इस बीच घर का दरवाजा खुला देखकर वह अचरज में पड़ गया। पीड़ित के मुताबिक कुछ दूर पर बाइक सवार एक व्यक्ति खड़ा था और दूसरा बदमाश उसके घर में घुसा था। पत्नी सीमा सरोज 32 को बदमाश ने तमंचे की नोंक पर धमकाया और घर की कुण्डी खोलकर अंदर घुस गया। बदमाशों ने सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पहचान छिपाने के लिए बदमाशों ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था और तमंचे से परिवार के सदस्यों को भयभीत भी किया था। पीड़ित द्वारा लूटपाट की घटना की सूचना अगले दिन संग्रामगढ़ पुलिस को दी गयी। इसके बावजूद संग्रामगढ़ पुलिस ने अभी तक न तो घटना का खुलासा कर सकी है और न ही वह घटना को लेकर विधिक कार्रवाई अंजाम दे सकी है। इससे पीड़ित परिवार सदमें में बताया जाता है।

जेतवन विपश्यना ध्यान केंद्र में बाल शिविर शुरू

कटरा, श्रावस्ती। जेतवन विपश्यना ध्यान केंद्र में तीन दिवसीय बाल शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से आए 109 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें 54 बालक और 55 बालिकाएं शामिल हैं। शिविर का संचालन केंद्र आचार्या श्रीमती पुष्पा सिंह के मार्गदर्शन में बाल शिविर शिक्षक पवन सिंह एवं अंजू गौतम द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान सिविल संचालक पवन सिंह ने बच्चों को अनापान ध्यान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह श्वास के प्रति सजगता की एक सरल तकनीक है, जो मन को शांत और एकाग्र बनाती है। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास से तनाव और चिंता कम होती है, याददाश्त और कार्यक्षमता बढ़ती है तथा व्यक्ति वर्तमान में जीना सीखता है। उन्होंने बताया कि अनापान ध्यान से एकाग्रता में वृद्धि होती है, मन का भटकाव कम होता है और पढ़ाई या कार्य में ध्यान लगाना आसान हो जाता है। साथ ही यह तनाव और चिंता को दूर करने में भी सहायक है। ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति अपनी भावनाओं पर नियंत्रण करना सीखता है, जिससे गुस्सा, डर और घबराहट जैसी नकारात्मक भावनाओं को संभालने में मदद मिलती है। इस अवसर पर विपश्यना मैनेजर अविनाश पटेल, ननके प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डॉक्टर से मारपीट, दो अज्ञात के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। चिकित्सक को अज्ञात आरोपियों द्वारा रास्ते में रोक कर गालीगलौज के साथ मारपीट कर चुटहिल किये जाने की घटना को लेकर लालगंज पुलिस ने दो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। सीएचसी में तैनात चिकित्सक डा0 पंकज कुमार मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह सत्ताईस मई को रात करीब सात बजे अझारा स्थित तारा देवी एकेडमी से अपने बच्चे को लेकर वापस आ रहे थे। इस बीच शीतलमऊ के पास वह अपनी कार खड़ी कर रहे थे इतने में दो अज्ञात आरोपी गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने चिकित्सक को जबरिया बाहर निकाल कर मारापीटा। शोर मचाने पर राहगीरों के जुटने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एसपी का निर्देश जनसमस्याओं का हो त्वरित निस्तारण

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने जमीनी विवाद, मारपीट, साइबर फ्रॉड, रुपए के लेनदेन तथा अन्य मामलों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मामलों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है तथा किसी भी शिकायत में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर त्वरित न्याय एवं जनविश्वास को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

संक्षेप

बकरीद की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

मेरठ। जनपद में आज ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्यौहार शांति एवं आपसी सौहार्द के वातावरण में मनाया गया। शाही ईदगाह पर अकीकतमंदो ने ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एडीजी भानु भास्कर, जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह एवं एसएसपी अविनाश पांडे ने सडकों पर रहकर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। एडीजी, डीएम व एसएसपी ने सभी को ईद की बधाई दी। इस अवसर पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

हर्ष फायरिंग आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

इटावा। शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान व्यक्ति को घायल करने वाले 2 वांछित अभियुक्त पुलिस ने गिरफ्तार। कब्जे से एक लाइसेंसी पिस्टल बोर तथा मूल शस्त्र लाइसेंस बरामद। क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना चैबिया पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निदेर्शों 29 मई को थाना चैबिया पुलिस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मूंज में हर्ष फायरिंग की घटना कारित करने वाले दो वांछित अभियुक्त रैपुरा भट्टा तिराहा पर ग्राम मूंज की तरफ जाने वाले रोड पर कही जाने की फिराक मे खडे है जिसके पास असलहा भी हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा 2 व्यक्तियों को रैपुरा भट्टा तिराहा पर ग्राम मूंज की तरफ जाने वाले रोड से पकड लिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष चैबिया महेन्द्र सिंह, उ.नि. पीर मुहम्मद रहे। पुलिस ने रमन कुमार पुत्र स्व. मान सिंह निवासी ग्राम मूंज थाना चैबिया, अंशुल पुत्र कमलेश निवासी ग्राम कंचन पार्क थाना लोनी देहात जिला गाजियाबाद को गिरफ्तार किया।

3 दिन से फुंका पड़ा ट्रांसफार्मर

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम तमेरा में 10 केवीए का विजली ट्रांसफार्मर खराब होने से पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। इससे सैकड़ों ग्रामीण भीषण गर्मी और पेयजल संकट से जूझने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने विजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

पीपीए का अधिवेशन आज

बांसगांव, गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसो.ऑफ इंडिया हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 30 मई को संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन करने जा रहा है। अधिवेशन में विचार गोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह प्रमुख कार्यक्रम रहेगा। उक्त जानकारी पीपीए के संयोजक जेपी गुप्ता एडवोकेट व सह संयोजक महेन्द्र प्रताप सिंह ने दी। उन्होने बताया कि पूर्वांचल पत्रकार एसो.पत्रकारिता के मूल सच, साहष व संघर्ष के सिद्धांत पर काम करती है।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री नेहा मिश्रा ने अपनी मर्जी से किसी अन्य समुदाय के लड़के से विवाह कर लिया है। जिससे मैं काफी क्षुब्ध हूं। इस कारण मैं उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके व उसके पति द्वारा किए गए किसी भी अपराधिकृत व लेनदेन से मेरे परिवार का कोई सरोकार न होगा। **राजीव कुमार मिश्र पुत्र स्व. बजरंग मिश्र नि.- 1/1084 सेक्टर-जे, जानकीपुरम, लखनऊ।**

सूचना

सर्वविदित हो मेरे बैनामा दिनांक - 28.11.1984 उपनिबन्धक- लखनऊ. जो मेरे पिता जी स्व. अवधेश कुमार श्रीवास्तव के नाम पर पंजीकृत है जिसकी मूल प्रति से प्रष्ट सं.- 2,3,4 की मूल प्रति मेरे द्वारा दिनांक 25.05.2026 को मेरे घर राजाजीपुरम से गोमतीनगर के बीच कहीं पर गिर गयी जिसकी सूचना मेरे द्वारा अभिषेक कुमार श्रीवास्तव उ.प्र. वस्तु का अभिलेख खोने की रिपोर्ट में दिनांक 29.05.2026 को दर्ज कर दिया गया है, जिसका एल.ए.आर. नं. 20260000504546 है, उपरोक्त लेख का उपयोग मेरे अभिषेक कुमार श्रीवास्तव व अखिलेश कुमार श्रीवास्तव के अलावा और कोई व्यक्ति करता है तो वह विधि विरूद्ध होगा। अपनी उक्त बैनामा से प्राप्त सम्पत्ति को बंधक रखकर गृह ऋण सारथी फाइनेन्स एण्ड क्रेडिट प्रा.लि. से लिया जा रहा है। यह प्रकाशन इस आशय जारी किया गया है कि उपरोक्त भवन/प्लॉट में या किसी व्यक्ति अथवा अन्य का दावा आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर नीचे दिये गये पते व मोबाईल पर दस्तावेजी सबूत के साथ आपत्ति दर्ज करा सकते है। अभिषेक कुमार श्रीवास्तव व अखिलेश कुमार श्रीवास्तव पुत्रगण स्व. अवधेश कुमार श्रीवास्तव निवासी-ई/2113, राजाजीपुरम, लखनऊ। मो.नं.-9415755065

जितेन्द्र कुमार एडवोकेट हाईकोर्ट लखनऊ मो.नं.-9451861797

योगी सरकार में बाढ़ सुरक्षा प्रबंध को मिल रही मजबूती

पांच दशक पुराने रेग्युलेटर के स्थान पर नये रेग्युलेटर स्थापित

- हार्बर्ट तटबंध पर 8 रेग्युलेटर बन कर तैयार, ट्रेस रैक भी लगाया जायेगा

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर राप्ती नदी की बाढ़ से महानगर को सुरक्षित करने और शहरवासियों को वैकल्पिक यातायात मार्ग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हार्बर्ट तटबंध को फोरलेन में विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। वहीं, सिंचाई विभाग ने पांच दशक पुराने रेग्युलेटरों की जगह 30.28 करोड़ रुपये की लागत से नए रेग्युलेटर बना दिए है।

गोरखपुर में राप्ती नदी के बाएं तट पर ब्रिटिश काल में बने 3.9 किलोमीटर लंबे हाबर्ट तटबंध का चौड़ीकरण किया जा रहा है। पहले इस तटबंध के शीर्ष की चौड़ाई सात मीटर थी, जिसे लोक निर्माण विभाग द्वारा फोरलेन सड़क के रूप में विकसित करते हुए 25 मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है। दूसरी ओर इस तटबंध पर सिंचाई विभाग ने पुराने रेग्युलेटरों की जगह नए रेग्युलेटरों का पुनर्निर्माण करा दिया है। ड्रेनेज खंड (सिंचाई विभाग) के अधिशासी अभियंता आनंद गौतम के अनुसार बाक्स ड्रेन बना कर हाबर्ट बांध फोरलेन पर नए सिरे से रेग्युलेटर का निर्माण किया गया है। इस परियोजना से बारिश और बाढ़ के दौरान जलनिकासी की समस्या से शहर को बड़ी राहत मिलेगी और बाढ़ सुरक्षा व्यवस्था भी पहले से अधिक मजबूत होगी। रेग्युलेटर के गेट सिंचाई विभाग के कार्यशाला खंड की तरफ से लगाए गए हैं। आठों रेग्युलेटरों के नालों पर आधुनिक 'ट्रेस रैक' भी लगाए जाएंगे। मजबूत लोहे की जालियों वाले ट्रेस रैक लग जाने से ठोस कचरा सीधे नदी में नहीं जा पाएगा। नालों के रास्ते बहकर आने वाले मृत पशु भी ट्रेस रैक पर ही रुक जाएंगे। इससे नदी को प्रदूषित होने से भी बचाया जा सकेगा।

इन आठ रेग्युलेटर का नए सिरे से हुआ निर्माण : डोमिनगढ़, बहरामपुर, इलाहीबाग, मिजार्पुर, बसंतपुर नरकटिया, घसियारी, हांसुपुर राजघाट और ट्रांसपोर्टनगर स्थित सभी आठ रेग्युलेटरों का सिविल कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही रेग्युलेटर पर गेट लगाने का यांत्रिक कार्य भी करा लिया गया है।

चरण सिंह ने सिद्धांतों, ईमानदारी व नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च स्थान दिया

मेरठ। पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी की पुण्य तिथि के अवसर पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का सम्पूर्ण जीवन किसानों, ग्रामीण समाज तथा देश के समग्र विकास को समर्पित रहा। उन्होंने सदैव किसानों के अधिकारों की आवाज बुलंद की और भारतीय कृषि व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। चरण सिंह ने राजनीति में सिद्धांतों, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च स्थान दिया तथा कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी का व्यक्तित्व युवाओं एवं समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका जीवन हमें सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा का संदेश देता है। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी उनके विचारों एवं आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी ने किसानों की समस्याओं को न केवल समझा, बल्कि उनके समाधान के लिए ठोस नीतियां बनाईं। देश की अर्थव्यवस्था में किसानों की भूमिका को उन्होंने सदैव महत्वपूर्ण माना। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर कुलसचिव डा. अनिल कुमार यादव, वित्त अधिकारी रमेश चंद्र, परीक्षा नियंत्रक अजय कुमार यादव, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह, साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद की अध्यक्ष प्रो. नीलू जैन गुप्ता, समन्वयक प्रो. कृष्णकांत शर्मा, प्रोफेसर आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

शिद्दत से मनाया गया ईद-उल-जुहा का पर्व

पिपरौली, गोरखपुर। कस्बा पिपरौली बाजार में बृहस्पतिवार को ईद-उल-जुहा (बकरीद) का पर्व पूरे धार्मिक उत्साह और शिद्दत के साथ मनाया गया। सुबह पिपरौली के कर्बला स्थित ईदगाह परिसर में बच्चों, बुजुर्गों और नौजवानों ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की तथा देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद, प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। एहतियातन सहजनवां तहसील के नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, गीडा क्षेत्राधिकारी योगेंद्र सिंह तथा गीडा थाना प्रभारी अश्विनी कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक, मुफ्ती शब्बीर अहमद कादरी, हाफिज सकलैन, हाफिज अब्दुल मावूद, हाफिज इरशाद, अजीज अहमद, अज्जू, मुहम्मद सैफ, आलम, नईम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

शांति और भाईचारे के माहौल में मनाया गया ईद उल अजहा का त्योहार

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा के जामा मस्जिद, भोपा बाजार स्थित ईदगाह सहित झंगहा क्षेत्र के तमाम जगहों पर जगहों पर ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। शनिवार को चौरीचौरा व झंगहा क्षेत्र में ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही क्षेत्र की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। नमाज के दौरान लोगों ने देश और समाज में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। घरों में पकवान बनाए गए और लोगों ने एक-दूसरे के यहां पहुंचकर खुशियां साझा कीं। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चौरीचौरा व झगहा पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। क्षेत्र के प्रमुख स्थानों, मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। लोगों ने बताया कि ईद उल अजहा का त्योहार, जिसे बकरीद के नाम से भी जाना जाता है, त्याग और कुबार्नी का प्रतीक पर्व माना जाता है। इस दिन हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम द्वारा अल्लाह के हुक्म पर अपनी सबसे प्रिय वस्तु की कुबार्नी देने की भावना को याद किया जाता है। यह पर्व लोगों को त्याग, सेवा, इंसानियत और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। चौरीचौरा जामा मस्जिद पर नमाज के समय नगर अध्यक्ष सन्नी जायसवाल, पूर्व चेयरमैन जेपी गुप्ता, सभासद मुन्ना भूज, पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। गले मिलकर लोगों ने बकरीद की बधाइयां दी।

हिंदी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

गोरखपुर। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 30 एवं 31 मई 2026 को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के तृतीय तल स्थित वातानुकूलित सभागार में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ह्ल200 वर्ष हिंदी पत्रकारिताः विरासत, संघर्ष और भविष्यह्व विषय पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। 30 मई को आयोजित संगोष्ठी में ह्लआधुनिक युग में हिंदी पत्रकारिताह्व विषय पर विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसमें बदलते मीडिया परिदृश्य, डिजिटल दौर की चुनौतियां और जनसरोकार से जुड़ी पत्रकारिता की भूमिका पर मंथन होगा। वहीं 31 मई को हिंदी पत्रकारिता की 200 वर्षों की यात्रा, उसके संघर्ष, उपलब्धियां और भविष्य की दिशा पर गहन चर्चा होगी। 30 मई को दोपहर 1:00 बजे से तथा 31 मई को अपराह्न 12:30 बजे से प्रारंभ होगा। दोनों ही दिनों में पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों और मीडिया से जुड़े लोगों की सहभागिता रहेगी, जिससे यह आयोजन एक सार्थक संवाद का मंच बनेगा।

गोरखपुर में 'साई' का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोलने की तैयारी

- सीएम योगी के निर्देश के बाद खेल विभाग और जीडीए ने कसी कमर

गोरखपुर। गोरखपुर में स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (साई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, रोइंग की अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ट्रेनिंग के लिए रामगढ़ताल के समीप वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खुलेगा। रोइंग स्पोर्ट्स के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले निर्देश के बाद खेल विभाग और वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का अनुरक्षण करने वाले गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने कमर कस ली है।

बीते तीन साल में रामगढ़ताल और वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए पसंदीदा प्लेटफार्म के रूप में उभरा है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स सहित यहां रोइंग की चार राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक आयोजित हो चुकी हैं।

इनमें से दो प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने और पुरस्कार वितरण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे थे। मुख्यमंत्री का मानना है कि वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बन जाने से रामगढ़ताल में वाटर स्पोर्ट्स का हब बनने की भरपूर संभवनाएं हैं।

रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर रामगढ़ताल व वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ह्यसेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोइंगह्ण बनवाना चाहता है। रोइंग फेडरेशन आफ इंडिया के अध्यक्ष एम. बालाजी मरडप्पा का मानना है रोइंग स्पोर्ट्स में साई के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए गोरखपुर ह्यफर्स्ट चॉइसह्ण है। बालाजी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामगढ़ताल का कायाकल्प कराने के साथ इसके समीप ही वर्ल्ड क्लास वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनवाकर उत्तर प्रदेश में रोइंग के क्षेत्र में संभावनाओं को काफी बढ़ावा दिया है।

रोइंग फेडरेशन आफ इंडिया और यूपी रोइंग एसो. के पदाधिकारियों ने पिछले दिनों रामगढ़ताल में आयोजित जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनवाने की चर्चा की थी। इसके बाद सीएम योगी के निर्देश पर खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, खेल विभाग के सचिव सुहास एलवाई, खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, जीडीए उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल और रोइंग फेडरेशन/एसो. के पदाधिकारियों ने वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का जायजा लेकर साई के सेंटर के लिए जरूरी मानकों की व्यवस्था करने पर मंथन किया था। इस संबंध में जीडीए उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल का कहना है कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए जितने भी स्पेस और जिन मानकों के अनुरूप जिम्नेजियम, कैफेटेरिया, डॉक्टर्स रूम, डॉरमेट्री आदि व्यवस्थाओं की आवश्यकता होगी, उसे पूरा करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोइंग के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए जीडीए अपनी भूमिका का तत्परता से निर्वहन करने के लिए तैयार है। वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में साई की तरफ से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बन जाने के बाद खिलाड़ियों को गोरखपुर में ही अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रतियोगिताओं की तैयारी होने लगेगी। यूपी रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा के अनुसार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में साई की तरफ से प्रशिक्षकों (कोच) की तैनाती की जाती है।

प्रदेश में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण

इटावा। देश की सत्ता पर नरेंद्र मोदी को काबिज हुए 12 साल पूरे हो गए हैं। नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश व प्रदेश में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के अभियान चलाया जाएगा। भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के अभियान जिला कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला कल्याण बोर्ड अध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने अपने समापन उद्बोधन में कहा कि गर्मी का मौसम चल रहा साथ ही साथ नौतपा शुरू हो चुके है इसलिये गर्मी का बचाव करते हुए पार्टी के अभियान

को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरे जी-जान से जुट जाएँ। संचालन जिलाउपाध्यक्ष बासु चैधरी ने किया। कार्यशाला में अमित तिवारी, विरला शाक्य, संजीव भदौरिया, यशवर्धन चैधरी, जिला मंत्री आयुष राज, प्रीति दुबे, अभिषेक मिश्रा, संजू बाबू शाक्य, जितेंद्र पाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, समीर सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, अंकित सैनी उपस्थित रहीं।

ईद उल अजहा की नमाज में मांगी अमनचैन की दुआ

इटावा। ईद उल अजहा बकरीद का पर्व शहर में परम्परागत तरीके से आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। हजारो लोगों ने ईदगाह सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों मे बकरीद की नमाज अदा कर मुल्क में आपसी भाईचारे और अमनचैन की दुआ की। सुन्नी समाज की ईदगाह में ईद उल अजहा बकरीद की नमाज दो शिफ्टों में अदा हुई। पहली शिफ्ट में पेश इमाम ईदगाह मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी और दूसरी शिफ्ट में मौलाना फरहान बरकाती ने नमाज अदा कराई। बकरीद की नमाज ईदगाह परिसर के अंदर हुई और शासन प्रशासन की दी गई गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन किया गया। इस दौरान मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी ने मुल्क में अमनचैन की दुआ करते हुए सभी लोगों से मिलजुल कर बकरीद मनाने की अपील की। ईदगाह में नमाज की व्यवस्था सेकेट्री डॉ. मो.अफजाल, कोषाध्यक्ष अब्दुल हन्नान मंसूरी चांद द्वारा की गई। डीएम, एसएसपी सहित अन्य अफसरों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज को ईद उल अजहा की बधाई दी। कचहरी मस्जिद में व्यवस्थापक आदिल अख्तर की देखरेख, अली कालोनी बाह अड्डा मस्जिद में मुतवल्ली हाजी गुडडू मंसूरी की देखरेख में बकरीद की नमाज हुई। इसके अलावा शाही मस्जिद, सिंग्नल वाली मस्जिद, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद पचराहा, मजिद लालपुरा, मस्जिद शेख जलाल, मस्जिद चैखरकुआं, मस्जिद जिन्नातों वाली, जामा मस्जिद, मस्जिद पक्का तालाब, मस्जिद शाहगदाली, शाही मस्जिद नौरंगाबाद, मस्जिद गरीब नवाज, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद पंजाबी कब्रिस्तान, मस्जिद मुहम्मदी तकिया आजाद गान, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद पचराहा, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद काली कबरें सहित अनेक मस्जिदों में बकरीद की नमाज हुई। मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतिजाम किये गये। नगर पालिका चेयरमैन ज्योति गुप्ता द्वारा मस्जिदों के आसपास कलई का छिड़काव कराकर सफाई की व्यवस्था की गई। नमाज के उपरांत शहर में कुबार्नी का सिलसिला शुरू हुआ। हजारों लोगों ने अल्लाह की राह में कुबार्नी पेश की। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसएसपी ब्रजेश कुमार सहित अन्य अफसरों ने ईदगाह की व्यवस्था पर नजर रखी और मुस्लिम समाज को बकरीद की बधाई दी।

दर्दनाक हादसे में मां बेटी की मौत

ऊसराहार, इटावा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा, बस चालक ने बस को सडक किनारे खडा किया था, मां बेटी बस से उतरकर लघुशंका के लिए गई थी लेकिन रात मे वह दिशा भूल गई और सडक किनारे जाने की जगह बीच डिवायडर पर पहुच गई जंहा पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी और मां-बेटी की मौत हो गई

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर खरगपुर सरैया गांव के पास सुबह करीब चार बजे हुई। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सिद्धार्थनगर से दिल्ली जा रही स्लीपर बस को चालक ने एक्सप्रेसवे पर यात्रियों को टायलेट के लिए खड़ी कर दी। इसी दौरान बस में सवार कुसुम (50) तथा उनकी पुत्री अंजलि (13) निवासी गांव खोजपुर, जनपद सिद्धार्थनगर बस से टायलेट के लिए उतरी और अंधेरा होने से दिशा भूलने पर वह मध्य डिवाइडर की तरफ चलीं गई। तभी पीछे से तेज गति से आ रही कार ने मां बेटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना ऊसराहार पुलिस और एक्सप्रेसवे सुरक्षा टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सैफई पीजीआई भेज दिया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस के अनुसार कार चालक की पहचान हर्ष पांडे निवासी ग्राम दावतपुर, जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है। कार को पुलिस ने एक्सप्रेसवे चैकी कुदरैल खड़ा कराया गया है। थानाध्यक्ष बलराजसिंह भाटी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि यदि बस चालक यात्रियों को किसी टोल प्लाजा अथवा सुरक्षित स्थान पर उतारता तो यह हादसा टाला जा सकता था। अंधेरा अधिक होने से दिशा भूलने हादसा हुआ। दुर्घटना के बावजूद एक्सप्रेसवे पर यातायात सामान्य रूप से संचालित होता रहा है।

रंजिश में चले लाठी-डंडे

पाटन, उन्नाव। पुरानी रंजिश एवं बच्चों की लड़ाई झगडे.को लेकर दो पक्षों मे लाठी डंडे चल गये। जिसमे तीन लोगो को चोटें आई है। शिकायत पर पुलिस ने शांति भंग की कार्यवाही कर तीन लोगों को जेल भेजा। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम बौरीखेड़ा मजरे पनहन में बच्चों की लड़ाई व पुरानी रंजिश को लेकर गुरुवार को दो पक्षो मे लाठी डंडे चल गये। गांव निवासी सीता देवी पत्नी संतोष कुमार गौतम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही विपक्षी श्रीनिवास अपने बेटो संतोष पाल, सतेन्द्र पाल व शिव मंगल के साथ मिलकर मेरे पति, जेठ व बेटे पर लाठी डंडो से हमला कर दिया। जिसमें पति संतोष जेठ राम प्रसाद व बेटा अंकित गम्भीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विपक्षी श्रीनिवास, संतोष पाल व सतेन्द्र पाल के खिलाफ शान्ति भंग की कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0
11-DYCEGA-2026

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- **क्र0 सं0: 1 कार्य का विवरण:** गोरखपुर में महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में 24 माह हेतु इण्डोर एवं उद्यान कार्य हेतु विकसित सजावटी पौधो की आपूर्ति एवं अनुरक्षण का कार्य। **अनुमानित लागत (रु. में) कुल योग :** 1,70,89,141.25/- **बयाने की राशि (रु0 में) :** 3,41,800.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0):** 0.00 **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय :** 24 (माह) कुल योग: 1,70,89,141.25 1. ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 22.06.2026 को 11:00 बजे। 2. ई-निविदा की बिडिंग तिथि 08.06.2026 से 22.06.2026 समय 10.59 बजे तक। 3. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। 4. यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इंजी./ गो0 क्षे.
मुजाधि/डब्लू-133

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

545 वाहनों की टास्क फोर्स ने चेकिंग की

उन्नाव। डीएम घश्याम मीना के निदेर्शों के कम में देर रात्रि में अवैध खनन के लिये बनायी गयी टास्क फोर्स द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर कुल 545 वाहनों चेक किया गया। जिसमें 26 वाहनों को ओवरलोड पाये जाने पर चालान किया गया एवं 17 वाहनों को विभिन्न थानों में निरूद्ध किया गया। उपरोक्त छापेमारी में बिना नम्बर/नम्बर मिटाकर/नम्बर पर कालिख पोत कर छुपाकर चलते हुये 22 वाहनों को चालान किया गया एवं 18 को निरूद्ध किया गया। उपरोक्त छापेमारी में संजीव कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन व मनीष, जिला खनन अधिकारी एवं संबंधित क्षेत्रों के पुलिस बल उपस्थित रहा। ओवरलोडिंग नम्बर छुपाकर एवं बॉडी बढवाकर चलने वालें वाहनों के विरूद्ध निरन्तर उपरोक्त कार्यवाही की जाती रहेंगी।

अकीदत के साथ अदा की ईद-उल-अजहा की नमाज

- मांगी मुल्क के लिए अमन चैन की दुआएं

मौरावां, उन्नाव। ईद उल अजहा (बकरीद) का त्यौहार क्षेत्र में अकीदत और बेहद सादगी व शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस मुबारक मौके पर बड़ी ईदगाह में मुख्य नमाज का आयोजन किया गया। जहां भारी तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र होकर विशेष नमाज अदा की। ईदगाह के मुख्य नमाज काजी जामा मस्जिद इमाम मुफ्ती अख्तर रजा ने ठीक 7:30 बजे मुकम्मल कराई निर्धारित समय से पहले ही ईदगाह नमाजियों से पूरी तरह भर गया। सफेद लिबास और सर पर टोपी पहने बच्चे युवा बुजुर्ग बड़ी संख्या में नमाज के लिए पहुंचे। कस्बा काजी नमाज के बाद खुदबा पढ़ा और ऐतिहासिक ईद उल अजहा धार्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। शहर काजी अख्तर राजा नमाज के बाद कस्बा काजी अख्तर राजा ने हाथ फैला कर

मुल्क की तरक्की अमन चैन खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। उन्होंने कहा हमारा मुल्क गंगा जमुनी तहजीब का प्रतीक है। खुदा से दुआ है कि हमारे देश सदा सुख शांति बनी रहे नफरतें खत्म हो और सभी मजहब के लोग प्रेम और भाईचारा और मजबूत हो। जहां हजारों हाथ देश की सलामती के लिए एक साथ उठे नमाज और दुआ संपन्न होने के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी बुजुर्गों बच्चों व गरीबों को ईदी बांटी और उनके सुनहरे भविष्य की मंगल कामना की। वहीं कई नेता व व्यापारियों समाज सेवी पंडाल लगाकर खाने-पीने की विभिन्न सामग्री वितरित की और सबको ईद की मुबारकबाद दी वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस व तहसील प्रशासन पुरवा क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया व मौरावां थाना प्रभारी मय पुलिस बल के मौके पर मौजूद रहे। साथ ही कस्बे के चैराहा व मुख्य जगहों पर भी भारी पुलिस बल तैनात रहा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रही और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। तहसील प्रशासन से नायब तहसीलदार नीरज चतुवेर्दी निशांत वर्मा मौके पर मौजूद रहे और जिस जगह प्रशासन ने कुबार्नी नियुक्त की थी वहीं पर कुबार्नी दी। इस मौके पर मौरावां नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ मधुकर बाबू पूर्व नगर पंचायतअध्यक्ष नवनीत शुक्ला उर्फ नीतू हाफिज इशरत हुसैन सदर मौलाना फैजान रजा खजांची उस्मान अहमद इमाम मुफ्ती अख्तर रजा अवधेश दीक्षित सोनू सिंह राजीव सिंह राजूभाई वरिष्ठ पत्रकार गौरी सिंह आदि लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी वहीं सभी लोगों ने अमन चैन की दुआएं मांगी तथा सभी जगह-जगह पर मिष्ठान व शरबत ठंडे पानी का वितरण का भी कार्यक्रम बराबर चलता रहा।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.
अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।

ई-निविदा सूचना : 42/EDC (Ayodhya)/2026-27	वि.आ.सं.7393 वं दि. 29.05.2026
कार्य का नामः अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - रूदौली, अयोध्या के अन्तर्गत जमा योजना के अधीन अधिशासी अभियन्ता (वि.) यूपीसिडको, अयोध्या मण्डल कनेक्शन स्थल ग्राम फेलसण्डा (धर्मनगर रोड के अन्दर लगभग 200 मीटर मैयफ्लैक्स सीमेन्ट फैक्ट्री के पीछे) तहसील रूदौली को 100 किलोवाट (111 के.वी.ए.) एच.वी.- 1 निर्मित खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला के संयोजन स्वतन्त्र फीडर के निर्माण का कार्य।	
ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : 3540.00	धरोहर राशि : रू0 40000.00
ई-निविदा की अंतिम तिथि : 15.06.2026	
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।	

संक्षेप

विद्युत व्यवस्था की बदहाली पर किसानों में रोष

मोहम्मदी खीरी। रेहरिया चौकी क्षेत्र के किसानों को 24 घंटे से अधिक समय से विद्युत आपूर्ति न मिलने पर उनका धैर्य टूट गया उन्होंने बड़ी संख्या में मझिगवां विद्युत सब स्टेशन इकट्ठा होकर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया भनक लगते ही मौके पर चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह ने पहुंचकर किसानों को समझाकर पावर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई है। मझिगवां विद्युत सर्विस स्टेशन के क्षेत्र में पड़ने वाले गांव के किसानों को 24 घंटा से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विद्युत आपूर्ति बाहर न होने पर लोग बूंद बूंद पानी को तरस गए वहीं किसानों की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई है जिससे उनका धैर्य जवाब दे गया उन्होंने बड़ी संख्या में संगठित होकर पावर हाउस पर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया जिससे प्रशासन के हाथ पैर फूल गए। किसानों ने बिना रोस्टिंग विद्युत व्यवस्था बहाल करने की मांग कर रहे हैं। जे ई सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया आंधी से लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसे ठीक कराया जा रहा है। ओवरलोडिंग के चलते फीडर बंद कर विद्युत आपूर्ति दी जा रही है।

पंखे से लटका मिला मजदूर का शव

पसगवां खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोहिउद्दीनपुर में बीती बृहस्पतिवार की रात एक मजदूर ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के कमरे में लगे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान प्रेमचंद लगभग 55 वर्ष पुत्र छोटेलाल के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रोज की तरह सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। सुबह उठने पर प्रेमचंद का शव कमरे के पंखे से लटका हुआ पाया। जिसे देख घर के लोगों में चीख पुकार मच गई और पास पड़ोस के लोग जमा हो गए मृतक के बड़े बेटे ने पुलिस को बताया कि उसके पिता शराब का अधिक सेवन करते थे। मृतक प्रेमचंद अपने पीछे पत्नी रामलली, चार बेटे अवनीश, कमलेश, चमन, अचल और तीन बेटियां जिनकी शादी पहले ही हो चुकी है छोड़ गए है बताया जा रहा है कि परिवार का बड़ा बेटा मजदूरी के लिए बाहर गया हुआ था घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। उचौलिया थाना प्रभारी गोपाल नारायण सिंह ने बताया शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है जांच चल रही है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएंगी।

चलती बस से गिरी शिक्षिका, मौत

सीतापुर। महमूदाबाद से सिधौली जा रही रोडवेज बस में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। चलती बस से गिरकर दिव्यांग शिक्षिका की मौत हो गई। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई और यात्रियों में अफरा-तफरी फैल गई। महमूदाबाद के सरावगी टोला निवासी 40 वर्षीय विभा गुप्ता पिसावां के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापिका थीं। वह दाहिने हाथ से दिव्यांग थीं। शुक्रवार सुबह वह रोडवेज बस से सिधौली जा रही थीं और दरवाजे के पास वाली सीट पर बैठी थीं। बताया गया कि रामपुरकलां क्षेत्र के पट्टी गांव के पास चलते समय वह पानी पीने के बाद थूकने के लिए बस के दरवाजे तक पहुंचीं। इसी दौरान तेज रफ्तार बस में झटका लगा और संतुलन बिगड़ते ही वह सड़क पर जा गिरीं। हादसे के बाद उन्हें सीएचसी पहला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

11 केंद्रों पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा, शामिल होंगे 4445 अभ्यर्थी

लखीमपुर खीरी। उप्र संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2026-27 को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले में

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से 31 मई को होने वाली परीक्षा के लिए 11 केंद्र बनाए गए हैं, जहां 4445 अभ्यर्थी दो पालियों में परीक्षा देंगे। परीक्षा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों और केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक का संचालन एडीएम न्यायिक ब्रजपाल सिंह और डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा के संबंध में जो भी मानक हैं, उनका पूरी तरह से पालन किया जाए। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। परीक्षा केंद्र के 500 मीटर की परिधि में फोटो-स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। किसी भी अभ्यर्थी को इलेक्ट्रानिक डिवाइस लाने की अनुमति नहीं होगी। सभी केंद्र व्यवस्थापक सुनिश्चित करें कि केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं प्रकाश, फर्नीचर, पानी, शौचालय आदि ठीक हों। कहीं कोई कमी हो तो समय रहते पूरा कर लें। डीएम ने निर्देशित किया कि परीक्षा में विघ्न डालने का प्रयास करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रवेश से पूर्व परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर प्रत्येक परीक्षार्थी की तलाशी ली जाए। परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक, परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारी, कर्मचारी को परीक्षा कक्ष के भीतर मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित होगा। परीक्षा के दिन सभी कक्षों के सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रहें। एएसपी पवन गौतम ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या परीक्षा में व्यवधान डालने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इनकी रही मौजूदगी बैठक में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से आए हुए प्रतिनिधि, जिला समन्वयक डॉ हेमंत पाल, उप नोडल अधिकारी डॉ एसपी शुक्ल, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, सभी केंद्र प्रतिनिधि, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र पर्यवेक्षक, केंद्र प्रभारी, नोडल समन्वयक व अन्य अधिकारियों मौजूद रहे।

परीक्षा के जिला समन्वयक वाईडी कॉलेज प्राचार्य डॉ हेमंत पाल ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा 11 केंद्रों पर दो पाली में कराई जाएगी। पहली पाली सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो से सायं पांच बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को दो पेपर अलग-अलग पाली में देने होंगे। इस प्रवेश परीक्षा में 4445 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिला मुख्यालय पर अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज, धर्मसभा इण्टर कालेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, जीआईसी, गुरुनानक इण्टर कालेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, पीके इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, युवराज दत्त महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

प्रशासन का बस स्टेशन चौराहे पर चला डंडा

सीतापुर। शहर के सबसे व्यस्त बस स्टेशन चौराहे पर लगने वाले भीषण जाम और यातायात अव्यवस्था को लेकर शुक्रवार को प्रशासन सख्त नजर आया। सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडे, सीओ सिटी, एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी, एआरएम और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने बस अड्डा चैराहे का निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान सड़क पर बेतरतीब खड़ी रोडवेज और डग्गामार बसों के कारण जाम की गंभीर स्थिति मिली। कई बसों का चालान किया गया। जांच में सामने आया कि लखनऊ रूट की कई बसें बस अड्डे के अंदर जाने के बजाय सीधे चैराहे पर खड़ी कर सवारियां भर रही थीं। चालक और परिचालक अधिक यात्रियों के लालच में घंटों बसें सड़क पर रोके रखते हैं, जिससे मुख्य मार्ग बाधित हो जाता है। अधिकारियों ने माना कि इस अव्यवस्था से रोज हजारों लोग परेशान होते हैं। स्कूली बच्चों, मरीजों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। संयुक्त टीम ने चालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अब सड़क पर बस खड़ी कर सवारी भरने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ठेले और ऑटो चालकों को भी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।

गौशालाओं का डीएम ने किया औचक निरीक्षण वेतन रोका तो अफसरों में मचा हड़कंप

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. का सख्त प्रशासनिक अंदाज लगातार चर्चा में है। कार्यभार संभालने के बाद से ही डीएम रोज किसी न किसी विभाग पर अचानक नहीं बल्कि योजनाबद्ध तरीके से निगरानी कस रहे हैं।

शुक्रवार को जब उनका काफिला विकास खंड कसमण्डा की रेउरी और अलोइया गौशालाओं में पहुंचा तो वहां बदइंतजामी, गंदगी और लापरवाही की परतें खुलती चली गईं। रेउरी स्थित भारत अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में गौवंशों की हालत, कम नांद, फैली गंदगी और कमजोर व्यवस्थाएं देखकर डीएम भड़क उठे। उन्होंने मौके पर ही वीओ पर अनुशासनिक कार्रवाई, ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबन की चेतावनी और बीडीओ के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि के आदेश दे डाले। डीएम ने दो टूक कहा कि अगली बार कमी मिली तो सीधे कठोर कार्रवाई होगी। इसके बाद अलोइया स्थित श्री कान्हा अस्थाई गौशाला में भी हालात बेहतर नहीं मिले। रजिस्टरों में गड़बड़ी, अव्यवस्था और निगरानी की कमी पर डीएम ने जमकर फटकार लगाई। ग्राम पंचायत अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि, वीओ पर कार्रवाई और खंड विकास अधिकारी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने के निर्देश जारी कर दिए गए। दोनों गौशालाओं में लगातार बदहाल व्यवस्था मिलने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को भी नहीं बख्शा गया और उनके खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के आदेश दिए गए। डीएम की इस कार्रवाई के बाद विकास खंड कसमण्डा के अफसरों में पूरे दिन खलबली मची रही।

हर जांच में मिली बदहाली लेकिन कार्रवाई आज तक अधूरी

सीतापुर। रेउरी की भारत अस्थाई गौशाला कोई पहली बार अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में नहीं आई है। यह गौशाला पहले भी कई बार सुर्खियों में रह चुकी है। कभी भूख और प्यास से तड़पते गौवंशों के वीडियो वायरल हुए तो कभी जिंदा पशुओं को कुत्तों द्वारा नोचने की तस्वीरों ने प्रशासनिक दावों की पोल खोली। इतना ही नहीं, गौमांस के अवैध कारोबार और गोतस्करी जैसे गंभीर आरोपों की चचाएं भी इस गौशाला से जुड़ती रही हैं। कई बार अधिकारियों ने निरीक्षण किया और हर बार व्यवस्थाओं में भारी खामियां मिलीं, लेकिन ऊंचे रसूख और राजनीतिक पकड़ के चलते ग्राम प्रधान और जिम्मेदार सचिव पर कभी ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। नतीजा यह रहा कि हालात जस के तस बने रहे। शुक्रवार को जब डीएम डॉ. राजागणपति आर. स्वयं गौशाला पहुंचे तो उन्हें भी बदहाली का वही पुराना मंजर देखने को मिला। गंदगी, कम व्यवस्थाएं और लापरवाही का अंबार देखकर डीएम का पारा चढ़ गया और मौके पर ही कई अधिकारियों पर कार्रवाई के आदेश जारी करने पड़े।

हरगांव में शुरू हुई भीमताल परियोजना

सीतापुर। आदर्श नगर पंचायत हरगांव में बहुप्रतीक्षित भीमताल परियोजना का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य कारागार मंत्री ने जहांगीराबाद वार्ड स्थित काशीराम कॉलोनी के निकट पूजन-अर्चन और नारियल फोड़कर परियोजना का उद्घाटन किया। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सुरेश राही ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भीमताल परियोजना से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे हरगांव की अलग पहचान बनेगी। नगर पंचायत चेयरमैन गफ्फार खान ने बताया कि परियोजना के लिए शासन से लगभग 10 करोड़ रुपये का बजट मांगा गया था, जिसमें प्रथम चरण के लिए 2 करोड़ 40 लाख रुपये की धनराशि जारी हो चुकी है। अधिशाषी अधिकारी श्रीश मिश्र ने कहा कि परियोजना पूर्ण होने के बाद यह स्थल क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर कमलेश वर्मा, उदित बाजपेई, अलियार खान, धीरेन्द्र सिंह, मो. अनीस, कन्हैया जोशी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मना बकरीद का पर्व

सीतापुर। जनपद भर में बकरीद का पर्व शनिवार को पूरी अकीदत, भाईचारे और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मनाया गया। सुबह से ही शहर समेत ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। शहर की बड़ी ईदगाहों के बाहर सुबह से ही जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा रहा। समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया, पूर्व विधायक अनुप गुप्ता, नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि मुनेन्द्र अवस्थी समेत कई नेताओं ने लोगों को बकरीद की बधाई दी। नमाज के बाद नेताओं और आम लोगों के बीच मुलाकातों का दौर चलता रहा। त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट दिखाई दिया। जिलाधिकारी सीतापुर और पुलिस अधीक्षक लगातार शहर के विभिन्न इलाकों में भ्रमण करते रहे। ड्रोन कैमरों से भीड़ और संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की गई। ईदगाहों के बाहर भारी पुलिस बल, पीएसी और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती रही। इसी दौरान शहर की ईदगाह के पास उस समय हल्का विवाद खड़ा हो गया जब पूर्व विधायक अनुप गुप्ता ने प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के नेताओं की गाड़ियों को आगे जाने दिया जा रहा है जबकि आम लोगों के वाहनों को रोक दिया गया है। इसको लेकर कुछ देर तक बहस और नाराजगी का माहौल बना रहा, हालांकि अधिकारियों ने समझाकर मामला शांत करा दिया। पूरे जिले में बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाया।

यातायात जागरूकता अभियान में बांटे गये हेलमेट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर में कोतवाली के सामने यातायात जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाइक चला रहे वाहन चालकों को हेलमेट

वितरित किए गए और यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। कार्यक्रम में एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी एवं पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने संयुक्त रूप से लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कहा कि जीवन की सुरक्षा हमारे अपने हाथ में है, इसलिए घर से निकलते समय हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए और यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बड़े हादसों को टाल सकती है। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने भी लोगों से हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं कभी भी और कहीं भी हो सकती हैं। हर वर्ष हजारों लोगों की मौत केवल हेलमेट न पहनने के कारण हो जाती है। उन्होंने हाल ही में बांकेगंज क्षेत्र में हुए सड़क हादसे का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि मृतक शिक्षकों ने हेलमेट पहना होता तो शायद उनकी जान बच सकती थी। उन्होंने अभिभावकों से नाबालिग बच्चों को बाइक न चलाने देने की भी अपील की। इस दौरान टीएसआई युगेन्द्र प्रताप सिंह, रविंद्र कटियार, शत्रोहन मिश्रा, लवकुश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ईसानगर में पुलिस-बदमाशों की मुठभेड़, छह गिरफ्तार

धौरहरा खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए, जबकि कुल छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लाखों रुपये की नकदी, सोने-चांदी के जेवर, तमंचे और बिना नंबर प्लेट का सीएनजी ऑटो बरामद किया है।

ईसानगर के नौरंगपुर के पास ईसानगर, खमरिया पुलिस और एसओजी टीम संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान संदिग्ध लोगों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हारून और रमाकांत के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने छह बदमाशों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान धीरज पुत्र राजेंद्र निवासी भिठौली थाना रेउसा, संजय पुत्र छोटेलाल निवासी कनकारी थाना रेउसा, संदीप पुत्र कमलेश निवासी जालिमपुर थाना सकरन, हारून पुत्र बशीर निवासी जालिमपुर थाना सकरन, रमाकांत पुत्र खमरिया जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित पेशेवर अपराधी हैं और ईसानगर, खमरिया व धौरहरा क्षेत्र में हाल ही में हुई चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं। आरोपितों के खिलाफ सीतापुर, रायबरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़ समेत कई जनपदों में चोरी, लूट, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट के मनोहर निवासी जालिमपुर थाना सकरन जनपद सीतापुर तथा पीयूष पुत्र हरिश्चंद्र निवासी हरदासपुर थाना मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक कान की बाली, एक कान का झाला, एक मंगलसूत्र, एक नाक की बाली, एक नाक की कील, नौ जोड़ी पायल, नौ अंगूठियां, एक जोड़ी बिछिया, दो सिक्के, दो लाख सात हजार पांच सौ रुपये की नकदी, दो तमंचे, दो कारतूस के खोखे, दो जिंदा कारतूस .315 बोर तथा बिना नंबर प्लेट का सीएनजी ऑटो बरामद किया है। थानाध्यक्ष ईसानगर ब्रजेश कुमार सिंह और थानाध्यक्ष खमरिया निर्मल तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ की जा रही है। वहीं घायल दोनों आरोपितों का पुलिस अभिरक्षा में उपचार चल रहा है।

रमाकांत और हारून पर दर्ज हैं दर्जनों मुकदमे

मुठभेड़ में घायल रमाकांत के खिलाफ सीतापुर के अलावा राजस्थान में कुल 24 आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। वहीं हारून पर लखनऊ, प्रतापगढ़ और सीतापुर समेत विभिन्न जनपदों में 25 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित हिस्ट्रीशीटर अपराधी हैं।

शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गयी ईद-उल-अजहा की नमाज

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। निर्धारित समय पर मस्जिदों और ईदगाहों में अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और आपसी सौहार्द की दुआ मांगी। क्षेत्र के करौंदा ईदगाह में सुबह ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। मस्जिद के पेश इमाम हाफिज अली अहमद ने नमाज अदा कराई। नमाज के दौरान ईदगाह नमाजियों से खचाखच भरा रहा। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। क्षेत्र के करौंदा, पिपरिया कप्तान, बसखेड़ा, चठिया, उमरपुर, रामपुर मदारी, मूडा निजाम, पड़सर, बरबर, छेड़ीपुर, धमौला समेत कई गांवों में भी तय समय पर ईद की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर हाफिज अफजल खान, नब्बन खान, रहीस खान, बकाउल्ला खान, हाजी पुत्तन खान, लड्डन खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत रेहरिया चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह, हेड कांस्टेबल विजय भान, सुधांशु चौधरी, संदीप कुमार, करन सिंह, अभिषेक कुमार, शशि कपूर सहित पुलिस बल विभिन्न स्थानों पर तैनात रहा।

गोला में 27 करोड़ की लागत से बनेगा एसटीपी प्लांट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर की वर्षों पुरानी सीवर, जलभराव और दूषित पानी की समस्या के समाधान की दिशा में बड़ी पहल करते हुए गोला नगर में 6.15 एमएलडी क्षमता के एसटीपी (सीवर ट्रीटमेंट प्लांट) का निर्माण कराया जाएगा। करीब 27 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमि पूजन आगामी 1 जून को सायं 4 बजे प्रस्तावित किया गया है।

सिकंदराबाद रोड स्थित सरायन नदी के पास बनने वाले इस एसटीपी प्लांट से नगर के लोगों को जलभराव और गंदे पानी की समस्या से काफी राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी सरायन नदी को भी नया जीवन मिलने की संभावना जताई जा रही है। नगर में बढ़ते प्रदूषण और सीवर समस्या को देखते हुए इस परियोजना को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत नगर के विभिन्न हिस्सों को सीवर नेटवर्क से जोड़ने के लिए चार प्रमुख प्वाइंट विकसित किए जाएंगे। इनमें बांकेगंज रोड, सतौती, सरायन नदी क्षेत्र और मोहम्मदी रोड शामिल हैं। इन क्षेत्रों से निकलने वाले दूषित जल का शोधन एसटीपी प्लांट में किया जाएगा, जिससे नगर की स्वच्छता व्यवस्था में भी सुधार आएगा। प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के लिए करीब 27 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर कार्यदायी संस्था को आवंटित की जा चुकी है। योजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा के निर्देशन में आगे बढ़ाया जा रहा है। भूमि पूजन कार्यक्रम से पहले क्षेत्रीय विधायक अमन गिरी ने संबंधित अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और परियोजना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान एई एसके वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर शनि, जल निगम के जेई निशांत और धर्मेंद्र भी मौजूद रहे। विधायक ने अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बताया गया कि इस परियोजना का निर्माण कार्य भगवती प्रसाद इंफ्राटेक लिमिटेड द्वारा कराया जाएगा।

24 घंटे से बिजली गुल होने पर किसानों का फूटा गुस्सा, पावर हाउस पर प्रदर्शन

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। रेहरिया चैकी क्षेत्र में 24 घंटे से अधिक समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में किसान मझिगवां विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए और जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को समझाकर शांत कराया। मझिगवां विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के गांवों में लंबे समय से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है, वहीं किसानों की फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। इससे नाराज किसानों ने एकजुट होकर पावर हाउस पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने बिना रोस्टिंग नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग उठाई। किसानों का कहना था कि लगातार बिजली कटौती से खेती-किसानी पूरी तरह प्रभावित हो रही है और सिंचाई का संकट गहराता जा रहा है। मामले की जानकारी मिलते ही रेहरिया चैकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। एहतियात के तौर पर पावर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई। जेई सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हाल में आई आंधी से विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे ठीक कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओवरलोडिंग की समस्या के चलते फीडर बंद कर-करके विद्युत आपूर्ति दी जा रही है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

पत्रांकः 229/15वां वि.आ.(अन.ग्रा.)नि.कार्य/ई-टेण्डर/2026-27 दिनाँक :- 25 मई, 2026

ई-निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक-228/15वां वि.आ. (अन.ग्रा.)/ ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक 25 मई, 2026 द्वारा 15वां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रांट) के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 की प्रथम एवं द्वितीय किश्त तथा वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से 32 निर्माण कार्यों की जी.एस.टी. रहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 29 मई, 2026 को अपरान्ह 02.30 बजे से दिनांक 18 जून, 2026 को अपरान्ह 03.30 बजे तक निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2026-27 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम व शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की 10 प्रतिशत जमानत धनराशि आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद, बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता सं.-50383894033 IFSC Code IDIB000C601 में आनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ.डी.आर./टी.डी.आर. /एन.एस.सी./सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बंधित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत/चरित्र प्रमाण-पत्र/पंजीकरण प्रमाण-पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 18 जून, 2026 को अपरान्ह 04.00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच

संक्षेप

महिला ई-रिक्शा हादसे में गंभीर रूप से घायल

महराजगंज,रायबरेली। मऊ स्थित बैंक से घर लौट रही एक महिला शुक्रवार को सड़क हादसे का शिकार हो गई। डेपारमऊ गांव के पास इन्हौना रोड पर सवारियों से भरा ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक ई-रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार डेपारमऊ गांव निवासी श्यामा देवी (40) पत्नी सोने पासी शुक्रवार सुबह मऊ स्थित बैंक किसी जरूरी कार्य से गई थीं। बैंक का काम पूरा करने के बाद वह अन्य सवारियों के साथ ई-रिक्शा से अपने गांव लौट रही थीं। इसी दौरान गांव के निकट इन्हौना रोड पर अचानक ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क किनारे पलट गया। हादसे में श्यामा देवी ई-रिक्शा के नीचे दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद महिला को ई-रिक्शा के नीचे से बाहर निकाला। ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

दिनेश चंद्र हत्याकांड के क्रास केस में डॉक्टर की गवाही दर्ज

सुल्तानपुर (वीओएल)। अमेठी के गौरीगंज थाने के ग्राम पूरे बलुवन कुशवैरा में वर्ष 2014 में हुए दिनेश चंद्र तिवारी हत्याकांड के क्रास केस में बुधवार को चिकित्सक अजय कुमार सोनी की गवाही एडीजीसी क्रिमिनल पवन दुबे ने दर्ज कराई। उनसे बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने जिरह की। एडीजे प्रथम संध्या चैधरी ने मामले में अगली सुनवाई के लिए आठ जून की तिथि तय की है। 19 अगस्त 2014 को वादी मुकदमा अशोक तिवारी के चाचा दिनेश चंद्र तिवारी की जमीन के विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अशोक तिवारी ने मामले में आरोपित उमाशंकर उर्फ मदन तिवारी, कमलाकर, शिवशंकर, जयशंकर व महेश तिवारी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में दूसरे पक्ष के रविकांत तिवारी ने संत प्रसाद, सुरेश, धर्मेंद्र, अशोक व विकास के खिलाफ क्रास केस के तहत मारपीट का केस दर्ज कराया था।

कृष्ण जन्म की झांकी देख श्रद्धालु भावविभोर

सुल्तानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कटका खानपुर कस्बे स्थित जगदीश्वर मैरिज लॉन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत संगीतमयी कथा के चैथे दिन गुरुवार की रात श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य विष्णु शास्त्री जी महाराज ने समुद्र मंथन और भगवान विष्णु के कूर्म अवतार का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि संकट के समय भगवान स्वयं अपने भक्तों की रक्षा के लिए आगे आते हैं। उन्होंने बताया कि महर्षि दुर्वासा के श्राप से देवता वैभवहीन हो गए थे। तब भगवान विष्णु के निर्देश पर समुद्र मंथन हुआ, जिसमें 14 रत्न निकले। अमृत को लेकर देवताओं और असुरों में संघर्ष हुआ, तब भगवान ने मोहिनी रूप धारण कर देवताओं को अमृत पिलाकर अमर किया। कथा के दौरान वामन अवतार, श्रीराम और श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का भी भावपूर्ण वर्णन हुआ। भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी निकलते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। समापन पर मुख्य यजमान जितेंद्र सिंह उर्फ कल्लू ने सपत्नीक आरती उतारी।

बकरीद पर डॉ. शशिकांत ने पेश की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

ईदगाह में लगाया सेवा शिविर, नमाजियों को पिलाया शरबत, इत्र लगाकर दी मुबारकबाद

रायबरेली। ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने एक बार फिर सांप्रदायिक सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता की मिसाल प्रस्तुत करते हुए शहर स्थित ईदगाह पर विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया, जहां नमाज अदा करने पहुंचे लोगों के लिए ठंडे पानी एवं शरबत की व्यवस्था की गई।

नमाज संपन्न होने के बाद डॉ. शर्मा ने मुस्लिम समाज के लोगों को इत्र लगाकर, गले मिलकर ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद पेश की।

इस अवसर पर डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि भारत की पहचान उसकी विविधता और आपसी भाईचारे में निहित है। ईद-उल-अजहा त्याग, समर्पण एवं इंसानियत का पर्व है और गंगा-जमुनी तहजीब हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी विश्वास और सौहार्द को मजबूत करते हैं तथा सभी धर्मों और समुदायों के बीच एकता का संदेश देते हैं। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों, स्थानीय गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों तथा बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

ईदगाह व मस्जिदों मे कडी सुरक्षा के बीच सकुशल ईदउल अजहा की नमाज संपन्न

नसीराबाद, रायबरेली। गुरुवार को नसीराबाद क्षेत्र में ईदउल अजहा (बकरीद) का पर्व उल्लास और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। क्षेत्र की ईदगाहों और मस्जिदों में कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज सकुशल संपन्न हुई। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग नए वस्त्र पहनकर ईदगाह और मस्जिदों की ओर जाते दिखाई दिए। नमाज के दौरान मुल्क मे अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई। नगर पंचायत स्थित ईदगाह के इमाम अब्दुल रशीद उर्फ फखरी ने नमाज अदा कराई। वहीं मोमिनपुरा स्थित मरकज बिलाली मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद नसीम तथा मौलाना अमीन मस्जिद में हाफिज अब्दुल अहद ने नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। मेंधर्म गुरु मुफ्ती मोहम्मद नसीम ने अपने संबोधन में कहा कि बकरीद का त्योहार त्याग, बलिदान और इंसानियत का पर्व है। यह पर्व लोगों को आपसी भाईचारा, प्रेम और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देता है। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गले लगा कर एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद अली फाकिर, व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहम्मद सुल्तान, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मो. हारुन, प्रधान जान मोहम्मद, मोहम्मद मोबीन, समाजसेवी मोहम्मद नासिर, मोहम्मद आदिल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बकरीद पर्व को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। मस्जिदों और ईदगाहों तक जाने वाले रास्तों पर सफाई कर चूने का छिड़काव कराया गया, जिससे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नाबालिग किशोरी को भगाने का आरोप, युवक पर केसदर्ज

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। थाना क्षेत्र के एक गाँव की एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मोतिगरपुर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ?पीड़िता के पिता की तहरीर के अनुसार 22 मई की रात करीब 10 बजे गांव निवासी अनिल कुमार उनकी लगभग 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी तलाश के बाद परिजनों को जानकारी मिली कि किशोरी अम्बेडकरनगर जनपद के बेवाना थाना क्षेत्र में मौजूद है। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस की मदद से किशोरी को सकुशल वापस घर ले आए। ?पीड़ित पिता ने मामले की सूचना डायल 112 पर दी थी। इसके बाद मोतिगरपुर थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

620 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बांटे गये स्मार्ट फोन

रायबरेली। विधानसभा ऊँचाहार के अंतर्गत नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग डॉ० मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख जगतपुर दल बहादुर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता उपस्थित रही। आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा ऊँचाहार क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड डलमऊ, दीनशाहगौरा, ऊंचाहार, जगतपुर एवं रोहनियां की नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। जिसमें विधानसभा ऊंचाहार के अन्तर्गत विकास खण्ड डलमऊ की 103, दीनशाहगौरा 25, ऊँचाहार 73, जगतपुर 18 एवं रोहनियां 32 कुल 251 नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं विकास खण्ड डलमऊ की 196, दीनशाहगौरा 106, ऊँचाहार 147, जगतपुर 100 एवं रोहनियां 71 कुल 620 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन से लाभान्वित हुई। उन्होंने नव नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी समाज की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने जा रही हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र केवल बच्चों के पोषण और शिक्षा का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह समाज के भविष्य को मजबूत बनाने की आधारशिला हैं। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

इंस्पेक्टर ने नहीं पढ़ी तहरीर, मुंशी से लिखवा दी प्राथमिकी, निलंबित

आगरा। कमिश्नरेट में दो इंस्पेक्टर के खिलाफ पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने कार्रवाई की। अछनेरा में गोकशी की घटना हुई थी। इस पर इंस्पेक्टर देवेंद्र द्विवेदी को लाइन हाजिर कर दिया। लोहामंडी इंस्पेक्टर उत्तमचंद पटेल बिना पढ़े तहरीर मुंशी को दे देते थे। जनता की शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहे थे। अनुशासनहीनता पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। थाने के मुंशी भी लापरवाही कर रहे थे। उन पर भी गाज गिर सकती है। गांव बगौर निवासी घनश्याम शाक्य की एक गाय रविवार की रात चोरी हो गई थी। आरोप है कि घर से कुछ दूरी पर गोकशी कर दी गई। घर के पास ही खून पड़ा मिला था। घटना से आक्रोश फैल गया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने मुठभेड़ में दो आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस आयुक्त ने इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर दिया। स्थानीय लोगों ने पीड़ित को गोशाला से एक गाय भी दिलवाई। उधर, थाना लोहामंडी के प्रभारी निरीक्षक उत्तम चंद पटेल के खिलाफ पुलिस आयुक्त को शिकायत मिली थी। वह पीड़ितों की शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहे थे। शिकायत मिलने पर मुंशी को दे देते थे, जबकि तहरीर में क्या लिखा है, क्या आरोप लगाए गए हैं, यह देखना चाहिए। जांच होनी चाहिए। गंभीर मामलों में अधिकारियों को जानकारी देनी चाहिए मगर इंस्पेक्टर ऐसा नहीं कर रहे थे। उनकी कई बार शिकायत मिली थी। हाल में उन्होंने एक तहरीर को बिना देखे ही मुकदमा लिखने को मुंशी को थमा दिया। इस पर जवाब में कोई सफाई नहीं दे सके। पुलिस आयुक्त ने उन्हें निलंबित कर दिया। थाने के मुंशियों की भी अनुशासनहीनता की शिकायत मिली हैं। इस पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है। इंस्पेक्टर क्राइम सिकंदरा इंद्रजीत को थाना लोहामंडी का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। इंस्पेक्टर फतेहाबाद और बसई अरेला के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है। उनकी भी शिकायत मिली हैं।

युवक की हत्या कर सड़क पर फेंका शव

इरादतनगर,आगरा। थाना क्षेत्र के इनायतपुर सड़वारा मोड़ के पास धीमरपुरा रोड पर बृहस्पतिवार तड़के एक युवक का शव सड़क पर मिलने से सनसनी फैल गई। खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने पुलिस को सड़क पर शव पड़ा होने की सूचना दी। पुलिस ने मृतक के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए, जिससे करीब दो घंटे बाद युवक की शिनाख्त हो सकी। परिजन ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजन ने बताया शमसाबाद निवासी अर्जुन उर्फ भूरा पुत्र विकल सिंह बुधवार सुबह करीब 9 बजे घर से काम के लिए गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। हर संभव स्थान पर तलाश किए जाने के बाद भी अर्जुन का पता नहीं चल सका। बृहस्पतिवार सुबह इरादतनगर क्षेत्र में सड़क किनारे शव मिलने की जानकारी पर हम घटनास्थल पर पहुंचे। परिजन ने बताया युवक शादीशुदा है। युवक का 5 वर्ष का एक बेटा भी है। परिजन ने पुलिस को दी तहरीर में युवक की हत्या की आशंका जताई है। इरादतनगर थाना प्रभारी रामकुमार तोमर ने बताया ग्रामीणों की मदद से मृतक के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए, जिससे मृतक की शिनाख्त हो सकी। प्रथम दृष्टया यह मामला संदिग्ध है। आशंका है कि युवक की हत्या कहीं और करने के बाद शव को यहां लाकर फेंका गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। पुलिस सभी पहलुओं पर गहराई से जांच कर रही है। आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। बता दें कि इससे पहले भी युवती और महिलाओं की हत्या कर हाईवे किनारे शव फेंके जा चुके हैं। बीते दिनों हाईवे किनारे गला रेतकर युवती की हत्या कर शव खेत में फेंका गया था। आज तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। घटना का खुलासा भी नहीं हो सका है। वहीं फरवरी महीने में खारी नदी पुल के नीचे युवक का शव मिला था, जिसकी पहचान एकता थाना क्षेत्र के गैंगरोआ निवासी राहुल के रूप में हुई थी।

विधवा को मृत दिखाकर कराया जमीन का बैनामा, जांच में खुली झोलाछाप की करतूत

नसीराबाद ,रायबरेली। तहसील सलोन के नसीराबाद थाना क्षेत्र में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक झोलाछाप डॉक्टर पर पड़ोसन को मृत दिखाकर उसकी जमीन का फर्जी बैनामा कराने का आरोप लगा है। जांच में मामला सही पाए जाने के बाद राजस्व विभाग ने बैनामा निरस्त कर दिया, लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज न होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के गांव लहेंगा का है। गांव निवासी कलावती पत्नी स्व मोहनलाल यादव के नाम गाटा संख्या 296 दर्ज है। इसी के पास गाटा संख्या 300 चतुरपुर निवासी मृतका कलावती पत्नी प्रेमचंद के नाम थी, जिनकी मुंबई में बीमारी के दौरान मौत हो चुकी है। मृत्यु के बाद उक्त जमीन राकेश कुमार पुत्र रमेशचंद निवासी चतुरपुर के नाम दर्ज हो गई। आरोप है कि राकेश कुमार की मदद से झोलाछाप डॉक्टर बुधराम पुत्र जगन्नाथ ने जीवित कलावती यादव को मृत दिखाकर उसकी जमीन का बैनामा सलोन तहसील में करा लिया। पीड़िता को जब पूरे मामले की जानकारी हुई तो उसने पहले स्थानीय स्तर पर शिकायत की, लेकिन सुनवाई न होने पर जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई। डीएम के निर्देश पर हुई जांच में पूरा मामला सही पाया गया। जांच रिपोर्ट में फजीर्वाड़ा और धोखाधड़ी की पुष्टि होने पर संबंधित बैनामा तत्काल प्रभाव से खारिज कर दिया गया। इसके बावजूद अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है, जिससे राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इतनी बड़ी धोखाधड़ी उजागर होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई से बचते नजर आ रहे हैं। मामले में जब सलोन एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो फोन रिसीव नहीं हुआ। वहीं तहसीलदार दीपिका सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई है। गांव में चर्चा है कि फर्जी बैनामे में आरोपियों ने अपने करीबी रिश्तेदारों और परिचितों को गवाह बनाया था, इसके बावजूद अब तक पुलिस कार्रवाई न होना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

हर्षोल्लास से मनी पृथ्वीराज चौहान की जयंती

रायबरेली। जिला पंचायत सभागार में वीर सम्राट पृथ्वीराज चैहान की 860वीं जयंती बड़े धूमधाम से सम्राट पृथ्वीराज चैहान स्मारक समिति रायबरेली द्वारा बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मध्यप्रदेश रीवा से भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कारगिल योद्धा संजय सिंह बघेल, विशिष्ट अतिथि लखनऊ से राज बहादुर सिंह भदौरिया पूर्व जिला जज, अति विशिष्ट अतिथि जनपद की मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता आईएएस एवं रायबरेली के नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार की गरिमामयी उपस्थिति हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह के द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत मध्य प्रदेश रीवा से आए मुख्य अतिथि का स्वागत सारस होटल गोल चौराहे में फूल माला पहनकर भव्य स्वागत एवं मुख्य अतिथि का अपने रायबरेली के डिग्री कॉलेज चैराहे स्थित शहीद चैक में रायबरेली के बहादुर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके परिजनों से मुलाकात की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं समिति के पदाधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी की प्रतिमा एवं सम्राट पृथ्वीराज चैहान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुआ। नन्हीं बिटिया अवनी के द्वारा कत्थक की प्रस्तुति ने पूरे सभागार में उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। इसके उपरांत सभागार में आए हुए रायबरेली के सम्मानित जनों का मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं समिति के पदाधिकारियों के द्वारा सम्मान किया गया। साथ-साथ मुख्य अतिथि संजय सिंह बघेल फौजी के साथ आए हुए पूर्व सैनिक यज्ञ प्रताप सिंह संपादक सौगंध थार न्यूज 24 एवं राष्ट्रीय सचिव शहीद सेवा समिति, पूर्व सैनिक अशोक सिंह फौजी जिला अध्यक्ष शहीद सेवा समिति सतना, एवं राहुल शर्मा यूथ अध्यक्ष शहीद सेवा समिति मध्य प्रदेश का सम्मान किया गया। इस अवसर कुंवर आजाद सिंह पूर्व प्रमुख सलोंन, संरक्षक डॉक्टर एमपी सिंह , वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ रायबरेली, राजेश सिंह, मुन्ना सिंह चैहान, संजय सिंह चैहान उपस्थित रहे।

नकलविहीन व शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के लिए केंद्राध्यक्षों व अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

- कल 13 केंद्रों पर 5847 अभ्यर्थी देंगे बीएड प्रवेश परीक्षा

सुलतानपुर (वीओएल) आगामी 31 मई को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश बी.एड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026-28 को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीएम (प्रशासन) रत्नप्रिया ने की।

बैठक में बुंदेलखंड विवि के प्रतिनिधि डॉ. सत्यवीर सिंह एवं डॉ. ए.पी.एस. गौड़, जिला नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह राणा, जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिले के सभी 13 परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष, केंद्र प्रतिनिधि, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पर्यवेक्षकों को परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश विस्तार से बताए गए। जिला समन्वयक प्रो. अंग्रेज सिंह राणा ने बताया कि जिले के 13 केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें कुल 5847 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी के लिए पर्याप्त सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि परीक्षा पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके। बैठक के बाद सभी केंद्राध्यक्षों को परीक्षा से संबंधित आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। इस दौरान उप नोडल प्रो. शक्ति सिंह, उप जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर, प्रो. डी.के. त्रिपाठी, प्रो. मो. शाहिद, प्रो. नीलम तिवारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन बिल्डिंग में करंट से मजदूर की मौत

आगरा। आगरा के थाना जगदीशपुरा क्षेत्र स्थित आवास विकास सेक्टर-12 की पारस पल्स बिल्डिंग में गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया। निमाणार्धीन साइट पर काम कर रहे एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक आशंका है कि खराब लिफ्ट में करंट उतरने से मजदूर उसकी चपेट में आ गया। घटना के बाद साइट का मालिक और सुपरवाइजर मौके से गायब हो गए, जिससे मजदूरों और परिजनों में भारी आक्रोश है। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ निवासी पर्बत के रूप में हुई है, जो रोजी-रोटी कमाने के लिए आगरा आया था। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतक के भाई बृजेंद्र, जो उसी साइट पर मिस्त्री का काम करते हैं, ने सुपरवाइजर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि नीचे प्लास्टर का काम चल रहा था और लिफ्ट में तकनीकी दिक्कत पहले से थी। बृजेंद्र के मुताबिक, ह्लमैंने सुपरवाइजर से कहा था कि लिफ्ट खराब है और उसमें करंट आने का खतरा है। मैंने दो लोगों को साथ भेजने की बात कही थी, लेकिन उसने मेरी एक नहीं सुनी। उसने जबरन मेरे भाई पर्बत को अकेले ऊपर भेज दिया। परिजनों के अनुसार, जैसे ही पर्बत लिफ्ट से ऊपर पहुंचा, अचानक बिजली का फाल्ट हुआ और वह करंट की चपेट में आ गया। अकेले होने के कारण काफी देर तक किसी को हादसे की जानकारी नहीं मिल सकी। करीब 5 से 10 मिनट बाद वहां मौजूद अन्य मजदूरों की नजर लिफ्ट पर पड़ी तो अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर नीचे काम कर रहे मजदूर ऊपर पहुंचे और पर्बत को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हालांकि डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद बिल्डिंग का मालिक और उसका बेटा अस्पताल पहुंचे थे। लेकिन जैसे ही उन्हें पर्बत की मौत की जानकारी मिली, दोनों कानूनी कार्रवाई के डर से वहां से चुपचाप फरार हो गए।

एनसीसी ग्रुप कमांडर ने प्रशिक्षण की समीक्षा कर कैडेटों को किया प्रेरित

रायबरेली। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, वीएसएम ने एसडी पांडेय मेमोरियल कॉलेज डीघा में 66 उप्र बटालियन एनएससी रायबरेली के निर्देशन में चल रहे शिविर संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आधिकारिक दौरा किया। शिविर स्थल पर पहुंचने पर ग्रुप कमांडर का स्वागत कर्नल उदय भानु एसएम, कमान अधिकारी 66 उप्र बटालियन द्वारा किया गया। इसके बाद एनसीसी कैडेटों की एक उत्कृष्ट टुकड़ी ने ग्रुप कमांडर को गरिमापूर्ण गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कैडेट्स को संबोधित करते हुए ग्रुप कमांडर ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन व राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करने का एक सशक्त माध्यम है। इसके उपरांत कमान अधिकारी 66 उत्तर प्रदेश बटालियन एन सी सी द्वारा ग्रुप कमांडर को शिविर की प्रशासनिक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों और संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस 10 दिवसीय शिविर में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 500 से अधिक कैडेट भाग ले रहे हैं। इसके बाद ग्रुप कमांडर ने कैम्प लोकेशन, रहने की व्यवस्था, चिकित्सा कक्ष और भोजन कक्ष की स्वच्छता और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तत्पश्चात कैम्प में सम्मलित समस्त एन सी सी कैडेट्स से मेलमिलाप किया एवं कहा कि एनसीसी शिविर कैडेट्स की क्षमताओं को निखारने और उनको चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए डिजाइन किए जाते हैं। कमांडर ने प्रतिभागियों द्वारा दिखाए गए उच्च स्तर के अनुशासन वउत्साह की सराहना की। दौरे के समापन पर ग्रुप कमांडर ने कर्नल उदय भानु, एस एम, कमान अधिकारी 66 उप्र बटालियन एन सी सी रायबरेली को शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने एवं शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए किए गए अथक प्रयासों के लिए सराहना की।

टायर फटने से पलटी कार, मासूम की मौत

आगरा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार कार का टायर फटने से दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में सात माह की मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना थाना फतेहाबाद क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के 22.500 माइल स्टोन के पास हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार दयालबाग आगरा निवासी निशांत वशिष्ठ अपनी पत्नी वैष्णवी, सात माह की बेटी यति और आकांक्षा नाम की युवती के साथ कार से मैनपुरी से दिल्ली जा रहे थे। दोपहर करीब एक बजे जब उनकी कार थाना फतेहाबाद क्षेत्र में पहुंची, तभी अचानक कार का अगला टायर फट गया। उस समय कार तेज रफ्तार में थी। टायर फटते ही कार अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे पर कई बार पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों ने तुरंत पुलिस और यूपीडा कर्मियों को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के समय कार सवार लोगों ने सीट बेल्ट लगा रखी थी। हालांकि तेज रफ्तार और भीषण गर्मी के कारण टायर फटने की आशंका जताई जा रही है। हादसे में सात माह की बच्ची यति गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही थाना फतेहाबाद पुलिस, यूपीडा टीम और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को कार से बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सात माह की बच्ची यति को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल निशांत वशिष्ठ और उनकी पत्नी वैष्णवी को प्राथमिक उपचार के बाद आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार वैष्णवी की हालत गंभीर बनी हुई है। कार में सवार आकांक्षा सुरक्षित बच गईं। बताया जा रहा है कि वह घायल निशांत की बहन हैं। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया।

पंचायत की चौपाल से गलियों तक विकास की दस्तक

- चार वर्षों में सड़कों, नालियों और सोलर रोशनी का जाल सरांय दिलावर पंचायत में विकास कार्यों की लंबी फेहरिस्त

डलमऊ, रायबरेली। पंचायत चुनावों के दौरान अक्सर विकास के दावे और वादे हवा में तैरते नजर आते हैं, लेकिन सरांय दिलावर ग्राम पंचायत में बीते चार वर्षों के दौरान कराए गए कार्यों की सूची जमीन पर हुए निर्माण कार्यों की एक अलग तस्वीर पेश करती दिखाई दे रही है। ग्राम प्रधान सविनम यादव के कार्यकाल में ग्राम पंचायत सरांय दिलावर के अंतर्गत पूरे बनियानी, दरबानीहार, अडाना, पूरे कोइली और मलियापुर में सड़क, इंटरलॉकिंग, नाली, खड़ंजा, सोलर लाइट और सार्वजनिक भवनों के कायाकल्प जैसे दर्जनों कार्य कराए गए हैं। ग्राम पंचायत के भीतर सबसे अधिक जोर संपर्क मार्गों को बेहतर बनाने पर दिखाई देता है। पंचायत क्षेत्र में सलवन रोड से अमित वर्मा के घर तक, अमित वर्मा के घर से सीसी रोड तक, रायबरेली-डलमऊ मुख्य मार्ग से गौरय्या बाबा मंदिर तक, मंदिर मार्ग से संदीप के घर तक तथा विपिन पटेल के प्लाट से बाबा के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कराया गया। वहीं कई स्थानों पर सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य भी कराए गए, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। दरबानीहार गांव में मुर्शिदाबाद मुख्य मार्ग से विश्राम यादव के घर तक इंटरलॉकिंग और नाली मरम्मत, सलवन रोड से विपिन पटेल के दरवाजे होते हुए शफीकुननिशा के घर तक खड़ंजा निर्माण तथा सीसी रोड से रिजवान के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग जैसे कार्य कराए गए। वहीं अडाना मजरे में डलमऊ सीमा से सुंदर लाल के दरवाजे तक नाली और इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण तथा अंडरग्राउंड नाली निर्माण कराया गया। पूरे बनियानी में भी मुख्य मार्गों और गलियों को दुरुस्त करने पर विशेष ध्यान दिया गया। जहां राम प्रकाश के दरवाजे तक खड़ंजा निर्माण, राम मनोहर के दरवाजे से राकेश के घर तक सड़क कार्य, मनोज के दरवाजे से सोखरी तालाब तक खड़ंजा व नाली निर्माण त्वा मुख्य मार्ग से मंदिर तक इंटरलॉकिंग कराई गई। इसके अलावा दिनेश के दरवाजे से राम किशोर तक अंडरग्राउंड नाली निर्माण भी कराया गया। पूरे कोइली में चकमार्ग निर्माण, ट्रांसफार्मर तक खड़ंजा, मुख्य मार्ग से मंदिर तक इंटरलॉकिंग, पुराने नाले तक नाला निर्माण और सीसी रोड तक संपर्क मार्ग बनाए गए। वहीं मलियापुर में मुख्य सड़क से बेबी के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य कराया गया। ग्राम पंचायत में सिर्फ सड़क और नाली तक ही विकास सीमित नहीं रहा। पंचायत क्षेत्र में कई स्थानों पर सोलर लाइटें भी लगाई गईं, जिनमें शिवभजन, राकेश, गफ्फार और लाली के दरवाजों के पास सोलर लाइट प्रमुख हैं। वहीं क्षेत्र पंचायत के माध्यम से सोलर वाटर पंप की स्थापना भी कराई गई। शिक्षा और सार्वजनिक संस्थानों के कायाकल्प को लेकर भी पंचायत स्तर पर काम हुआ। प्राथमिक विद्यालय पूरे कोइली का कायाकल्प, पंचायत भवन का नवीनीकरण, आरआरसी सेंटर और आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण जैसे कार्य पंचायत की प्राथमिकताओं में शामिल रहे। ग्रामीणों के बीच इन कार्यों को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।

संक्षेप

संविदा चालक की भर्ती की प्रक्रिया शुरू

देवरिया ।देवरिया डिपो में संविदा चालक पदों पर भर्ती हेतु आवेदन प्रक्रिया 2 जून से प्रारंभ हो रही है ।। वर्तमान में डिपो में संविदा चालक के कुल 50 पद रिक्त हैं, जिनके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, देवरिया डिपो कपिलदेव प्रसाद ने बताया कि बसों की उपलब्धता के अनुसार रिक्त पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार वृद्धि अथवा कमी की जा सकती है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर निर्धारित तिथियों में भर्ती कैम्प आयोजित किए जाएंगे उन्होंने बताया कि 2 जून को मेहरौना पुलिस चौकी के बगल में, 5 जून को घाटी चौराहा, 9 जून को रामपुर कारखाना (प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र के पास), 12 जून को बंगरा बाजार, 16 जून को धुसवां चौराहा, 19 जून को पकहां बस स्टॉप, 22 जून को डरैला बाजारबॉर्डर), 24 जून को मंदिर परिसर, 27 जून को डिघवा पटवा नहर के पास, 30 जून को सहजौर चौराहा पर होगा

अकीदत और सौहार्द के साथ मनायी गयी बकरीद ईदगाहों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जनपद में गुरुवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार धार्मिक श्रद्धा, पारंपरिक उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही जिले की

● ईदगाहों से उठी अमन की दुआ, बकरीद पर भाईचारे की मिसाल बना कुशीनगर

विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की आवाजाही शुरू हो गई थी। निर्धारित समय पर हजारों लोगों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर मुल्क में अमन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी।

पडरौना नगर की ईदगाह समेत कसया, हाटा, तमकुहीराज, खड्डा, सेवरही और ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों व ईदगाहों में बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। नए कपड़ों में सजे बच्चे सुबह से ही ईदगाहों और बाजारों में नजर आए। बकरीद को लेकर बाजारों में भी दिनभर रौनक बनी रही। मिठाई, सेवइयां, सूखे मेवे और अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गई। कई स्थानों पर लोगों ने जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री और अन्य वस्तुओं का वितरण भी किया।

त्योहार के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। प्रमुख ईदगाहों, मस्जिदों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अधिकारियों ने सुबह से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का

जायजा लिया। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी पुलिसकर्मी तैनात रहे। धार्मिक परंपराओं के अनुसार लोगों ने कुर्बानी की रस्म अदा की।इस दौरान स्वच्छता और निर्धारित व्यवस्थाओं का भी ध्यान रखा गया। प्रशासन की ओर से पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों का पालन कराने के लिए संबंधित विभागों की टीमें सक्रिय रहीं जिलेभर में त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर प्रशासन ने लोगों के सहयोग की सराहना की। बकरीद के मौके पर जिले में आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द की तस्वीर देखने को मिली।

बिशनपुर बिंदोलिया में प्रशासन ने हटवाया अवैध अतिक्रमण

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर शुक्रवार को नगर पालिका कुशीनगर के वार्ड नंबर 21 बुद्ध नगरी राजस्व ग्राम बिशनपुर बिंदोलिया में लगभग 530 वर्ग मीटर बेस कीमती जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया।

उप जिलाधिकारी कसया डॉ0 संतराज सिंह बघेल के नेतृत्व में नगर पालिका राजस्व टीम तथा पुलिस बल के द्वारा अवैध कब्जा हटाया गया। बिशनपुर बिंदवालिया गांव में चकमार्ग का गाटा नंबर है 225 रकबा 530 वर्ग मीटर जिस पर ममता, जयप्रकाश, कामोद, प्रमोद, श्याम कृष्ण, हरी लाल आदि लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था।इस बीच आज काफी नोक झोंक भी हुई। मौके पर तहसीलदार धर्मवीर सिंह नायब तहसीलदार संदीप कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कुशीनगर अंकित शुक्ला राजस्व निरीक्षक ब्रजेश मणि लेखपाल आलोक श्रीवास्तव अजय कुमार दुबे निलेश राव तथा सभासद केशव नगर वासी मौजूद थे। इस संदर्भ में जब उप जिलाधिकारी कसया श्री बघेल ने बताया कि इस समय चक मार्ग की पैमाइश तथा अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसकी समीक्षा प्रतिदिन जिलाधिकारी द्वारा की जाती है। इस तरह संपन्न लोगों ने इतनी बेस कीमती जमीन पर कब्जा किया हुआ था। उन्होंने यह भी अवगत कराया की चकमार्गो की पैमाइश कर सूची नगर पालिका व ब्लॉकों को भेज दी गई है ताकि उस पर मिट्टी भराई का कार्य बरसात के पहले किया जा सके।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया नये जिलाध्यक्ष को बधाई शुभकामनाएं

जिला संवाददाता

देवरिया। लंबे इंतजार के बाद भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने सलेमपुर के पूर्व विधायक काली प्रसाद को देवरिया का नया जिलाध्यक्ष घोषित किया है। उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला प्रभारी संतराज यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नए जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं।

श्री यादव ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने एक कर्मठ कार्यकर्ता को जिले का नेतृत्व सौंपा है उनके निर्देशन में संगठन और मजबूत और सुदृढ़ होगा इस आशा और विश्वास के साथ हम सभी कार्यकर्ता उनको बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं।

इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, सदर सांसद शशांक मणि, सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, सुरेंद्र चौरसिया, सभाकुंवर कुशवाहा, जयप्रकाश निषाद, दीपक मिश्रा शाका, पंडित गिरीश चंद्र तिवारी, राजेश कुमार मिश्रा, विजय कुमार दुबे, मारकंडे शाही, अंतर्यामी सिंह, निर्मला गौतम, अरविंद पांडे बबुना, प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, नीरज शाही, श्वेता जायसवाल, अलका सिंह, सरिता पासवान, कृष्णनाथ राय, मुकुल मणि सुबोध जायसवाल, सहित मंडल के सभी अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाइयां दी।

डीएम ने पीएचसी और कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया निरीक्षण

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शुक्रवार को सुबह बारिश के बीच भाटपाररानी तहसील क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपाररानी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण, उपस्थिति एवं छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण लगभग 08.03 बजे किए। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका, दवा वितरण पंजिका, वार्ड, ओपीडी एवं अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा मरीजों का उपचार सुचारु रूप से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय अधिकांश स्वास्थ्य एवं संविदा कर्मी अनुपस्थित पाए गए तथा आरबीएसके टीम भी मौके पर उपस्थित नहीं मिली। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को कठोर चेतावनी देते हुए कहा कि अगली बार निरीक्षण में सुधार स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए, अन्यथा कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान एक गर्भवती महिला प्रसव हेतु अस्पताल आई हुई थी, जिसके साथ आशा कार्यकर्ता भी मौजूद थीं। आशा द्वारा प्रस्तुत मदर-चाइल्ड प्रोटेक्शन (एमसीपी) कार्ड अधूरा पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि आशा कार्यकताओं को एमसीपी कार्ड के संबंध में पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं दिया गया है अथवा नियमित मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अनुपस्थित कर्मियों से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए तथा संबंधित नोडल अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भाटपाररानी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद कर पठन-पाठन एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने नामांकन के सापेक्ष छात्राओं की उपस्थिति बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को लिखते हुए निर्देशित किया कि सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठक नियमित रूप से आयोजित कराई जाए, ताकि अभिभावकों को शिक्षा के महत्व एवं शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जा सके। उन्होंने छात्राओं से पठन पाठन की वास्तविकता परखी और प्रश्न पूछे।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शौचालयों में लगी टाइल्स क्षतिग्रस्त एवं टूटी-फूटी पाई गईं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

पुण्यतिथि पर दी गयी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरणसिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

कुशीनगर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, लोकदल के संस्थापक व किसानों के मसीहा चौधरी चरणसिंह की पुण्यतिथि मनाई गई और उनके बताए मार्ग पर चलकर नए भारत के निर्माण का संकल्प लिया गया।

शुक्रवार को कसया नगर स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगला परिसर स्थित चौधरी चरणसिंह की प्रतिमा पर रालोद पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भगवान दयाल विश्वकर्मा क्षेत्रीय महासचिव संगठन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी साहब के सपनों का भारत बनाने के लिए सभी को आगे आकर पहल करनी होगी। जिलाध्यक्ष रामभवन सिंह ने कहा कि चौधरी साहब किसानों के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने जमींदारी प्रथा का खात्मा, चकबंदी कानून, मंडी समितियों की स्थापना किसानों के हित में किया। जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर ने कहा कि किसानों, मजदूरों के सही मायने में पूर्व पीएम चौधरी साहब हमदर्द थे। उनके बताए मार्ग पर चलना और सामाजिक न्याय की स्थापना करना व नए भारत का निर्माण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजली होगी। इस दौरान विप्रताप विश्वकर्मा, नर्बदा विश्वकर्मा, हरकेश कुंवर आदि पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदेश अध्यक्ष को महोबा जाने से रोकना लोकतंत्र का हनन: कांग्रेस

कसया, कुशीनगर। महोबा दलित छात्रा को बंधक बनाकर किया गया दुष्कर्म इस सरकार की संवेदनहीनता को दशार्ता है। पीड़िता के घर जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को रोक दिया जाना लोकतंत्र का हनन है।

उक्त बातें कांग्रेस जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार विश्वकर्मा उर्फ राधे ने लोनिवि कसया के विश्राम गृह में कही। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने कहा कि पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्री राय को महोबा जाने का विरोध भाजपा कार्यकताओं के अलावा उनके विधायक और मंत्रियों ने किया और श्री राय की संपति की जांच की मांग कर रहे हैं। श्री राय का सार्वजनिक जीवन एक खुली किताब की तरह है। अभी दो दिन पूर्व आगरा नगर निगम ने दो दिन पूर्व टोरंटो कंपनी का कर्ज माफ किया है। इसी तरह भाजपा ने पूंजीपतियों का कर्ज माफ कर उनसे वसूली की है। कांग्रेस ने यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा की नीति काम लो, चंदा दो की है। ईडी, आयकर के छापों में वसूली की नीति भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण है। सरकार में अगर साहस है और भ्रष्टाचार को खत्म

करना है तो सबसे पहले अपने विधायकों, सांसदों, मंत्रियों की संपति की जांच कराए। मिड डे मिल, अस्पताल की दवाएं, मनरेगा, विनिर्माण क्षेत्र हर जगह लूट है। आगे कहा कि सरकार के कथनी और करनी में अंतर है। अबतक इस सरकार का कोई नुमाइंदा नहीं गया। जो गया उसके खिलाफ आंदोलन किया जाता है और लोकतंत्र की आवाज दबाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता राहुल गांधी लोकतंत्र की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं और संवैधानिक मूल्यों को लेकर देश में अलख जगा रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता एडवोकेट पंचानंद मिश्रा ने कहा कि दलित महिला के साथ दुष्कर्म किया गया है। जिसको लेकर भाजपा सरकार में थोड़ा भी शर्म नहीं है। इस सरकार में लोकतंत्र का चीर हरण हुआ है।

विकास की धारा से जुड़ा देश का कोना कोना: शशांक मणि

देवरिया ।मोदी सरकार के सफलतम 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि एवं सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि देशव्यापी जन उत्सव कार्यक्रम के तहत आगामी पांच जून से 21 जून तक विभिन्न संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण किए हैं। इन वर्षों में भारत ने विकास, वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि इन 12 वर्षों में सरकार ने गरीब कल्याण के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं लागू कर देश के कोने-कोने को विकास की धारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में देश के हर वर्ग का विकास हुआ है और देश की व्यवस्था में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है ।कार्यशाला का विषय रखते हुए जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं के बारे में बताएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय सम्मान के क्षेत्र में ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की हैं। उन्होंने जोर दिया कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जो भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है ।उन्होंने कोरोना महामारी जैसी कठिन परिस्थितियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने इन चुनौतियों का मजबूती से सामना किया। मुफ्त राशन योजना, व्यापक टीकाकरण अभियान और गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को राहत प्रदान की गई ।सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र सरकार के ये 12 साल ऐतिहासिक निर्णयों और देश के समग्र विकास के रहे हैं। उन्होंने सभी कार्यकताओं से सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी नीतियों को हर घर और हर गरीब तक पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि संगठन और अधिक मजबूत हो सके। अभियान के जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सरकार के सफलतम 12 वर्ष के कार्यों के पूर्ण होने पर नौ प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।

छात्रा के साथ छेड़छाड़ के विरोध में जानलेवा हमला के मामले में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर पंचायत के एक वार्ड मे छात्रा के छेडछाड करने के विरोध में परिजनों पर किये गये जानलेवा हमला के मामले में पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा किया दर्ज ।छात्रा के मात्रा द्वारा थाने में दिये गये तहरीर मे लिखी है ।पडोस का ही युवक राहुल वर्मा आश्लील हरकत व छेडछाड करता था ।शिकायत के बावजूद भी सुधार नही हुआ ।मेरी पुत्री को अकेला देखकर छैडखानी करते हुए कपडे फाड डाला ।जब विरोध जताया गया तो राहुल वर्मा चन्दन दुबे गणेश वर्मा व आशुतोष वर्मा एक राय होकर लाठी राँड लेकर गाली देते हुए घर में घुस कर परिवार को मारने पीटने लगे ।जिसमें संदीप कुमार मध्देसिया गम्भीर रुप में घायल हो गया । आँख में गम्भीर चोट लगी है । उपचार के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी वहाँ से मेडिकल कालेज देवरिया भेज दिया ।जहाँ उपचार चल रहा है ।तहरीर के आधार पर चारो आरोपी के विरुद्ध बीएन एस की धारा 173के -296,75,76,125(2),352,351(3),333,7,8के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर रही है ।

आकाशीय बिजली गिरने से झोपड़ी में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख

भटनी(देवरिया)। तड़के सुबह मौसम के अचानक बदले मिजाज ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। तेज आंधी और बारिश के बीच कड़कती बिजली ने विकास खण्ड के ग्राम सिंगही डीह निवासी दीपक कुमार पुत्र मुसाफिर प्रसाद की झोपड़ी (पलान) को अपनी चपेट में ले लिया ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जोरदार गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरते ही दो झोपड़ी में आग लग गई, जिससे उसमें रखा गेहूं, चावल, कपड़े, जरूरी कागजात तथा नगद रुपये जलकर राख हो गए। घटना के समय बिजली की आवाज इतनी तेज थी कि दीपक कुमार घबरा गए और उन्हें झटके आने लगे ।परिजनों ने तत्काल उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार कराया। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

जेल जा चुका आरोपी फिर सुर्खियों में, वायरल कॉल ने उठाए सिस्टम पर सवाल

जिला संवाददाता

कुशीनगर। सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो क्लिप ने जिले में हलचल मचा दी है। ऑडियो में कथित तौर पर वही शख्स सुनाई दे रहा है जो पहले खुद को जीएसटी अधिकारी बताकर ट्रक चालकों से वसूली करने के आरोप में जेल जा चुका है। लेकिन इस बार चर्चा केवल उसकी आवाज की नहीं, बल्कि उसके ह्लतेवरह्व की हो रही है ।वायरल बातचीत में वह तमकुहीराज थाने पर तैनात एक पुलिसकर्मी से जिस अंदाज में बात

● फर्जी जीएसटी अफसर का नया ऑडियो वायरल, पुलिस से बात करने का अंदाज बना चर्चा

करता सुनाई दे रहा है, उसे सुनकर लोग हैरान हैं। आवाज में ऐसा रौब, ऐसी गुर्राहट और ऐसा दबाव मानो सामने कोई पुलिसकर्मी नहीं, बल्कि उसका मातहत खड़ा हो ।हालांकि ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर यह आडियो खूब वायरल हो रहा है और आमलोग यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि आखिर एक आरोपी इतना बेखौफ कैसे हो सकता है ?

ऑडियो नहीं.. फर्जी अफसरी का लाइव डेमो

ऑडियो सुनने वाले लोग एक ही बात कह रहे हैं अगर पुलिस से बात करने का अंदाज ऐसा है, तो ट्रक ड्राइवरों और आम लोगों पर यह व्यक्ति कितना दबाव बनाता होगा। यही वजह है कि यह वायरल क्लिप अब सिर्फ एक ऑडियो नहीं, बल्कि उस कथित ₹फर्जी अफसरी मॉडलर₹ का नमूना मानी जा रही है, जिसमें आवाज, रोब और डर दिखाकर लोगों को अपने प्रभाव में लिया जाता है ।सूत्र बताते हैं कि आरोपी पर पहले भी ट्रक चालकों को रोककर खुद को जीएसटी अधिकारी बताने, कागज चेक करने के नाम पर धमकाने और वसूली करने के आरोप लग चुके हैं। मामला जेल तक पहुंचा था, लेकिन अब वायरल ऑडियो ने फिर वही सवाल जिंदा कर दिए हैं।

क्या था कम्प्लेन

पूरा मामला अब इसी सवाल पर टिक गया है कि आखिर वह कौन सी शिकायत थी, जिसके आधार पर पुलिसकर्मी उससे संपर्क में था? क्या वास्तव में कोई शिकायत दर्ज हुई थी?यदि शिकायत थी, तो आरोपी जैसा व्यक्ति पुलिस से इतनी दबंगई से कैसे बात कर रहा था?क्या उसे किसी संरक्षण का भरोसा था?या फिर मामला सिर्फ प्रभाव और डर दिखाने का था? इन सभी सवालों ने पूरे घटनाक्रम को और ज्यादा संदिग्ध बना दिया है।

पुलिस और सिस्टम पर उठ रहे सवाल

वायरल ऑडियो ने केवल एक व्यक्ति की कथित दबंगई को उजागर नहीं किया, बल्कि यह भी सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर ऐसे लोग बार-बार सिस्टम के आसपास कैसे सक्रिय हो जाते हैं ।अगर कोई व्यक्ति पहले भी फर्जी अधिकारी बनकर जेल जा चुका हो और फिर भी उसी अंदाज में प्रभाव दिखाता नजर आए, तो यह कानून व्यवस्था और निगरानी तंत्र दोनों पर बड़ा सवाल है।

सच सामने आना जरूरी

फिलहाल सोशल मीडिया पर वायरल इस ऑडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है, लेकिन मामला चर्चा का विषय बन चुका है। अब देखना दिलचस्प होगा कि पुलिस और संबंधित विभाग इस वायरल ऑडियो की जांच कर सच्चाई सामने लाते हैं या नहीं।

जरूरतमंद छात्र की दोबारा पढ़ाई शुरू कराने का भी दिलाया भरोसा

देवरिया। जनता दर्शन में शुक्रवार को नगर पंचायत भलुअनी अंतर्गत जरार वार्ड नंबर-5 निवासी कालिंदी देवी पत्नी मोतीलाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास के निर्माण में बाधा उत्पन्न किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी से की।

फरियादिनी ने लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका आवास स्वीकृत होने के बावजूद कुछ लोगों द्वारा निर्माण कार्य रुकवाया जा रहा है, जिससे आवास का निर्माण नहीं हो पा रहा है जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत भलुअनी के अधिशासी अधिकारी से सीधे वार्ता की तथा मौके पर पहुंचकर प्रकरण का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान फरियादिनी के साथ आए उनके पुत्र अनिल यादव (लगभग 18 वर्ष) से जिलाधिकारी ने पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। अनिल ने बताया कि हाईस्कूल उत्तीर्ण करने के बाद आर्थिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उसकी पढ़ाई छूट गई है।

इस पर जिलाधिकारी ने छात्र को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया तथा उसकी माता की सहमति मिलने पर जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से किसी विद्यालय में प्रवेश दिलाए जाने का आश्वासन दिया जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना तथा जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

देवरिया ।जिले के खुखुंदू थाना क्षेत्र के नारायणपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह धर्मेंद्र प्रसाद पुत्र राजदेव प्रसाद शौच करने गांव कि पश्चिम तरफ जा रहा था कि उसी समय आकाशीय बिजली गिरने से धर्मेंद्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। अगल-बगल के लोगों ने घायल धर्मेंद्र को मेडिकल कॉलेज देवरिया लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने धर्मेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की खबर पाकर परिवार में कोहराम मच गया। धर्मेंद्र दो भाइयों में बड़ा था जो लोकल स्तर पर इलेक्ट्रिक का काम कर परिवार की जीविका चलता था। धर्मेंद्र की पत्नी बिंदु देवी एवं माता देवी का रो-रो कर बुरा हाल है मृतक धर्मेंद्र के दो बच्चे आयुष अश्वनी और एक पुत्री अननया थी। ग्रामीणों की सूचना पर थानाध्यक्ष खुखुंदू राजीव सिंह मय फोर्स पहुंचकर शव को पीएम हाउस भेज कर पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया । एस ओ राजीव कुमार सिंह ने बताया की परिजनों की तरफ से भकोई लिखित तहरीर नहीं मिली है।

बिहार पुलिस ने घाँटी से उठाये गये सभी युवको छोड़ा

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम घाँटी से बृहस्पतिवार के भोर में छापेमारी कर आधा दर्जन युवको को चोरी के गैंग मे.शामिल होने के सन्देश में विजयीपुर (गोपालगंज)बिहार की पुलिस ने उठाया लिया था ।पुछताछ के बाद सायंकाल तक सभी छोड दिया ।

बताया गया है कि ग्राम घाँटी से सात मई को संजय कुमार पुत्र लक्ष्मण की बारात ग्राम बसहाँ थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज बिहार निवासी छोटेलाल प्रसाद पुत्र करमदेव के घर गयी थी ।शादी में आर्केस्ट्रा हुआ था जो सट्टा के बावजूद नही आया ।गाँव के युवक आर्केस्ट्रा के नर्तकी के पास फोन कर रहे थे कि आब तक पार्टी बारात में नही आयी ।इसी बीच नर्तकी का पति एक चोरी के मामले में पकडा गया ।विजयीपुर पुलिस पति पत्नी का मोबाईल लेकर जाँच मे लग गयी ।शायद पुलिस को पक्का विश्वास हो गया की इसके गैंग में चोरो की संख्या अधिक है ।गैंग का अनावरण करने के लिए एक सुनियोजित योजना के तहत मोबाईल से लोकेशन ट्रेस कर भटनी पुलिस के सहयोग से एकही समय सभी के घरो में छापेमारी की गयी जो नर्तकी से बात किये थे ।इतनाही नही भोला यादव गाडी ले जाने के लिए एक युवक से बात किया था ।उसे भी पुलिस उठा ले गयी ।संजय की ही शादी की बारात गयी थी जो दवा लेने गोरखपुर गया था दोनों भाईयों को भी पुलिस गोरखपुर से उठा लायी ।

पुलिस कार्यवाही से पुरे क्षेत्र मे.हडकंप मच गया बृहस्पतिवार को सायःकाल तक अफवाहों का बाजार गर्म था जब तक सभी युवक वापस घर नही आये ।

पकडे एक युवक के परिजन मुन्ना यादव भोला यादव ने बताया कि पहले हम लोग विजयीपुर थाने गये ।वहां पता चला की सभी लोग भोरे थाने में वहां जाने में पता चला की इस मामले में किसी की संलिप्तता नही है ।घर आने पर सभी परिजन व युवक राहत की साँस ली ।

फिकरे न कसें, काम देखें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा कर भारत वापस आ गए हैं। लेकिन उनकी यह 6 दिवसीय यात्रा प्रारंभ से लेकर अंत तक चर्चा के केंद्र में रही है। अपने ही देश में उन पर तरह-तरह के फिकरे कसे गए। कांग्रेस ने तो उन्हें गद्दार तक कह दिया। यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। कमियां गिनाना आसान है । अच्छा होता कि इस देशके नेता चाहे वे सत्तापक्ष में हों या विपक्ष में समाधान तलाशते। एक ओर जहां नार्वे, नीदरलैंड, स्वीडन, इटली और संयुक्त अरब अमीरात में उन्हें हाथोहाथ लिया गया, भारत के साथ अनेक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए , चार देशों ने तो उन्हें सर्वोच्च सम्मान तक दिया । यह दरअसल एक व्यक्ति का नहीं, देशकासम्मान था लेकिन इसके इतर भारत में प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध भयंकर विषवमन समझ से परे है। यह तो वही बात हुई कि घर का जोगी जोगड़ा आन गांव का सिद्ध। नीति ग्रंथों में तो यहां तक कहा गया ही कि राजा तु स्वदेशे पूज्यते, विद्वान सर्वत्र पूज्यते। लोकतंत्र में प्रधानमंत्री को पता नहीं राजा मानते है या नहीं, लेकिन देश की बागडोर तो उसके हाथ में है ही, फिर भी अपमान की सतत श्रृंखला आमजन को सोचने पर विवश तो करती ही ही। गोस्वामी तुलसीदास को भी अपनी जन्मभूमि राजापुर में कुछ ऐसे ही हालात का सामना करना पड़ा था तभी तो उन्होंने लिख दिया था कि तुलसी वहां न जाइए, जन्मभूमि के ठाँव। गुण अवगुण का मर्म न जानें, धरैं पाछिलो नाम। यह इस देश की विडंबना है कि जो विदेश की सरजमीं पर जाकर भारतभूमि की आलोचना करते हैं, जिनकी पार्टी के दौर में लोग संविधान और लोकतंत्र की घोर उपेक्षा देख चुके हैं। देश में त्रासद आपातकाल झेल चुके हैं, नागरिक अधिकारों का निलंबन झेल चुके हैं, उस दल के नेता भी अगर संविधान और लोकतंत्र के संरक्षण की बात कर रहे हैं तो समझा जा सकता है कि देश को किस तरह के



नेतृत्व की जरूरत है। इस व्यर्थ की चिल्लपों में वे दल भी शामिल हो गए हैं और प्रकारांतर से कांग्रेस का साथ दे रहे हैं, जिन्होंने आपातकाल में जेल यातनाएं सही हैं।

खैर, विषयांतर हुए बगैर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्रा और उसके हासिल पर ही चर्चा की जाए तो शायद ज्यादा उपयुक्त होगा। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकल्पहीनता बिल्कुल पसंद नहीं। वे चुनौतियों का मुक्त हृदय से स्वागत करते हैं। हाथ पर हाथ रखकर बैठने में यकीन नहीं रखते। संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की उनकी यात्रा को कमोवेश इसी आलोक में देखा-समझा जा सकता है। यह सच है कि उनकी यह यात्रा ऐसे दौर में हुई है, जब उन्होंने देशवासियों से डीजल-पेट्रोल बचाने की अपील की थी। मंत्रियों से विदेश यात्रा से बचने की अपील की थी। देश में उनकी अपील पर अमल शुरू भी हो गया है लेकिन उन्होंने और उनके पीछे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विदेश के लिए उड़ान भरकर देश को तो विस्मित किया ही, विपक्ष को भी बैठे-ठाले सरकार के विरोध का मौका दे दिया है। एक सच यह भी है कि ईरान और अमेरिका के युद्ध और अमेरिका-चीन वार्ता की विफलता के बाद पीएम नरेंद्र मोदी को इस बात का अहसास हो गया है कि आने वाला समय भारत के लिए बहुत आसान नहीं है। जिस तरह डीजल-पेट्रोल और गैस की कीमतें बढ़ रही हैं और होर्मुज स्ट्रेट का संकट फिलहाल थमता नजर नहीं आ रहा है, उसे देखते हुए एक दरवाजा बंद होने से पहले नए दरवाजों की उनकी तलाश वाजिब भी है। आइसलैंड, फिनलैंड और डेनमार्क के प्रधानमंत्रियों के साथ अलग-अलग बैठकें कर उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार, सतत विकास और डिजिटलीकरण के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के जो प्रयास किए हैं, उसके सकारात्मक परिणामों को नकारा नहीं जा सकता। यात्रा के लिए यात्राऔरदेश के व्यापक हितों के लिए यात्रा का फर्क तो समझा ही जाना चाहिए।

विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

–महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

–टॉलस्टॉय.

कर्नाटक में बदलाव का कांग्रेस पर असर

शाहिद ए चौधरी

हाई कमान ने मुझसे राज्यसभा में जाने के लिए कहा, मैंने विनम्रता से इनकार कर दिया। मेरी दिलचस्पी राष्ट्रीय राजनीति में नहीं है। लोगों ने मुझे पांच साल के लिए चुना है और दो साल अभी शेष हैं। तब तक मैं कर्नाटक की जनता और अपने चुनाव क्षेत्र के लोगों के लिए कामकरूंगा। विधायक दल व हाई कमान चाहे जिसे भी मुख्यमंत्री चुने। यह वक्तव्य है, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्दारमैया का, जिन्होंने 28 मई 2026 को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया ताकि नये मुख्यमंत्री का चयन हो सके। प्रबल अनुमान यही है कि डीके शिवकुमार ही इस पद को संभालेंगे, जिनकी कर्नाटक में कांग्रेस को पुनः सत्ता में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका थी, जबकि उनके नाम को अनदेखा करते हुए वरिष्ठता व अनुभव को देखते हुए सिद्दारमैया को 20 मई 2023 को मुख्यमंत्री की शपथ दिला दी गई थी। तब सिद्दारमैया दूसरी बार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने थे। तब स्पष्ट संकेत यही थे कि आधे टर्म के लिए सिद्दारमैया और शेष आधे टर्म के लिए शिवकुमार मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन एक बार कुर्सी पाने के बाद कौन उसे छोड़ना चाहता है, इसलिए आधा टर्म पूरा होने के बाद भी अघोषित संभावित व्यवस्था, बीच-बीच में अंदरूनी राजनीतिक तनाव के चलते स्थगित होती रही।

> इस्तीफा देने से पहले मंत्रिमंडल की बैठक में शिवकुमार ने सिद्दारमैया के पैर छुए और उन्होंने शिवकुमार को अपने गले से लगाया, लेकिन राजनीति में जो दिखताहै, वह होता नहीं है। इसलिए अभी यह अनुमान लगाना कठिन है कि कर्नाटक में यह फेरबदल कांग्रेस के लिए क्या गुल खिलायेगा।

बहरहाल, इतना तो स्पष्ट है कि कांग्रेस ने मुख्यतः दो कारणों से अपना मुख्यमंत्री बदलने का फैसला किया है। एक, भाजपा की शैली (जैसा कि वह अक्सर गुजरात में करती है) को अपनाते हुए सत्ता विरोधी लहर को कम करने के लिए। दूसरा शिवकुमार से किये गये वायदे को पूरा करने के लिए। लेकिन सिद्दारमैया के उक्त वक्तव्य को अगर पढ़ा जाये तो शिवकुमार के लिए राहें आसान नहीं होने जा रही हैं; क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री राज्य में राजनीतिक दृष्टि से पैसिव नहीं रहने के। उन्होंने राज्यसभा में जाने से इनकार कर दिया है। दूसरा यह कि कर्नाटक में बहुत गहरी क्षेत्रीय व जातिगत असमानताएं हैं जिन्हें संबोधित करना आसान नहीं है। फिर अब भी ऐसे दर्जनों विधायक हैं जो सिद्दारमैया से वफादारी का दम भरते हैं। बीजेपी के चाणक्य ऐसे ही अवसर की तलाश में रहते हैं। फिलहाल सिद्दारमैया खुद को कांग्रेस के लिए समर्पित बता रहे हैं। इस्तीफा देने से पहले मंत्रिमंडल की बैठक में शिवकुमार ने उनके चरण स्पर्श किये व उन्होंने शिवकुमार को अपने गले लगाया।



सिद्दारमैया का इस्तीफा

लेकिन राजनीति में जो दिखता है ,वह अक्सर होता नहीं है। इसलिए कम से कम अभी के लिए यह अनुमान लगाना कठिन है कि कर्नाटक में यह फेरबदल कांग्रेस के लिए क्या गुल खिलायेगा? वैसे इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि कांग्रेस के संकटमोचक शिवकुमार स्थितियों को संभालने में बहुत माहिर हैं।

कर्नाटक में 1980 के दशक से किसी भी पार्टी ने लगातार दूसरी बार सरकार नहीं बनायी है। सिद्दारमैया को बदलने से क्या कांग्रेस के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर भी चली जाएगी और पार्टी 2028 के विधानसभा चुनाव का सामना ताजा छवि से कर पायेगी? इस जुए में सफलता न सिर्फ. त्वरित राजनीतिक उथल-पुथल के प्रबंधन पर निर्भर करेगी बल्कि इस पर भी कि नई सरकार आर्थिक संकट का किस तरह से प्रबंधन करेगी जो लोगों को हर रंग की पार्टियों को ठुकराने के लिए विवश करता है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने ऐसी स्थितियों के प्रबंधन में जो अतीत में गलतियां कीं, उन सबसे बचने का प्रयास कर रही है। राजीव गांधी ने 1990 में एयरपोर्ट पर वीरेंद्र पाटिल को बतौर मुख्यमंत्री बर्खास्त कर दिया था, जिसके लिए राज्य की सबसे बड़ी जाति लिंगायत ने अभी तक कांग्रेस को माफ नहीं किया है। राहुल गांधी ने सिद्दारमैया के इस्तीफे की मांग काफी शालीनता व राज्यसभा सदस्यता के साथ की। सिद्दारमैया ने भी बदलाव को स्वीकार किया, लेकिन उनका एक्शन विद्रोह के संकेत के बिना नहीं था। उन्होंने राज्यसभा सीट के ऑफर को भी ठुकरा दिया।

हाई कमान से मुलाकात करने के बाद उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि जाति सर्वे रिपोर्ट सौंप दी जाये। चूंकि रिपोर्ट में कर्नाटक में नये आरक्षण फॉर्मूले की मांग की गई है, इसलिए वह अगले मुख्यमंत्री के लिए किसी टाइम बम से कम नहीं है। इससे सिद्दारमैया को मंच भी मिल जाता है कि वह अहिंदा (अल्पसंख्यक, पिछड़ी जातियों व दलितों) की राजनीति में लौट आएं। वह कर्नाटक में कांग्रेस के एकमात्र वरिष्ठ नेता हैं, जिनका जनाधार है।

जाहिर है विपक्ष उनकी इस चाल को अनदेखा नहीं करेगा। पिछड़े गुटों की जन राजनीति में सिद्दारमैया के लौटने से वही आर्थिक प्रक्रियाएं उबाल लेने लगेंगी, जिनकी वजह से राज्य में पार्टियों का पुनः चयन नहीं हो पाता है। 1980 तक कर्नाटक वह राज्य था, जहां सत्तारूढ़ पार्टी कभी हारती नहीं थी। फिर यह होने लगा कि सत्तारूढ़ पार्टी कभी लगातार न जीत पाती। यह सब कर्नाटक में भूमंडलीकरण की वजह से हुआ। संचार क्रांति ने बंगलुरु के टेक्निकल मैनपॉवर को वैश्विक अवसरों तक पहुंचाया। इसके अतिरिक्त उदारीकरण के लाभों से बंगलुरु को वैश्विक पहचान मिली, आईटी सेवाओं के केंद्र के रूप में। बहुआयामी रसोई से आईटी कैंपस की कहानियों ने वैश्विक कम्पनियों के उत्थान को देखा और कर्नाटक देश में सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बन गया। इस सफलता की राजनीतिक कठिनाई यह थी कि यह केवल एक जिले तक केंद्रित रही। कर्नाटक की आय में बंगलुरु का शेयर निरंतर बढ़ता रहा और अब राज्य के जीएसडीपी में लगभग 40 प्रतिशत का हिस्सा है, बाकी जिले इस प्रकार का विकास नहीं कर पाए हैं और इस आर्थिक असमानता ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया है कि राजनीतिज्ञ इसे अनदेखा नहीं कर पायेंगे। नतीजतन वह अपने-अपने क्षेत्रों के लिए अलग स्टेट्स की मांग करने लगे, जिसमें पहल मल्लिकार्जुन खरगे ने उत्तरपूर्व कर्नाटक के लिए की। जब इससे भी काम न चला तो राजनीतिक फोकस सीधे लाभों की तरफ मुड़ गया। बतौर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने अपने पहले टर्म में मुफ्त चावल योजना आरंभ की। दूसरे टर्म में इसका विस्तार पांच गारंटियों में कर दिया गया। राज्य द्वारा संसाधनों का ट्रांसफर गरीबों की ओर करना राजनीतिक दृष्टि से आकर्षक हो सकता है, लेकिन उससे असमानता के बोध को कम नहीं किया जा सकता जोकि बंगलुरु व अन्य जिलों के बीच है। इसलिए अन्य जिलों की प्रतिक्रिया राज्य सरकारों के खिलाफ मतदान करने की रही।

कर्नाटक में राजनीतिज्ञों के लिए आर्थिक समस्या हाल के वर्षों में अतिरिक्त कठिन हो गई है, मुख्यतः दो कारणों से। एक, एआई के आने से बंगलुरु के आईटी उद्योग में कोडिंग जॉब्स पर कुप्रभाव पड़ा है। आईटी प्रोफेशनल्स को नौकरी से निकाले जाने की वजह से राज्य का विकास इंजन धीमा हो गया है। इससे सरकार का राजस्व प्रभावित होता है और राज्य में कल्याणकारी कार्य करना कठिन हो जाता है। दूसरा यह कि बड़ी भारतीय कम्पनियां अब विदेशों में निवेश कर रही हैं। विदेशों में भारतीय एफडीआई जो 2020-21 में लगभग 11 बिलियन डॉलर था वह 2024-25 में बढ़कर 28 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया। जाहिर है इस स्थिति में अगर कांग्रेस के नये मुख्यमंत्री को सिद्दारमैया के बदलने को सफल बनाना है, तो राजनीतिक चुनौती के साथ आर्थिक योजना को भी विकसित करना होगा।

सोशल मीडिया

हमारी मातृभूमि साधना व उपासना के साथ-साथ साहस, शक्ति और सर्व-कल्याण की पुण्य भूमि रही है, महान विरासत एवं प्राचीन संस्कृति की पावन धरा सबको सुख समृद्धि से परिपूर्ण रखे। पीएम मोदी.

सत्य अनुभूति का विषय

मैं कहना चाहता हूं कि कोई भी दुनिया में कुछ कहे, उस किसी को भी सत्य मानना उचित नहीं है, जब तक कि खुद उसका अनुभव न हो जाए। यदि हम दूसरों की बातों को सत्य मान लेंगे, तो स्वयं सत्य को जानने से वंचित रह जाएंगे। जो भी विश्वास बना लेता है, और दूसरों को स्वीकार कर लेता है, वह खुद के उदघाटन से अपने ही हाथों, अपने ही हाथों, अपने उदघाटन से दूर हो जाता है। लेकिन हम सारे लोग ही विश्वास किए हुए हैं, हम सारे लोग ही किसी धर्म को, किसी पंथ को, किसी शास्त्र को अंगीकार किए हुए हैं, और यही कारण है कि हम सत्य को जानने में समर्थ नहीं हो पाएंगे।

सत्य को जानने के लिए जरूरी है कि मन दूसरों को स्वीकार करने की घातक प्रवृत्ति से मुक्त हो जाए। लेकिन हमें सिखाया गया है कि हम अनुकरण करें। दूसरों को आदर्श मानें और उनको स्वीकार करें। मेरी कोई वैसी प्रवृत्ति नहीं है। बल्कि मेरी दृष्टि यही है, कि जब तक कोई मनुष्य किसी दूसरे का अनुसरण करे, तब तक स्मरण रखे कि वह सत्य का अनुसरण नहीं कर रहा है। और क्या कारण हैं, उस पर मैं आपसे चर्चा करूंगा। स सारी जमीन पर और सारे मनुष्य के इतिहास में जो जहां है, वहां कोई भी रहने को राजी नहीं है। हम सारे लोग उस जगह को छोड़ना चाहते हैं, जहां हैं और उस जगह होना चाहते हैं जो हमारी कल्पनाओं में है और सोचते हैं कि वहां होने से सुख होगा, शांति होगी, आनंद होगा, संतोष होगा। लेकिन एक और अदभुत अनुभव है कि आज तक जमीन पर किसी भी व्यक्ति ने, चाहे किसी भी स्थान को उपलब्ध कर लिया हो, और चाहे किसी पद को पा लिया हो, और चाहे किसी धन को पा लिया हो, कोई संपत्ति पा ली हो, कोई साम्राज्य पा लिया हो, यह आकांक्षा और आगे जाने की उसी भांति कायम बनी रहती है, यह आकांक्षा नष्ट नहीं होती है। इससे कोई कहेगा कि आकांक्षा ही छोड़ देनी चाहिए, मैं नहीं कहूंगा। इससे कोई कहेगा कि आकांक्षा की ही जरूरत नहीं है, जब वह कहीं तृप्त ही नहीं होती, यह मैं नहीं कहूंगा। मैं तो यह कहूंगा कि अगर हम इस आकांक्षा को समझें, तो एक अदभुत बात हमारे सामने स्पष्ट हो जाएगी। अगर मनुष्य अपनी वासना को, अपनी डिजायर को, अपनी आकांक्षा को समझ ले, तो उसके जीवन में एक अदभुत सत्य का उदघाटन हो जाएगा। सुई जहां गुमी है, उसे वहीं खोजनी होगी। उसे बाहर खोजने से कुछ भी न होगा, चाहे वहां कितनी ही रोशनी हो। चाहे वहां कितना ही प्रकाश हो, चाहे खुद सूरज वहां मौजूद हो, तो भी खोजने से उपलब्ध नहीं होगा। खोजने के पहले जानना जरूरी है कि खोया कहां है? – **ओशो**

अंतर्दृष्टि

भारतीयों का रिवर्स माइग्रेशन चिंताजनक

बड़े पैमाने पर हो रहे इस रिवर्स माइग्रेशन से भी एक सवाल बड़ी तेजी से उभर रहा है कि क्या ये अनिवासी भारतीयों की अपने देश की वापसी स्थायी है या यह सिर्फ एक सम-सामयिक फिनोमिना भर है? इस पर विशेषज्ञों का कहना है कि जिस पैमाने पर और जिस तैयारी के साथ अप्रवासी भारत लौट रहे हैं, उससे लगता नहीं है कि वह बहुत अस्थायी या अचानक केंद्र में आया मसला है। दरअसल आने वाले सालों में ग्लोबल इंडियन की परिभाषा बदल सकती है।

कभी बेहतर भविष्य, कभी ऊंची तनख्वाहों और कभी स्थायी नागरिकता के सपनों के साथ दुनियाभर में फैले लगभग 3 करोड़ 54 लाख भारतीयों और भारतवंशियों में से अब बड़ी तेजी से प्रवासी भारतीय ह्यरिवर्स माइग्रेशनह्ण कर रहे हैं। ईरान-अमरीका$इजरायल जंग के कारण करीब 3 से 5 लाख प्रवासी भारतीय विभिन्न खाड़ी देशों से पिछले 4-5 महीने के भीतर जो लौटे हैं, उनकी वजह तो भले तात्कालिक युद्ध और युद्ध जैसे लंबे समय से परिस्थितियों का संकट रहा हो, लेकिन ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और अमरीका से भी पिछले एक साल में बड़े पैमाने पर प्रवासी भारतीयों ने रिवर्स माइग्रेशन का रुख किया है। यह महज सामाजिक बदलावभर नहीं है बल्कि वैश्विक राजनीति की बदलती जियोपॉलिटिक्स, मंदी का शिकार होती अर्थव्यवस्थाएं और बढ़ती बेरोजगारी के साथ-साथ विभिन्न देशों में कट्टरपंथ का उभार भी इस माइग्रेशन के पीछे एक बड़ा कारण है।

हाल के सालों में जिन देशों से बड़ी संख्या में अप्रवासी भारतीयों की वापसी हुई है, उनमें कनाडा भी एक प्रमुख देश है, जहां बढ़ती बेरोजगारी, रिकॉर्ड तोड़ महंगाई और भारत तथा कनाडा के बिगड़ते कूटनीतिक रिश्तों के चलते हजारों भारतीय छात्र और पेशेवर कनाडा छोड़कर, भारत पिछले 12 से 14 महीने के बीच लौटे हैं। जबकि अमरीका में टेक सेक्टर में बढ़ी छंटनी, एच-1बी वीजा अनिश्चितताओं ने भी अप्रवासी भारतीयों की चिंता और असुरक्षा बढ़ायी है। इसी तरह खाड़ी देशों से पिछले एक साल के भीतर 3 से 5 लाख भारतीय जिनमें से ज्यादातर उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के अस्थायी कामगार थे, वे पश्चिम एशिया संकट के कारण वापस अपने देश लौटे हैं। जिन देशों से बड़े पैमाने पर भारतीय वापस आये हैं, इनमें से सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत और ओमान हैं। इनकी वापसी के कारणों में तेल आधारित अर्थव्यवस्था में दबाव, युद्ध और क्षेत्रीय तनाव, श्रमिकों की छंटनी, वीजा नियमों की सख्ती और स्थानीय लोगों के लिए बढ़ती तरजीह रही है।

पिछले एक साल में 80 हजार से 1.5 लाख के आसपास भारतीय छात्र और अस्थायी कामगार कनाडा से भी लौटे हैं। इनके पीछे भी छात्र वीजा नियमों में की गई सख्ती, कनाडा में बढ़ती बेरोजगारी, परमानेंट रेजिडेंस की बढ़ती हुई समस्या और किराया तथा जीवनयापन कई गुना महंगा हो जाने के कारण इन भारतीयों की वापसी हुई है। लेकिन जहां तक अमरीका का सवाल है, वहां से एक साल के भीतर 50 हजार से 1 लाख भारतीय वापस आये हैं या रिलोकेशन की प्रक्रिया में रहे हैं। अमरीका से छात्रों की वापसी कम हुई है, ज्यादातर हाई स्किल्ड कामगार ही वापस लौटे हैं। इसकी वजह एच-1बी वीजा अनिश्चितता, ग्रीन कार्ड, टेक सेक्टर में ले ऑफ, एआई ऑटोमेशन और इमीग्रेशन फटीग बड़ा कारण हैं। लेकिन सबसे आश्चर्यजनक रिवर्स माइग्रेन हाल के दिनों में ब्रिटेन से हुआ है। साल 2025 में 51 हजार भारतीय छात्र और 21 हजार से ज्यादा कामकाजी लोगों ने लंदन सहित ब्रिटेन के कई शहरों से वापस भारत की तरफ लौटे हैं, जिनमें सबसे बड़ा कारण यहां बढ़ती कट्टरता और अप्रवासी भारतीयों के साथ स्थानीय लोगों की गहराती बेरुखी रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर रिवर्स माइग्रेशन अब के पहले ब्रिटेन से कभी नहीं हुआ। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों जैसे मलेशिया, सिंगापुर और कंबोडिया से भी पिछले एक साल में कई लाख लोगों की वापसी हुई।

सवाल है इतने बड़े पैमाने पर आखिर अप्रवासी भारतीय दुनिया के विभिन्न देशों को छोड़कर भारत क्यों आ रहे हैं? इसकी सबसे बड़ी वजह एक तो स्थानीय लोगों में भारतीयों को लेकर बढ़ती नफरत और ईर्ष्या है, दूसरे नंबर पर दुनिया के लगभग सभी देशों में अर्थव्यवस्था के बिगड़ते हालात हैं और तीसरा बड़ा कारण यह है कि भारत में हाल के सालों में अवसर बढ़े हैं। विशेषकर जो आईटी प्रोफेशनल्स, स्टार्टअप फाउंडर्स, रिटायर्ड एनआरआई, रिमोट वर्कर्स और ग्लोबल इंडियन लौट रहे हैं। इनके पीछे भारत में हाल के दिनों में बढ़े अवसर भी हैं। एक और बात है अब विदेशों में रहने वाले भारतीयों के परिवार के साथ रहने की कीमत का पता चल गया है, इसलिए कई लोग थोड़ी कम इंकम से समझौता करके भारत वापस लौट रहे हैं। एक और कारण ये भी है कि अब भारत के टियर-2 शहरों में भी जीवन बेहतर हो गया है। इसलिए जिन भारतीयों ने कई साल विदेश में रहकर थोड़ी बहुत कमाई कर ली है, वह भी भारत आकर अब उसी कमाई की बदौलत क्वालिटी लाइफ जीने की कोशिश कर रहे हैं।

बड़े पैमाने पर हो रहे इस रिवर्स माइग्रेशन से भी एक सवाल बड़ी तेजी से उभर रहा है कि क्या ये अनिवासी भारतीयों की अपने देश की वापसी स्थायी है या यह सिर्फ एक सम-सामयिक फिनोमिना भर है? इस पर विशेषज्ञों का कहना है कि जिस पैमाने पर और जिस तैयारी के साथ अप्रवासी भारत लौट रहे हैं, उससे लगता नहीं है कि वह बहुत अस्थायी या अचानक केंद्र में आया मसला है। दरअसल आने वाले सालों में ग्लोबल इंडियन की परिभाषा बदल सकती है। पहले सफलता का अर्थ जहां विदेशों में बस जाना था, वहीं अब भारत में रहकर वैश्विक काम करना कहीं ज्यादा सहज और सम्मानजनक होता जा रहा है। भारत के तमाम छोटे-छोटे शहरों में हाल के वर्षों में जिस तरह से डिजिटल तकनीक और आर्थिक अवसर बढ़े हैं, उस कारण अब युवा देश के कुछ गिने-चुने बड़े शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, बंग्लुरु, हैदराबाद आदि में ही अपना भविष्य नहीं देख रहे बल्कि छोटे शहरों में भी अब उन्हें अपना भविष्य दिखाई पड़ने लगा है। भले यह अभी विदेशी जैसा आकर्षक विकल्प न हो, लेकिन अपने देश में रहने और कम खर्च में बेहतर बचाने की जुगत के कारण भी अब भारतीय विदेश से लौटकर देश में सैटेल होने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि उच्च शिक्षा, रिसर्च और विज्ञान तथा अत्याधुनिक तकनीक के लिए अभी भी बड़े पैमाने पर भारतीय युवा यूरोप और अमरीका की तरफ ही जाने की फिराक में हैं। लेकिन अब जाकर वहां स्थायी रूप से बसने की बजाय ग्लोबल मोबेलिटी को महत्व दिया जा रहा है। हाल में भारतीयों के बीच यह मत दृढ़ हुआ है कि रहे भले दुनिया के किसी कोने में लेकिन हमारा स्थायी निवास भारत में ही होना चाहिए। इससे भी अब रिवर्स माइग्रेशन बड़े पैमाने पर हो रहा है। इस माइग्रेशन के दूरगामी नतीजे भी देखने को मिलेंगे। देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी बेहतर स्कूल, को-वर्किंग स्पेस, कैफे कल्चर और डिजिटल सेवाएं तथा स्वास्थ्य सुविधाएं तेजी से विकसित हो रही हैं। इस कारण भी अब विदेशों में रहने वाले अनिवासी भारतीय, भारत की तरफ वापसी का रुख कर रहे हैं। एक और कारण है राजनीति और नीति निर्माण पर भी अब प्रवासियों की न केवल राय सुनी जाती है बल्कि उन्हें महत्व दिया जाता है। छोटे शहरों में जिस तरह के रोजगार, इंटरनेट, सार्वजनिक परिवहन आदि की सुविधाएं बढ़ी हैं साथ ही अवसरों की उपलब्धता भी बढ़ी है, वे स्थितियां भी अप्रवासी भारतीयों को वापस देश आने के लिए प्रेरित कर रही हैं। कुल मिलाकर भारतीयों का पिछले एक-डेढ़ साल के भीतर रिवर्स माइग्रेशन केवल एक वजह से नहीं है। लेकिन यह भी नहीं कहा जा सकता कि सब कुछ ठीकठाक है।

–वीना गौतम

आप की बात

ग्रीन एनर्जी का महत्व

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा जीवन के लिए अपरिहार्य है।

राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.

रोजगार मेलों का आयोजन

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है।

मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

29 और 30 मई को वज्रपात एवं ओलावृष्टि की चेतावनी

महोबा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा एलर्ट जारी किया गया है कि दिनांक 29 मई एंव 30 मई को मेघागर्जन/वज्रपात/ओलावृष्टि तथा आंधी तूफान आने की संभावना है। जनसाधारण को बचाव हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज द्वारा एडवाइजरी जारी की गयी है। पशु हानि से बचाव हेतु खराब मौसम के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधे , पेड़ के नीचे, टीन शेड के नीचे न बांधे। पशुओं को चरही के लिए न छोड़ें, क्योंकि पशु भी स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों के नीचे छिपते हैं, जो सुरक्षित नहीं है।

खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलें, यदि घर से बाहर हैं तो छिपने के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में पक्के मकान का ही प्रयोग करें, पेड़ के नीचे न छिपे, जंगली क्षेत्र में छोटे पेड़ के नीचे छिपे, पैर के नीचे सुखी लकड़ी, पत्ते रखें। बारिश के समय बर्तन, नहाने या कपड़े न धुलें। किसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तु टीवी कुलर या अन्य वस्तु को न छुएं, मोबाइल फोन पर बात न करें तथा जर्जर मकान से दूर रहे।

ईदगाह में शांतिपूर्ण ढंग से हुई नमाज

फतेहपुर । बकरीद ईद.उल.अजहा के पर्व पर थाना कोतवाली क्षेत्र के ईदगाह रेडइया आबूनगर में आज आयोजित नमाज सकुशलए शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी फतेहपुर निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व व्यवस्थाओं का जायजा लिया और भारतीय परंपरा की भांति पर्व पर शांति बनाए रखने तथा आपसी भाईचारे का संदेश दिया।निगरानी व व्यवस्थाएँजिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा पर्व को ध्यान में रखते हुए व्यापक और सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंध किए गए थे।ईदगाह

- ईदगाह पर नमाज से पहले व दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस जवान तथा प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे
- हइवे से ईदगाह तक आने .जाने के मार्गों परयातायात व्यवस्था सुनियोजित की गई थी

पर नमाज से पहले व दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस जवान तथा प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। उन्होंने नियमित रूप से भ्रमणशील रहकर पार्किंगए प्रवेश निकास मार्गए भीड़.नियंत्रण और आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों की निगरानी की। आवश्यक दिशाओं पर चप्पे.चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात किए गए रहे ताकि श्रद्धालुओं की सहज आवाजाही और सामूहिक नमाज बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सके।सुविधाएँ और व्यवस्थाआयोजकों ने नमाज़ियों के लिए पार्किंगए पेयजलए शेड छाता व्यवस्था तथा प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित की थी। हाइवे से ईदगाह तक आने.जाने के मार्गों परयातायात व्यवस्था सुनियोजित की गई थी जिससे तालमेल बनाकर यातायात देर शाम तक सुचारू रूप से संचालन में रहा। स्नातक व स्वास्थ्य संबंधित त्वरित सहायता बिंदु पर एम्बुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा किट भी उपलब्ध रखी गई थी। स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के लिये भी विशेष इंतजाम किए गए थे ताकि आयोजन के पश्चात स्थल शीघ्र रूप से स्वच्छ रहेनिरीक्षण करने वालों के संदेशनिरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहाएबकरीद का त्योहार सहिष्णुताए परोपकार और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। प्रशासन और पुलिस की पूरी टीम ने मिलकर नागरिकों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित की है।ष पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने उपस्थित लोगों से शांति बनाए रखनेए नियमों का पालन करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल दें की अपील की। दोनों अधिकारियों ने जनपदवासियों को पर्व की हार्दिकशुभकामनाएँ दीं ।

कोर्ट के आदेश पर चकबंदी लेखपाल एसीओ व कानूनगो पर मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता

ललितपुर। चकबंदी विभाग में कथित अनियमितता और साठगांठ कर जमीन संबंधी अभिलेखों में फेरबदल करने का मामला सामने आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चकबंदी लेखपाल, सहायक चकबंदी अधिकारी (एसीओ) और कानूनगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला चमारपुरा (रैवारपुरा) निवासी महेंद्र कुमार गौतम पुत्र स्व.चंद्रभान गौतम ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि ग्राम किकरवा स्थित खाता संख्या 271 की करीब 6.584 हेक्टेयर भूमि पर उनका कब्जा और काश्तकारी है। गांव में वर्ष 2018 से चकबंदी प्रक्रिया चल रही है।

भूमि विवाद को देखते हुए तत्कालीन चकबंदी लेखपाल सुदीप कुमार और कानूनगो द्वारा 10 जनवरी 2024 को भूमि पर स्थगन आदेश पारित किया गया था, जिससे अंतिम निर्णय होने तक किसी प्रकार की कार्रवाई रोकी गई थी। आरोप है कि बाद में नए चकबंदी लेखपाल अतुल गुप्ता, सहायक चकबंदी अधिकारी अर्चना मिश्रा तथा कानूनगो कर्मचंद्र राय ने आपसी साठगांठ कर दूसरे पक्ष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नियमों की अनदेखी करते हुए 1 सितंबर 2025 को धारा-6 के अंतर्गत आदेश पारित कर दिया और गंगा पत्नी हरिराम नायक निवासी सुभाषपुरा के पक्ष में विरासत दर्ज कर दी। पीड़ित महेंद्र कुमार के अनुसार जब उन्हें इस कार्रवाई की जानकारी मिली तो वह 19 सितंबर 2025 को अपने खाते की नकल लेने चकबंदी लेखपाल अतुल गुप्ता के पास पहुंचे, लेकिन लेखपाल ने नकल देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि लेखपाल ने कहा कि भूमि संबंधी कार्रवाई पूरी कर दी गई है और वह अपनी शिकायत कहीं भी कर सकते हैं। महेंद्र कुमार ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने मामले को गंभीर मानते हुए कोतवाली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए।

कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चकबंदी लेखपाल अतुल गुप्ता, एसीओ अर्चना मिश्रा और कानूनगो कर्मचंद्र राय के खिलाफ बीएनएस की धारा 201 एवं 338 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी

फतेहपुर। फतेहपुर एवं जनपद न्यायालय फतेहपुर के तत्वावधान में वन स्टॉप सेंटरए फतेहपुर में विधि साक्षरता एवं संवैधानिक जागरूकता शिविर का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजनए विशेषकर महिलाओं एवं जरूरतमंद वर्गों को उनके संवैधानिक अधिकारोंए विधिक प्रावधानों एवं शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को निःशुल्क विधिक सहायताए लोक अदालतए महिला सुरक्षा कानूनए घरेलू हिंसा से संरक्षणए दहेज प्रतिषेध अधिनियमए बाल अधिकार संरक्षणए वरिष्ठ नागरिक अधिकारए साइबर अपराध से बचावए उपभोक्ता अधिकारए श्रमिक कल्याण योजनाएंए सड़क सुरक्षा नियमए पर्यावरण संरक्षणए नशा मुक्ति अभियानए मानव तस्करी निरोधक कानूनए अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियमए बाल विवाह निषेध अधिनियमए शिक्षा का अधिकारए बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियानए आयुष्मान भारत योजनाए सामाजिक पेंशन योजनाएंए महिला हेल्पलाइन 1090ए आपातकालीन सेवा 112 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायालय डालसा के अनीत कुमार अग्रहरि ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक हैए क्योंकि जागरूक नागरिक ही न्यायपूर्ण एवं सशक्त समाज की नींव होते हैं। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोरए असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए फतेहपुर द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती हैए जिससे कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण न्याय से वंचित न रहे।शिविर में जनपद न्यायालय डालसा से उमेश सिंह भदौरियाए सेंटर मैनेजर समीना बानोए काउंसलर मोहिनी साहूए रूपाए मनदीप कुमारए सत्यवीर मिश्राए सोनीए हरिनाथए सुमन सिंहए सुमन चौहानए नीतू जीए मधुरमाए पुष्पाए लक्ष्मी सहित अनेक गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जनजागरूकता एवं विधिक सशक्तिकरण के संकल्प के साथ किया गया।

एसपी ने ली परेड की सलामी, किया निरीक्षण

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई। इस परेड का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, एकरूपता, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक कदमताल, ड्रिल मूवमेंट, टर्नआउट एवं एकरूपता की बारीकी से समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश प्रदान किए गए। परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा गार्द रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया, इस दौरान ड्यूटी व्यवस्था, गार्द डिटेल एवं अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि नियमित परेड से पुलिस बल में अनुशासन, एकजुटता, शारीरिक फिटनेस एवं कार्यकुशलता का विकास होता है, जो कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आमजन को बेहतर एवं प्रभावी पुलिस सेवा प्रदान करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

बच्चों के विवाद में खूनी संघर्ष

जिला संवाददाता

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम बनयाना में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि रंजिश मानकर गांव के चार लोगों ने घर पर पहुंचकर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर महिला सहित दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा

- कुल्हाड़ी व लाठी-डंडों से हमला कर महिला समेत दो घायल

दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बनयाना निवासी करनल सिंह पुत्र महेंद्रपाल सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 26 मई 2026 की शाम करीब 6.30 बजे गांव में बच्चों के खेल को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर गांव के मधुराजा, पप्पी राजा पुत्रगण हरनाम सिंह तथा कप्तान सिंह और गोविंद सिंह पुत्र स्व.छविराम सिंह रंजिश मानने लगे। आरोप है कि कुछ देर बाद चारों आरोपी लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी लेकर उनके घर आ धमके और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। जब परिवार के लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार हमलावरों ने उनकी पत्नी गोरेजू तथा भतीजे बृजभान सिंह पुत्र केहर सिंह पर कुल्हाड़ी और लाठियों से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के दौरान चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़े, जिन्हें आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में थाना नाराहट पुलिस ने करनल सिंह की तहरीर पर मधुराजा, पप्पी राजा, कप्तान सिंह और गोविंद सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच उपनिरीक्षक नीरज कुमार को सौंपी गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राजघाट रोड हरदीला में शराब दुकान का विरोध तेज

जिला संवाददाता

ललितपुर। राजघाट रोड हरदीला क्षेत्र में संचालित शराब की दुकान को लेकर अब स्थानीय छात्र-छात्राओं का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। क्षेत्र के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी एवं जिला आबकारी

- हम पढ़ना चाहते हैं, छात्र-छात्राओं ने डीएम से लगायी गुहार
- कोचिंग, लाइब्रेरी और मंदिर जाना हुआ बंद, छात्राओं ने सुरक्षा को बताया बड़ा मुद्दा

अधिकारी को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपकर शराब दुकान को आबादी से हटाकर अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि दुकान के कारण क्षेत्र का माहौल लगातार खराब हो रहा है और इसका सीधा असर उनकी पढ़ाई, मानसिक स्थिति और सुरक्षा पर पड़ रहा है। प्रार्थना पत्र में छात्र-छात्राओं ने भावुक अपील करते हुए लिखा कि वह सभी प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शैक्षणिक तैयारी में जुटे हुए हैं, लेकिन शराब दुकान के आसपास असामाजिक तत्वों के जमावड़े के कारण अब उनका कोचिंग जाना, लाइब्रेरी जाना और बाजार तक निकलना मुश्किल हो गया है।

छात्रों ने प्रशासन से कहा कि हम चाहते हैं, हमारी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। छात्रों ने बताया कि जिस स्थान पर शराब की दुकान संचालित हो रही है, उसके ठीक सामने टैक्सी स्टैंड स्थित है, जहां से छात्र-छात्राएं कोचिंग और लाइब्रेरी आने-जाने के लिए वाहन लेते हैं। शाम के समय यहां शराबियों की भीड़ लगने से छात्राओं को भारी असुरक्षा महसूस होती है। कई बार अभद्र टिप्पणियों और असहज माहौल का सामना भी करना पड़ता है।

छात्राओं ने कहा कि अंधेरा होने के बाद स्थिति और अधिक भयावह हो जाती है, जिसके चलते अभिभावकों ने बेटियों को अकेले बाहर भेजना लगभग बंद कर दिया है। अब कई छात्र-छात्राओं की कोचिंग और लाइब्रेरी जाना तक रुक गया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि शराब दुकान से करीब 30 से 40 कदम की दूरी पर माता का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है।

प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्राएं एवं श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचते हैं, लेकिन शराब दुकान के कारण मंदिर परिसर के आसपास का वातावरण प्रभावित हो रहा है।

भागवत कथा का समापन

फतेहपुर। शहर के जय हनुमान मंदिर चौक चौराहा स्थित मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन प्रातः काल से ही भजन.कीर्तनए हवन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गयाए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। मंदिर परिसर पूरे दिन भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान ीकृष्ण के जयकारों के बीच धार्मिक अनुष्ठानों का आनंद उठाया।कथा समापन के उपरांत हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा इसके बाद कन्या भोज का विशाल आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। समस्त जजमानों एवं मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा श्रद्धापूर्वक कन्याओं का स्वागत एवं सम्मान किया गया।इसके पश्चात मंदिर परिसर में भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गयाए जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरीए सब्जी एवं हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों ने भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया।श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक पंडित गोरेलाल मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कमेटी के अध्यक्ष जगन्नाथ गांधीए संरक्षक कालिका प्रसाद मोदनवालए महामंत्री पप्पन रस्तोगीए कोषाध्यक्ष राजू पुरवार अतुल चौरसिया उज्जवल गुप्ता सतीश गुप्ता मनोज मोदनवाल कार्तिक मोदनवाल शिवाकांत चौरसिया राजा पुरवार विकास कालका सहित समस्त कमेटी पदाधिकारी मौजूद रहे। भंडारा वितरण में राहुल सोनी ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। वहीं सतीश अग्रहरि सहित कमेटी के नवयुवक पदाधिकारी एवं मुख्य सेवादार सत्य भगवान भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

सेक्टर 17 बार में बसपा की बूथ समीक्षा बैठक आयोजित

जिला संवाददाता

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की सेक्टर क्रमांक 17 बार में बूथों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बूथ संख्या 221 धमना पर नीरज वंशकार, बूथ संख्या 223 बार एवं बूथ संख्या 226 पर प्रेमनारायण अहिरवार को बूथ अध्यक्ष चुना गया। वहीं सेक्टर सचिव पद पर अन्नू रजक बार, मनोज अहिरवार, राजकुमार बार, नीरज बार, सुनील

- कई पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

बरार बार, आलोक अहिरवार बार एवं रोहित सेन धमना को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झांसी मंडल प्रभारी राम सिंह कुशवाहा एवं केहरसिंह गौतम तथा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने बसपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती के निर्देशों को कार्यकताओं तक पहुंचाते हुए प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन मजबूत होने से ही विधानसभा में जीत सुनिश्चित होगी और वर्ष 2027 में प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी। मंडल प्रभारी केहर सिंह गौतम एवं जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध ने कहा कि मायावती के शासनकाल में कानून का राज स्थापित हुआ तथा भ्रष्टाचार, अपराध और भयमुक्त वातावरण देखने को मिला। उन्होंने कार्यकताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में छोटेलाल प्रजापति जिला महासचिव, बाबूलाल शिवहरे वरिष्ठ कार्यकर्ता, अभिषेक गौतम विधानसभा प्रभारी, संतोष अहिरवार विधानसभा अध्यक्ष, संतोष अहिरवार विधानसभा महासचिव एवं कपिल कुमार पूर्व जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष जयराम बार ने की। इस दौरान रामस्वरूप, अमृतलाल, चेतराम, खेमचंद, रविकुमार, शेरसिंह, हरनाम सिंह, राहुल कुशवाहा, कमलेश, अच्छेलाल, रतन पुलवारा, बृजलाल बम्होरी सहना, नीरज वर्मा, तुलसीराम कुशवाहा, संतोष कुमार, रायसिंह, प्यारेलाल, दशरथ बौद्ध, महेश कुमार, रोहित कुमार सेन, गणेश वर्मा, हरभजन रैकवार, लाल सिंह, आनंद कुमार, पप्पू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उरई में बसपा की मंडलीय बैठक आज

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देशन में शनिवार 30 मई 2026 को उरई में एक महत्वपूर्ण मंडलीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे से चंद्रकांता विवाह घर, जेल के पास उरई में संपन्न होगी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी एवं झांसी-चित्रकूट मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी नौशाद अली उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कानपुर एवं आगरा मंडल के प्रभारी भी बैठक में शामिल होंगे। कार्यक्रम में झांसी एवं कानपुर मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी लालाराम अहिरवार तथा झांसी मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगईयां की विशेष उपस्थिति रहेगी।

बैठक में मंडल के समस्त मंडल प्रभारी, भाईचारा (ओबीसी) के संयोजक, जिला कमेटी के पदाधिकारी, ललितपुर एवं महरौनी विधानसभा के प्रभारी तथा विधानसभा कमेटियों के सदस्य भाग लेंगे। माना जा रहा है कि बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर की मजबूती तथा आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

यातायात सुदृढ़ करने व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने डीएम, एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

जिला संवाददाता

ललितपुर। जनपद में राष्ट्रीय राज्यमार्ग 44 पर न्यू टाउन रेलवे स्टेशन से एनएचएआई की ओर आने वाले यातायात को सुदृढ़ करने, वहां पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन की सुरक्षा हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने शुक्रवार को अपनी प्रशासनिक टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा

- तालबेहट तक के ब्लैक स्पोट व अवैध कटों को चिन्हित कराने मौके पर ही भेजी टीम
- दुर्घटना संभावित प्वाइंट पर साईनेज बोर्ड, रिफ्लेक्टर, ब्रेकर आदि लगवाये जाने के दिये निर्देश

लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि हर एक नागरिक का जीवन जिला प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण है, न्यू टाउन स्टेशन से हाई वे के तरफ बनने वाले मार्ग से दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाएंगी, इसके लिए उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि हाईवे के इस प्वाइंट पर पर संकेतक और साइनेज बोर्ड, रिफ्लेक्टिव टेप, पेड़ों पर जीआई रिफ्लेक्टिव शीट, ब्रेकर, टेबल टॉप बनवाये जायें तथा डिवाइडर पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जाएं, साथ ही आस पास के सभी अवैध कटों को चिन्हित कर पूर्ण रुप से बंद कराया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि बांसी चैकी के पास दुर्घटना संभावित क्षेत्र है, वहां पर पर्याप्त साईनेज, संकेतक व प्रकाश बिंदु लगवाये जायें। उन्होंने यातायात प्रभारी को निर्देशित किया कि सवारी वाहनों जैसे टैक्सी, टेम्पो, ई रिक्शा आदि के लिए यातायात को प्रबंधित किया जाए, ताकि जाम की समस्या उत्पन्न न हो।

मौके पर उपस्थित एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि न्यू टाउन स्टेशत तक वाहनों के आवागमन के लिए लगभग 170 मीटर की सर्विस रोड एवं हाई माक्स लाइट लगाये जाने का प्रस्ताव रेलवे को भेजा गया है, ताकि रेलवे स्टेशन तक जाने वाले वाहन सुगमता से जा सकें और दुर्घटनाओं में कमी आ सके।

जिलाधिकारी ने मौके पर ही उप जिलाधिकारी तालबेहट और एनएचएआई की टीम को तालबेहट तक के सभी ब्लैक स्पोट को चिन्हित करने हेतु तत्काल रवाना किया और निर्देश दिये कि सभी ब्लैक स्पॉट पर साईनेज, कैमरे और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करायें तथा जितने भी अवैध कट दिखाई दें उन्हें तत्काल बंद करायें। निरीक्षण के दौरान रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर अमित कुमार, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, एनएचएआई की टीम से सत्यम आनन्द, लोक निर्माण विभाग से एई रोहित त्रिपाठी व यातायात प्रभारी उपस्थित रहे।

जनगणना कार्य में लापरवाही पर 162 प्रगणकों का वेतन अवरुद्ध

अयोध्या। जनगणना कार्य की जनपद स्तरीय समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जनपद में नियुक्त कुल 162 प्रगणकों द्वारा अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण एवं राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही एवं शिथिलता बरतने को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रगणकों के विरुद्ध वेतन अवरुद्ध किए जाने की कार्रवाई जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वि०/ रा० अमित कुमार भट्ट द्वारा की गई है।

अपर जिलाधिकारी वि०/ रा० द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विभिन्न तहसीलों में कार्यरत प्रगणकों के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है, जिसमें रुदौली तहसील के 17, मिल्कीपुर तहसील के 46, सोहावल तहसील के 31 तथा बीकापुर तहसील के 68 प्रगणकों का वेतन रोका गया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जनगणना कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित कार्मिकों को समयबद्ध एवं जिम्मेदारीपूर्वक कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी वि०/रा० ने यह भी निर्देशित किया है कि जिन प्रगणकों द्वारा अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, वे तत्काल कार्य प्रारंभ करते हुए प्रगति सुनिश्चित करें, अन्यथा आगे और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

चांदी की पायल बताकर थमा दी गिलट, युवक से 15 हजार रुपए की ठगी

ललितपुर। थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम कोरवास में चांदी के असली आभूषण बताकर नकली पायल गिरवी रखवाने और युवक से 15 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कोरवास निवासी सोनू राजा पुत्र जगभान सिंह ने थाना सौजना में दी गई तहरीर में बताया कि 26 मई 2026 को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने घर पर मौजूद थे। तभी ग्राम कुम्हेड़ी निवासी धनीराम पुत्र धवले कुशवाहा दो अन्य लोगों के साथ उनके घर पहुंचा। धनीराम ने अपने साथ आए व्यक्ति का परिचय अपने जीजा रामचरन कुशवाहा निवासी लुहर्रा के रूप में कराया, जबकि तीसरा व्यक्ति अज्ञात बताया गया। आरोप है कि धनीराम ने सोनू राजा से कहा कि उसके जीजा को पैसों की सख्त जरूरत है और वह अपने चांदी के आभूषण बेचना चाहते हैं। जब सोनू ने आभूषण खरीदने से इनकार कर दिया तो आरोपियों ने उन्हें जेवर गिरवी रखने का प्रस्ताव दिया और भरोसा दिलाया कि बाद में रुपये लौटाकर आभूषण वापस ले लेंगे। धनीराम के भरोसे में आकर सोनू राजा ने दो पायल अपने पास रख लीं और बदले में आरोपियों को 15 हजार रुपए नकद दे दिए। रुपये लेने के बाद तीनों आरोपी वहां से चले गए। पीड़ित के अनुसार 28 मई को उन्होंने उन पायलों का वजन और जांच कराने के लिए महरौनी के एक जौहरी के पास ले गए। जांच में पता चला कि करीब 220 ग्राम वजन वाली पायलें चांदी की नहीं बल्कि गीलट की थीं। इसके बाद उन्हें अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ और उन्होंने थाना सौजना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी धनीराम कुशवाहा, रामचरन कुशवाहा और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक मुलायम सिंह को सौंपी गई है।

अघोषित बिजली कटौती से भड़के शहरवासी

ललितपुर। शहर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ लोगों का गुस्सा आखिरकार सड़क पर फूट पड़ा। भीषण गर्मी और रातभर हो रही बिजली कटौती से परेशान शहर के एक सैकड़ा से अधिक लोग आधी रात अपने बच्चों और बुजुर्गों को साथ लेकर जिलाधिकारी आवास पहुंच गए और वहां धरना देकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देर रात हुए इस प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि पिछले कई दिनों से शहर में बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली काटी जा रही है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी के चलते छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की हालत खराब हो रही है।

लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल ही में सदर विधायक द्वारा बिजली संकट को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन बैठक के बाद भी हालात में कोई सुधार नहीं हुआ।

लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की उदासीनता के चलते जनता को रातभर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आधी रात को डीएम आवास के बाहर बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली व्यवस्था में सुधार और नियमित आपूर्ति की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।

संक्षेप

हीरो मोटोकॉर्प ने लॉन्च की नयी सुपर स्प्लेंडर एक्सटीईसी2.0

नई दिल्ली। हीरो मोटोकॉर्प ने आज नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटीईसी2.0 लॉन्च की है, जो भारत की सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा कम्यूटर मोटरसाइकिल है। कंपनी की उत्पादों में नयापन लाने की रणनीति के तहत तैयार की गई यह नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटीईसी 2.0 रोजमर्रा के सफर को और बेहतर बनाने के लिए बनाई गई है। इसमें शानदार टेक्नोलॉजी अपग्रेड्स, माइलेज में बड़ा सुधार और आज के प्रगतिशील राइडर्स की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया एक बोल्ड और आधुनिक डिजाइन दिया गया है। साल 1994 से भारत के करोड़ों राइडर्स को सफर का सहारा देने वाले स्प्लेंडर के भरोसेमंद नाम और विरासत पर बनी, नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटीईसी 2.0 को उन राइडर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो आधुनिक सुविधाओं और अगली पीढ़ी के टेक फीचर्स के साथ-साथ भरोसेमंद परफॉर्मेंस चाहते हैं।

रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 का हुआ लॉन्च

नईदिल्ली। मिडसाईज मोटरसाईकल सेगमेंट (250सीसी-750सीसी) में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने आज भारत में अपनी प्रतिष्ठित मोटरसाईकल बुलेट नए 650सीसी इंजन के साथ पेश की। अपने नए 650सीसी अवतार में बुलेट बेमिसाल ब्रिटिश विरासत और अदम्य भारतीय भावना को नमन करती है और बुलेट के फैन्स को ब्रांड की स्थायी विरासत का एक नया एहसास प्रदान करती है। बुलेट नौ दशकों से अधिक समय से विश्वसनीयता, मजबूती और शुद्ध कैरेक्टर की पहचान है, जो प्योर मोटरसाईक्लिंग की रॉयल एनफील्ड की फिलॉसफी प्रदर्शित करती है। ऑल-न्यू रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 में हम केवल बुलेट को नए रूप में पेश करना नहीं चाहते थे, बल्कि इसे मॉडर्निटी और ऑथेंटिसिटी के साथ और बेहतर बनाना चाहते थे।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की नेक्स्ट जेन टियागो लॉन्च

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने आज अपनी नेक्स्ट जेन टियागो लॉन्च की है। कंपनी ने इस हैचबैक को एक नए अंदाज में पेश किया है, जो इस सेगमेंट में ग्राहकों की उम्मीदों को और ऊंचा कर देती है। यह नई कार पेट्रोल, आईसीएनजी और इलेक्ट्रिक तीनों विकल्पों में उपलब्ध है। इसके पेट्रोल मॉडल की शुरूआती कीमत सिर्फ 4.69 लाख रुपये और इलेक्ट्रिक मॉडल की शुरूआती कीमत 6.99 लाख रुपये है। नई टियागो स्टाइल, जरूरत और एडवांस टेक्नोलॉजी का एक बेहतरीन मेल है। यह ग्राहकों को एक ही शानदार डिजाइन और भरोसे के साथ दो अलग-अलग तरह के बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव देती है। ₹लाखों भारतीय परिवारों के लिए कार खरीदने की शुरूआत हमेशा से हैचबैक गाड़ियों से होती रही है। इसके बावजूद, लंबे समय तक इस सेगमेंट पर इंडस्ट्री ने बहुत कम ध्यान दिया, जबकि यह वाकई में कहीं ज्यादा का हकदार था। नेक्स्ट जेन टियागो ग्राहकों को उम्मीद से कहीं ज्यादा देकर इसी कमी को पूरा करती है।

लिमिटेड एडिशन ओरियो एंड बीटीएस कुकीज लॉन्च

मुंबई। ओरियो और बीटीएस के प्रशंसकों के लिए नई खुशखबरी है। बीटीएस ने अपने प्रशंसकों को ध्यान में रखते हुए नई ओरियो कुकी तैयार की है। लिमिटेड एडिशन ओरियो एंड बीटीएस कुकीज को पेश करने के लिए दुनिया की नंबर 1 कुकी के साथ आरएम, जिन, सुगा, जे-होप, जिमिन, वी और जंग कुक ने हाथ मिलाया है। कोरियन स्वीट पैनकेक फ्लेवर वाली ओरियो कुकी को बीटीएस ने तैयार किया है और इसे बीटीएस के प्रशंसकों को समर्पित किया गया है। इस गठजोड़ से 80 से ज्यादा बाजारों में बीटीएस और ओरियो ब्रांड के साथ बेहतरीन ग्लोबल मूवमेंट बनेगा।

एडुगोरिल्ला ने एआई-इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म की ओर किया रुख

लखनऊ। लखनऊ- एडुगोरिल्ला ने नए नाम इन्फोबे. एआई के तहत खुद को एक एआई-इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म के रूप में परिवर्तित किया है। एफवाई 2025-26 में प्लेटफॉर्म ने रुपये 100 करोड़ से अधिक की आय और रुपये 50 करोड़ का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स दर्ज किया। वहीं, प्रॉफिट बिफोर टैक्स में 3 गुना वृद्धि हुई और पिछले वित्तीय वर्ष में प्लेटफॉर्म ने 140%-160% का नेट रेवेन्यू रिटेंशन हासिल किया। पिछले दो वर्षों में यह 10 गुना राजस्व वृद्धि 80%+ के स्ट्रक्चरल ग्रॉस मार्जिन द्वारा समर्थित है, जो एक स्केलेबल सॉफ्टवेयर इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस की पहचान है। इन्फोबे. एआई ने 2027 तक 14 देशों में विस्तार की योजना के तहत भारत के अलावा इंडोनेशिया, केन्या, फिलीपींस और युगांडा में भी अपनी उपस्थिति बढ़ाई है।

सेंसेक्स में 1092 अंकों की गिरावट

मुंबई। मानसून के कमजोर रहने के अनुमान और अमेरिका-ईरान संघर्ष विराम को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेज गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,092 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 24,550 अंक से नीचे बंद हुआ। कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में बिकवाली बढ़ने से बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,092.06 अंक यानी 1.44 प्रतिशत गिरकर 74,775.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,278.69 अंक टूटकर 74,589.11 अंक तक आ गया था।

इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 359.40 अंक यानी 1.50 प्रतिशत फिसलकर 23,547.75 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा सत्र रहा जिसमें बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 639.41 अंक यानी 0.84 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 171.55 अंक यानी 0.72 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, इंटरग्लोब एविएशन, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, एचसीएलटेक, लार्सन एंड टुब्रो और इन्फोसिस के शेयरों में तेजी का रुझान रहा। कारोबार के अंतिम घंटे में तगड़ी संस्थागत बिकवाली होने से अधिकांश शेयरों ने अपनी बढ़त गंवा दी और बड़े नुकसान के साथ बंद हुए। रिलायंस और आईटीसी जैसे प्रमुख शेयरों में कमजोरी ने इस गिरावट को बढ़ाने का काम किया। भारतीय मौसम-विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने जून से सितंबर के दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान देश में वर्षा दीर्घकालिक औसत (एलपीए) के 90 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में सामान्य बारिश होने का अनुमान है, जबकि अन्य हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। आईएमडी के इस अनुमान के बाद बाजार में व्यापक बिकवाली देखी गई। कम वर्षा और अल नीनो प्रभावों के चलते खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई है। हालांकि, कच्चे तेल की नरम कीमतों और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से जोखिम कुछ हद तक सीमित रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.52 प्रतिशत गिरकर 92.29 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.26 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.73 प्रतिशत की गिरावट रही।

विदेशी मुद्रा भंडार 7.5 अरब डॉलर घटकर 681.38 अरब डॉलर पर

मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 22 मई को समाप्त सप्ताह में 7.51 अरब डॉलर घटकर 681.38 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 8.09 अरब डॉलर घटकर 688.89 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद रुपये पर दबाव बढ़ा और आरबीआई को डॉलर बेचकर विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा, जिससे कई सप्ताह तक विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी विदेशी मुद्रा बचाने के लिए लोगों से कई बार विदेशी यात्राएं कम करने, ईंधन की खपत घटाने और एक वर्ष तक सोने की खरीदारी से बचने की अपील कर चुके हैं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 22 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां, 2.87 अरब डॉलर घटकर 543.03 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 4.53 अरब डॉलर घटकर 114.79 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.75 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की आरक्षित स्थिति भी 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.82 अरब डॉलर रह गई।

आवास मूल्य सूचकांक में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि

मुंबई, 29 मई (भाषा) देश में वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि 2024-25 की समान तिमाही में यह 3.8 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

मूल्य सूचकांक में वृद्धि का अर्थ आवासीय संपत्तियों की औसत लागत में वृद्धि है। आंकड़ों के मुताबिक, यह वृद्धि मुख्य रूप से जयपुर, चंडीगढ़ और कानपुर जैसे शहरों में मकानों कीमतों में बढ़ोतरी के कारण दर्ज की गई। आरबीआई ने बताया कि चौथी तिमाही में आवास मूल्य सूचकांक बढ़कर 115.9 पर पहुंच गया, जो पिछली तिमाही में 115.6 था। तिमाही आधार पर इसमें 0.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें जयपुर, लखनऊ और पुणे में मकानों की कीमतों में बढ़ोतरी प्रमुख रूप से रही। केंद्रीय बैंक के अनुसार, एचपीआई का संकलन पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेन-देन-स्तरीय आंकड़ों के आधार पर तिमाही रूप से किया जाता है। आरबीआई ने बताया कि 2022-23 को आधार वर्ष मानकर तैयार यह सूचकांक 18 प्रमुख शहरों के आंकड़ों पर आधारित है, जिनमें मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु शामिल हैं।

भारत 2035 तक 150 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला बनाने का लक्ष्य रखेः नीति आयोग

नयी दिल्ली। देश को 2035 तक वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में केवल भागीदारी तक सीमित रहने के बजाय नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का लक्ष्य रखना चाहिए और 120-150 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला विकसित करनी चाहिए।

नीति आयोग की शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया। भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग का भविष्य शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि परियोजनाओं का जोखिम कम करने और निवेशकों का दीर्घकालिक भरोसा मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार को आवश्यक निवेश का कम-से-कम एक-तिहाई हिस्सा उपलब्ध कराना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया कि चिप विनिर्माण की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे से शामिल होने के बजाय भारत को अपनी अलग राह तय करनी चाहिए, जोरणनीतिक आत्मनिर्भरता, मजबूत परिवेश और वैश्विक अपरिहार्यता पर आधारित हो। इसमें कहा गया, 2035 तक भारत को नेतृत्व और स्पष्ट उद्देश्य के साथ 120-150 अरब डॉलर की सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला विकसित करने का लक्ष्य रखना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी सेमीकंडक्टर परिवेश तैयार करने के लिए अगले एक दशक में डिजाइन, विनिर्माण, उन्नत पैकेजिंग, सामग्री और सहायक बुनियादी ढांचे में करीब 135-180 अरब डॉलर के संचयी निवेश की जरूरत होगी। रिपोर्ट में कहा गया, भारत सरकार को आवश्यक निवेश का कम-से-कम एक-तिहाई हिस्सा उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि परियोजनाओं का जोखिम कम हो और निवेशकों का दीर्घकालिक भरोसा मजबूत हो। इसमें कहा गया, परियोजनाओं का जोखिम कम करने और निवेशकों का दीर्घकालिक भरोसा मजबूत करने के लिए भारत सरकार को आवश्यक निवेश का कम-से-कम एक-तिहाई हिस्सा उपलब्ध कराना चाहिए।

रुपया 53 पैसे मजबूत होकर 95.05 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 53 पैसे मजबूत होकर 95.05 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर बढ़ी उम्मीद से बाजार धारणा मजबूत होने के बीच रुपया मजबूत हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट और डॉलर में कमजोरी से भी रुपये को समर्थन मिला। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को 60 दिन और बढ़ाने पर सहमति बनने के बाद यह रुख देखने को मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.77 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.97 के उच्चस्तर और 95.78 के निचले स्तर तक गया। अंत में रुपया 95.05 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 53 पैसे की बढ़त है। बुधवार को रुपया 12 पैसे मजबूत होकर 95.58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। ईद-उल-अजहा के कारण बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर और विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। हमारा अनुमान है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर बढ़ी उम्मीदों के कारण रुपये में मामूली सकारात्मक रुख रहेगा। हालांकि इस समझौते पर डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के सर्वोच्च नेता की मंजूरी मिलना अभी बाकी है।

आयात-निर्यात में रुपये का इस्तेमाल बढ़ा

मुंबई। पिछले कुछ वर्षों में आयात और निर्यात बिल भुगतान में रुपये का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया सभी व्यापारिक भागीदार देशों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक की शुक्रवार को जारी सालाना रिपोर्ट में यह कहा गया है। पिछले कुछ वर्षों में आरबीआई ने चालू खाते और चुनिंदा पूंजी खाते के लेनदेन में रुपये के बढ़ते उपयोग के जरिए उसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार बिल भुगतान और निपटान मुद्रा के रूप में रुपये के बढ़ते चलन से विनिमय दर के जोखिम से सुरक्षा मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय बैंक के अनुसार, इससे परिवर्तनीय विदेशी मुद्राओं में महंगे विदेशी मुद्रा भंडार को बनाए रखने की जरूरत कम होगी और कई अन्य लाभ भी मिलेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू मुद्रा का उपयोग द्विपक्षीय विनिमय दर बाजारों के विकास को भी सुगम बनाता है और विदेशी मुद्रा लेनदेन में लगने वाली लागत को कम करता है।, 2022 के बाद से रुपये आधारित बिल भुगतान और निपटान में उल्लेखनीय तेजी आई है। अगस्त, 2022 से जुलाई, 2025 की अवधि में रुपये में आयात और निर्यात बिल भुगतान की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) क्रमशः 20.9 प्रतिशत और 12.7 प्रतिशत रही।

इसके अलावा, 2025-26 में रुपये में व्यापार बिल भुगतान और निपटान के ताजा आंकड़ों के

कोका-कोला हाफटाइम सरप्राइज एक्सपीरियंस शुरू

नई दिल्ली। कोका-कोला इंडिया ने ग्राहकों के आराम के पलों को और भी मजेदार बनाने के लिए एक अनोखा कोका-कोला हाफटाइम सरप्राइज एक्सपीरियंस शुरू किया है। एआई आधारित यह नया अनुभव गूगल के सहयोग में गूगल जेमिनाई की मदद से बनाया गया है। दो बड़े ब्रांड्स के साथ आने से ग्राहकों को तीन अलग-अलग एआई सफर का अनुभव मिलेगा। इसका मकसद रोजमर्रा के साधारण 'कोक ब्रेक' को मस्ती, क्रिएटिविटी और खुद को बयां करने के अनोखे पलों में बदलना है। यह पहल कोका-कोला की वैश्विक हाफटाइम सोच से प्रेरित है। ग्राहक किसी भी खास कोका-कोला पैक पर दिए गए क्यूआर कोड को करके इस एआई अनुभव का हिस्सा बन सकते हैं। स्कैन करने के बाद यूजर्स तीन अलग-अलग थीम वाले इंटरैक्टिव अनुभवों में प्रवेश करेंगे।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की नीट-यूजी 2026 की पुनः परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसरो के पूर्व चेयरमैन डॉ. के. राधाकृष्णन के साथ मिलकर, आगामी नीट-यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई। डॉ. के. राधाकृष्णन उस उच्च-स्तरीय संचालन समिति के चेयरमैन (अध्यक्ष) भी हैं, जिसका गठन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से संबंधित सिफारिशों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए किया गया है। इस बैठक में उच्च शिक्षा सचिव, एनटीए के महानिदेशक, एनटीए के वरिष्ठ अधिकारियों और शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान, एनटीए के महानिदेशक ने सदस्यों को परीक्षा सुरक्षा को मजबूत करने और परीक्षा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए अतिरिक्त उपायों के बारे में जानकारी दी। इसमें मौजूदा निगरानी तंत्रों का व्यापक मूल्यांकन और उन्हें और बेहतर बनाने की योजनाएं शामिल थीं। परीक्षा की सुरक्षा के सबसे ज्यादा जरूरी होने पर जोर देते हुए, नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा 21 जून, 2026 को पूरे देश के 550 शहरों में 5400 से ज्यादा परीक्षा केंद्रों पर होनी तय है।

भारतीय इंजीनियरों ने सैमसंग गैलेक्सी एस26 को और भी स्मार्ट बनाया

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के नोएडा स्थित रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर (एसआरआई-नोएडा) ने इस साल लॉन्च हुई कंपनी की फ्लैगशिप स्मार्टफोन सीरीज सैमसंग गैलेक्सी एस26 सीरीज के लिए कई एआई फीचर्स विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हमने करीब तीन साल पहले एआई पर काम शुरू किया था। गैलेक्सी एस26 के लिए हमने दक्षिण कोरिया के सुवॉन आरएंडडी ऑफिस के साथ मिलकर नाउ नज और नाउ ब्रीफ फीचर्स विकसित किए। नाउ नज यूजर्स को उनकी जरूरत के अनुसार पहले से उपयोगी और संदर्भ आधारित सुझाव देता है, जबकि नाउ ब्रीफ महत्वपूर्ण इवेंट्स और कामों के लिए समय पर रिमाइंडर दिखाता है। एसआरआई-नोएडा के इंजीनियरों ने गैलेक्सी एस26 सीरीज के लिए क्रिएटिव स्टुडियो, कॉल स्क्रीनिंग और डायरेक्ट वॉयसमेल जैसे एआई फीचर्स के विकास में भी योगदान दिया है।

टोयोटा ने गुजरात सरकार से किया एमओयू पर हस्ताक्षर

गुजरात। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज गुजरात सरकार के साथ पूरे राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। यह व्यापक पहल केटीएम की सतत सामुदायिक विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और लोगों के जीवन में स्थायी बदलाव लाने के संकल्प को दर्शाती है। विस्तृत विजन के अंतर्गत पहुँच, समावेशिता और दीर्घकालिक विकास को मजबूत बनाने के उद्देश्य से टीकेएम की पहल सामुदायिक लर्निंग, डिजिटल शिक्षा और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के इंफ्रास्ट्रक्चर में लक्षित हस्तक्षेपों को एक साथ लाती है। इसके तहत सामुदायिक पुस्तकालय, मोबाइल कंप्यूटर शिक्षा, एडवांस्ड टेक्निकल ट्रेनिंग और महत्वपूर्ण मेडिकल उपकरण सहयोग जैसी सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं।

पेज एक का शेष

चार दिन

इसमें कॉम्बैट एविएटर, नेवल वॉचकीपर, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल टीम, विशेष बलों के ऑपरेटर, सिग्नल कर्मी, लॉजिस्टिक्स, चिकित्सा अधिकारी तथा संयुक्त और एकीकृत संगठनों के कर्मी शामिल हैं, जिन्होंने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया। यह पुस्तक सीडीएस के मार्गदर्शन में संकलित की गई है। सिंह ने अपने पोस्ट में कहा कि यह दस्तावेज़ इस अभियान को अंजाम देने वाले कर्मियों के प्रति एक सम्मान है और यह हमें हमारे सैनिकों के समर्पण और धैर्य से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को इस पुस्तक से प्रेरणा लेनी चाहिए।

आंधी-बारिश

लाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। किशुनपुर थाने के सिलमी गांव में 65 वर्षीय वरिष्ठजन किसान त्रिवेणी प्रसाद त्रिपाठी रात दो बजे छप्पर के नीचे सो रहे थे। आंधी में छप्पर गिर जाने से इनकी दबकर मौत हो गई। वहीं मवेशी जख्मी हो गये। पौली गांव में एक घर की दीवार ढह गई। इसी तरह बांदा में मटौंध क्षेत्र में जर्जर स्लैब ढहने से 65 वर्षीय पुनिया देवी की मौत हो गई, जबकि बबेरू के मऊ गांव में टीन का छप्पर गिरने से 62 वर्षीय कैलाश सिंह की जान चली गई। गिरवां थाना क्षेत्र क्षेत्र के पल्हरी गांव में बरगद के पेड़ के नीचे बनी झोपड़ी में रह रहे 59 वर्षीय रामशरण पुत्र गरीबा की मौत हो गई। पेड़ की भारी डाल उसके ऊपर गिर गई जिससे मौत हो गई। राजापुर तहसील के सिधौली गांव में करीब 400 वर्ष पुराना शिवलिंग मंदिर पूरी तरह धराशायी हो गया। साथ ही शिव-हनुमान मंदिर को भी नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने 29 और 30 मई के लिए प्रदेश के कई जिलों में आंधी-तूफान और भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, कुछ स्थानों पर 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पूवानुमान है कि बारिश और तेज हवाओं का दौर 31 मई तक जारी रह सकता है।

अब प्रदेश

जाता था। शोहदे बेटियों का अपहरण करते थे, व्यापारी सूर्यास्त से पहले प्रतिष्ठान बंद करने को मजबूर थे। सीएम योगी ने कहा कि 2014 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की बागडोर सौंपी तो सभी ने 12 वर्ष में बदलते भारत को देखा। मोदी जी कहते हैं कि हमारे लिए केवल चार जातियां (गरीब, युवा, नारी व किसान) हैं। इनका उत्थान हो जाए तो देश दौड़ने लग जाएगा और भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन जाएगा। उन्होंने दिल्ली में योजनाएं बनाईं, भाजपा शासित राज्यों ने इसे लागू भी किया, लेकिन 2014 से 2017 तक सपा सरकार ने यूपी में उन योजनाओं को लागू नहीं होने दिया। सपा ने गरीबों के लिए शौचालय, आवास, राशन, सड़क नहीं बनने दी। सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में 65 लाख गरीबों को आवास, पौने तीन करोड़ गरीबों के घरों में शौचालय, 16 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन मिल रहा है। उपदेश देने वाले सपाइयों से पूछिए कि चार बार शासन करने के बाद भी उन्होंने और लगभग 50 वर्ष तक शासन करने वाली कांग्रेस ने यह कार्य क्यों नहीं किया। कांग्रेस-सपा सरकार में उनके गुंडे गरीब का राशन खा जाते थे और गरीब टकटकी लगाकर देखता था। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई है। किसान परिवार या बटाईदार यदि आपदा की चपेट में आ जाता है तो मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत 24 घंटे के अंदर जनप्रतिनिधि पांच लाख रुपये की सहायता राशि उसके घर जाकर देते हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में विकास अभियान बिना रुके, बिना झुके, बिना डिगे, बिना थके चल रहे हैं। हर गरीब के लिए आवास, पानी, सड़क, पुल, बाढ़ से बचाव आदि के प्रयास हो रहे हैं। सड़कें, पर्यटन केंद्र संवर रहे हैं, पुल-पुलिया बन रही हैं। बिजली परियोजनाएं तैयार हो रही हैं। सुरक्षा का माहौल है, नौजवान के लिए नौकरी-रोजगार, बेटी के स्वावलंबन, अन्नदाता किसान के सम्मान के लिए योजनाएं चल रही हैं।

नये भारत

मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। केंद्र और राज्य सरकारों ने समन्वित प्रयासों से समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। अभियान के माध्यम से इन उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से स्वास्थ्य, शिक्षा, युवा सशक्तीकरण, किसान कल्याण, महिला सुरक्षा एवं सम्मान, गरीब कल्याण, रोजगार सृजन, निवेश, आधारभूत संरचना विकास, कानून-व्यवस्था, डिजिटल सेवाओं तथा सुशासन के क्षेत्र में हुए व्यापक परिवर्तनों, उपलब्धियों और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की सफलता की कहानियों और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंत्रीगण अपने-अपने प्रभार क्षेत्रों में पर्याप्त समय व्यतीत करें तथा अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। समाज के विभिन्न वर्गों, प्रबुद्ध जनों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, उद्यमियों और व्यापारिक संगठनों के साथ व्यापक संवाद स्थापित किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 05 जून से 21 जून के मध्य प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लगभग 10 किलोमीटर की प्रगति पथ यात्रा आयोजित की जाएगी। यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधि गांवों में रात्रि विश्राम करेंगे, चौपाल लगाएंगे तथा ग्राम प्रधानों और स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करेंगे। ग्राम्य विकास विभाग इस कार्यक्रम का समन्वय करेगा तथा सांसद एवं विधायक सक्रिय रूप से इसमें सहभागिता करेंगे।

हमीरपुर

इस परियोजना का निर्माण कार्य एक निजी कंपनी द्वारा कराया जा रहा था। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए थे। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान लोकेन्द्र (22), कुलदीप निषाद (19), सावंत यादव (28), सभाजीत (30), पुष्पेंद्र चौहान (34) और राजेश पाल (42) के रूप में हुई है। वहीं, अवधेश निषाद, कल्लू यादव और राजेश निषाद घायल हुए हैं, जिन्हें मलबे से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लालपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार सरोज ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही मलबा हटाकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई अन्य व्यक्ति उसके नीचे दबा न हो। गोयल ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग और जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार शाम को आंधी-तूफान और बारिश को लेकर चेतावनी जारी की थी। ग्रामीणों और कर्मचारियों को सतर्क करने के लिए गांवों में मुनादी भी कराई गई थी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा जनपद हमीरपुर में बेतवा नदी पर एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। उन्होंने कहा प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। अधिकारियों ने बताया कि जिले में 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की चेतावनी जारी की गयी थी। इस बीच, हमीरपुर सदर के विधायक ने कहा कि इस घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं और जांच पूरी होने के बाद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी।

ईडी ने

लिमिटेड (यूफ्लेक्स ग्रुप) और सीआईजी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कंसोर्टियमाविशेष प्रयोजन कंपनी (एसपीसी) संरचनाओं के माध्यम से प्राप्त इक्विटी शेयरधारिता शामिल हैं। इसमें कहा गया कि कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 634.12 करोड़ रुपये है, लेकिन वर्तमान उचित बाजार मूल्य 8,115 करोड़ रुपये बताया गया है।

उत्तराखण्ड : भाजपा

जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित प्रवास करें, जनता के बीच लगातार मौजूद रहें और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए जनता के साथ निरंतर संवाद बेहद आवश्यक है।

सेवारत शिक्षकों

परिकल्पना की गई है कि सेवारत शिक्षकों को भी निर्धारित समय सीमा के भीतर न्यूनतम योज्ञताएं प्राप्त करनी होंगी। निर्णय में कहा गया कि आरटीई अधिनियम विशेष रूप से कानून के प्रारंभ होने के समय सेवा में कार्यरत शिक्षकों से संबंधित है और उन्हें निर्धारित योज्ञताएं प्राप्त करने के लिए समय दिया गया है। पीठ ने कहा कि अधीनस्थ कानूनों या राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) द्वारा जारी अधिसूचनाओं में निहित छूट मूल कानून को रद्द नहीं कर सकती। अदालत ने कहा, इस आधार पर फैसले को रद्द करना कि इसके परिणामस्वरूप हजारों शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे, इसका अर्थ यह होगा कि जिन शिक्षकों के पास टीईटी योज्ञता नहीं है, वे सेवा में बने रहेंगे, जिससे आने वाली पीढ़ियों के शैक्षिक भविष्य पर असर पड़ेगा। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि आरटीई अधिनियम और एनसीटीई अधिनियम में 2011 के संशोधन से पहले नियुक्त शिक्षकों को उनके करियर के मध्य में टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह सेवा शर्तों में अनुचित परिवर्तन है। अदालत ने कहा, इस तर्क के आधार पर फैसले को अप्रभावी घोषित करना कि इसके परिणामस्वरूप हजारों शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे, इसका मतलब यह होगा कि जिन शिक्षकों के पास टीईटी योज्ञता नहीं है, वे सेवा में बने रहेंगे, जिससे आने वाली पीढ़ियों के शैक्षिक भविष्य पर असर पड़ेगा। अदालत ने कहा, आरटीई अधिनियम एक बाल-केंद्रित कानून है और इसे इसी रूप में पढ़ा जाना चाहिए। शिक्षकों की सेवा बच्चों के शैक्षिक भविष्य की कीमत पर नहीं हो सकती।

अगले वर्ष

गई है। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ के समक्ष दायर एक हलफनामे में, एनटीए ने कहा कि विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति (एचएलसीई) ने एनईटी-यूजी को सीबीटी माध्यम में बदलने की सिफारिश की है। इसने कहा कि एनटीए की प्रमुख परीक्षाओं में से केवल नीट (यूजी) 2026 ही पेन और पेपर (पीपीटी) माध्यम से आयोजित की गई थी, जो मुख्य रूप से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की योजना के अनुरुप थी। इसने कहा कि एनटीए की अन्य सभी प्रमुख परीक्षाएं पहले से ही सीबीटी माध्यम से आयोजित की जा रही हैं।

चुनौतीपूर्ण माहौल

कहा गया कि प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ विभिन्न व्यापार समझौतों का क्रियान्वयन भारत की वृद्धि को और गति देगा। भारत वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ते हुए प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहा, जबकि 2024-25 में यह वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत थी। यह मजबूत घरेलू मांग, निरंतर निवेश, सक्रिय नीतिगत पहल और ठोस व्यापक आर्थिक आधार से समर्थित रही। रिपोर्ट में कहा गया कि 2026-27 में कृषि क्षेत्र का परिदृश्य दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति एवं वितरण पर निर्भर करेगा।

राजस्थान ने गुजरात को दिया 215 रन का लक्ष्य

सूर्यवंशी और फरेरा ने राजस्थान रॉयल्स को 214 रन तक पहुंचाया

मुल्लांपुर। आईपीएल के इस सत्र में नित नया इतिहास रच रहे वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर 47 गेंद में 96 रन की पारी खेली और आखिरी ओवर में डोनोवन फरेरा ने राशिद खान को चार छक्के जड़कर गुजरात टाइटंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट पर 214 रन तक पहुंचाया।

पिछले क्वालीफायर की तुलना में मैदान में आज ज्यादा भीड़ थी और अधिकांश दर्शक 15 बरस के सूर्यवंशी की बल्लेबाजी देखने आये थे। सूर्यवंशी ने कैगिसो रबाडा और जैसन होल्डर जैसे बेहतरीन गेंदबाजों को दमदार शॉट्स लगाये। दूसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल के विकेट गंवाने के बाद सूर्यवंशी ने संभलकर बल्लेबाजी की। मोहम्मद सिराज, रबाडा और प्रसिद्ध कृष्णा उन्हें शरीर पर शॉर्ट लैंग्थ गेंद और बाउंसर डालने के इरादे से ही उतरे थे। लगातार दूसरा मैच इसी पिच पर होने से गेंद बल्ले पर उतनी आसानी से नहीं आ रही थी जैसे एलिमिनेटर में देखा था। शुरूआत में सूर्यवंशी को गेंदबाजों ने खुलकर खेलने नहीं दिया। इसके बावजूद उन्होंने बेखौफ खेल जारी रखा और रबाडा को 153 किमी की रफ्तार से शानदार छक्का जड़ा।मैच के हालात को देखते हुए चौथे नंबर पर भेजे गए रविंद्र जडेजा (35 गेंद में नाबाद 45) ने तेज गेंदबाजों को खासी नसीहत दी। टेनिस एल्बो से जूझ रहे जडेजा आठवें ओवर में रिटायर्ड हर्ट हो गए लेकिन डैथ ओवरों में फरेरा की मदद के लिये आये। फरेरा ने 11 गेंद में नाबाद 38 रन बनाये।

सूर्यवंशी को 46 के स्कोर पर साइ सुदर्शन ने जीवनदान भी दिया। इसके बाद उन्होंने टूर्नामेंट में छठा अर्धशतक पूरा किया और बीच के ओवरों में जमकर रन बनाये। रबाडा की गेंद हेलमेट पर लगने के बावजूद सूर्यवंशी ने दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज को चारों तरफ शॉट्स लगाये। वह शतक की ओर बढ रहे थे लेकिन लगातार दूसरे मैच में चूक गए।पिछले मैच में 97 रन पर आउट होने के बाद इस मैच में 96 रन पर विकेट गंवा बैठे। रबाडा की गेंद पर उन्होंने थर्डमैन में कैच थमाया। गुजरात की टीम रॉयल्स को 200 के भीतर रोक देती लेकिन आखिरी ओवर राशिद को देने का फैसला गलत साबित हुआ। फरेरा ने उन्हें चार छक्के लगाकर इस ओवर में 27 रन निकाले।

राजस्थान रॉयल्स पारी :

यशस्वी जायसवाल का प्रसिद्ध बो सिराज।
वैभव सूर्यवंशी का प्रसिद्ध बो रबाडा 96
ध्रुव जुरेल का गिल बो रबाडा 7
रविंद्र जडेजा नाबाद 45
रियान पराग का रबाडा बो होल्डर 11
दासुन शनाका का बटलर बो होल्डर 3
जोफ्रा आर्चर का बटलर बो प्रसिद्ध 7
डोनोवन फरेरा नाबाद 38
अतिरिक्त : छह रन
योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 214 रन

रोड्रिग्स, यास्तिका और पदार्पण कर रही नंदनी ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत को दिलायी 38 रन की जीत

चेम्सफोर्ड। जेमिमा रोड्रिग्स (69) और यास्तिका भाटिया (54) के शानदार अर्धशतकों के बाद पदार्पण कर रही तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा (34 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने इंग्लैंड को 38 रन से हराकर तीन मैचों की महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम ने खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 188 रन का मजबूत स्कोर खड़ा करने के बाद फिर इंग्लैंड को आठ विकेट पर 150 रन पर रोक दिया। बारह जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की अंतिम श्रृंखला है।

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर भारतीय टीम की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही। कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना पहली ही गेंद पर खाता खोले बिना आउट हो गई, जबकि उनकी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा भी महज दो रन बनाकर पवेलियन लौटी। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने शुरुआती झटके देकर भारत को दबाव में ला दिया। रोड्रिग्स और यास्तिका ने इसके बाद शानदार पलटवार किया। जेमिमा की 40 गेंदों में 69 रन की तेजतर्रार पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा। दो साल बाद टी20 टीम में वापसी कर रहीं यास्तिका ने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 40 गेंदों पर 54 रन की पारी के दौरान नौ चौके और एक छक्का लगाया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए महज 76 गेंदों में 126 रन की साझेदारी कर भारतीय पारी को मजबूती दी। घुटने की सर्जरी के बाद वापसी कर रहीं यास्तिका ने केवल 31 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि जेमिमा ने भी इतनी ही गेंदों पर पचासा जड़ा। चार्ली डीन ने यास्तिका को रन आउट करने के बाद उसी ओवर में जेमिमा को चलता कर इंग्लैंड को कुछ राहत दिलाई। ऋचा घोष (चार) और भारती फुलमाली सात) जल्दी आउट हो गईं, जिससे भारत की रनगति कुछ धीमी पड़ी। दीप्ति शर्मा ने 13 गेंदों पर नाबाद 22 रन और अरुंधति रेड्डी (नाबाद नौ) ने भी उपयोगी योगदान देकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम शुरुआती झटकों से उबर नहीं सकी। सोफिया डंकली (16) और एलिस कैप्सी (छह) पहले चार ओवरों के भीतर आउट हो गईं। एमी जोन्स ने 48 गेंदों में 67 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया और हीदर नाइट (21) के साथ 64 रन की साझेदारी निभाई। नाइट ने इस मुकाबले से इंग्लैंड महिला टीम के लिए सभी प्रारूपों में सर्वाधिक 310 मैच खेलने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। उन्होंने चार्लोट एडवर्ड्स को पीछे छोड़ा। पदार्पण कर रहीं 24 वर्षीय तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने मैच का रुख पूरी तरह भारत की ओर मोड़ दिया। उन्होंने 16वें ओवर में एमी जोन्स को आउट करने के बाद अगली ही गेंद पर डैनी गिब्सन (शून्य) को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने इसके बाद वोंग (चार) को भी चलता किया। क्रांति गौड़ ने दो विकेट झटके, जबकि श्री चरणी और दीप्ति शर्मा को एक-एक सफलता मिली। इस सफलता श्रेय काफी हद तक यास्तिका को जाता है।

संक्षेप

भारतीय टेनिस व्यवस्था को बदलने के लिए पूर्ण कार्यकाल की आवश्यकता

नयी दिल्ली। अध्यक्ष चिंतन पारिख और महासचिव सुंदर अय्यर ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान पदाधिकारियों को अगर पूरा कार्यकाल मिलता है, तो खिलाड़ियों का कल्याण, पारदर्शी शासन और एथलीट प्रतिनिधित्व अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के कामकाज की आधारशिला होंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय टेनिस को बदलने के अपने दृष्टिकोण में नेतृत्व एकजुट है। पिछले दो वर्षों से एआईटीए प्रशासनिक अस्थिरता और विवादों के घेरे में रहा है।

विनेश को सिर्फ 50 किलो ट्रायल में भाग लेने देगा डब्ल्यूएफआई

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और स्टार पहलवान विनेश फोगाट के बीच विवाद एक नया मोड़ ले सकता है चूंकि राष्ट्रीय महासंघ ने उसे एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में सिर्फ महिलाओं के 50 किलो वर्ग में भाग लेने की अनुमति देने का फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई सूत्रों के अनुसार महासंघ के अधिकारियों ने उसके पसंदीदा भारवर्ग को लेकर पुष्टि का इंतजार किया लेकिन दो बार की विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश की ओर से शुक्रवार रात तक उन्हें कोई सूचना नहीं मिली। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने विनेश को ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दे दी थी। विनेश ने पेरिस ओलंपिक 2024 समेत पिछले कुछ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में 50 किलो वर्ग में ही भाग लिया था लिहाजा वह इसी भारवर्ग में उतरेंगी। महासंघ के सूत्र ने बताया , मुख्य कोच और तकनीकी अधिकारियों के लिये यह जानना जरूरी है कि कौन सा पहलवान किस भारवर्ग में उतरेगा।

सुरुचि ने स्वर्ण और ईशा ने रजत जीता

म्यूनिख। भारतीय निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने शुक्रवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक और ईशा सिंह ने इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता, जिससे देश पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। सुरुचि ने 242.1 का स्कोर बनाकर पिछले साल ओलंपिक शूटिंग रेंज में जीते गए स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया जबकि उनकी सीनियर साथी ईशा ने 241.2 का स्कोर करके रजत पदक हासिल किया। कोरियाई निशानेबाज चू गेउन ने कांस्य पदक जीता। साल के दूसरे आईएसएसएफ विश्व कप चरण में भारत के दो स्वर्ण और एक रजत पदक हो गया है। शनिवार को राइफल और पिस्टल की दो मिश्रित स्पर्धा अभी खेली जानी बाकी हैं।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट: कार्लसन से हारने के बाद प्रज्ञानानंदा दूसरे और गुकेश अंतिम पायदान पर

ओस्लो। विश्व नंबर एक मैग्नस कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार वापसी करते हुए मौजूदा क्लासिकल विश्व चैंपियन डी गुकेश को बृहस्पतिवार को करारी शिकस्त दी जिससे युवा भारतीय खिलाड़ी अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर पहुंच गया जबकि आर प्रज्ञानानंदा ने विंसेंट कीमर को आर्मगेडन टाईब्रेक में हराकर दूसरा स्थान बरकरार रखा।

सात बार के नॉर्वे शतरंज चैंपियन कार्लसन ने टूर्नामेंट की धीमी शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की। इस जीत से उन्हें पूरे तीन अंक मिले और वह अंतिम स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच गए। दूसरी ओर, निराश गुकेश मुकाबले के बाद मुख्य द्वार से बचते हुए पीछे के दरवाजे से बाहर निकल गए, जबकि बाहर बड़ी संख्या में युवा प्रशंसक उनके ऑटोग्राफ का इंतजार कर रहे थे। शुक्रवार को विश्राम दिवस से पहले अलीरेजा फिरोजा शीर्ष पर बने हुए हैं। फिरोजा को हालांकि अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ टूर्नामेंट की पहली हार झेलनी पड़ी। वेस्ली ने क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहने के बाद आर्मगेडन में उन्हें पराजित किया। इसके बावजूद फिरोजा ने एक अंक हासिल कर 8.5 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए है। प्रज्ञानानंदा छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली सो 5.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर काबिज हैं, जबकि कार्लसन 4.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए। कीमर के खाते में चार अंक हैं। मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश 3.5 अंकों के साथ सबसे नीचे हैं। यह टूर्नामेंट उनके लिए एक और निराशाजनक अभियान बनता दिख रहा है, खासकर तब जब उन्हें इसी वर्ष विश्व खिताब रक्षा में जावोखिर सिंदारोव की चुनौती का सामना करना है। पिछले वर्ष गुकेश से हार के बाद कार्लसन की भावनात्मक प्रतिक्रिया काफी चर्चा में रही थी, लेकिन इस बार उन्होंने बेहद संयमित और पेशेवर अंदाज में काले मोहरों से मुकाबला अपने नाम किया। कार्लसन ने मैच के बाद कहा, मैं आज खुद को बहुत अधिक प्रेरित महसूस नहीं कर रहा था। लगातार तीन दिन खराब खेल और समय के दबाव के बाद मैं थक चुका था। हालांकि आज शुरुआत से चीजें मेरे मुताबिक रहीं और मैं उससे खुश हूं। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन ने गुकेश की शुरुआती चाल पर भी आश्चर्य जताया। उन्होंने कहा, मैं उनकी शुरुआती चाल देखकर चौंक गया था। मुझे लगा था कि ज्यादा से ज्यादा ड्रॉ की स्थिति बनेगी। गुकेश कभी-कभी जरूरत से ज्यादा महत्वाकांक्षी खेलते हैं और आज भी ऐसा ही हुआ।

सिंधू सिंगापुर ओपन में आन से यंग से हारी सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में

सिंगापुर। भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू विश्व नंबर एक एन से यंग के सामने लगातार दबाव बनाए रखने के लिए जरूरी निरंतरता नहीं दिखा सकीं और शुक्रवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हारकर उनका अभियान समाप्त हो गया लेकिन पुरुष युगल की दिग्गज जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कड़े मुकाबले में जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बना ली।

कोरिया की खिलाड़ी एन से यंग ने इस मुकाबले को 21-17, 21-14 से जीतकर सिंधू पर अपना दबदबा कायम रखा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने बीच-बीच में अपने आक्रामक खेल की झलक दिखाई और कुछ चरणों में कोरियाई खिलाड़ी पर दबाव बनाने में सफल रहीं, लेकिन निर्णायक क्षणों में एन से यंग का बेहतर नियंत्रण, बेहतरीन मूवमेंट और महत्वपूर्ण अंकों को भुनाने की क्षमता हावी रही। इस हार के साथ सिंधू का मौजूदा ओलंपिक चैंपियन के खिलाफ लगातार हार का सिलसिला नौ मैचों तक पहुंच गया है। इन मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ी केवल एक बार ही गेम जीत सकी हैं, जो 2023 बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में संभव हुआ था। मुकाबले से पहले ही सिंधू के लिये यह चुनौती बेहद कठिन मानी जा रही थी, क्योंकि इस वर्ष एन से यंग ने केवल एक मैच गंवाया है, जबकि 2025 में पूरे वर्ष में उन्हें केवल चार ही हार मिली हैं। यह अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर उनकी असाधारण दबदबे को दर्शाता है। एशियाई खेलों के चैंपियन और यहां चौथे वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मलेशिया के खाई शिंग कांग और आरोन ताई को एक घंटे पांच मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-13 से हराया। भारतीय जोड़ी का मुकाबला शीर्ष अब वरीयता प्राप्त कोरिया के किम वॉन हो और सियो सेउंग जे से होगा, जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जापान की जोड़ी को 21-19, 21-18 से हराया। इससे पहले सिंधू ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए अपने दमदार स्मैश और तेज इंटरसेप्शन के जरिए रैलियों पर नियंत्रण बनाने की कोशिश की। वह हालांकि पहले गेम के ब्रेक के समय 7-11 से पीछे रहीं। ब्रेक के बाद लगातार आक्रामक रिटर्न और शॉट्स की मदद से उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 13-14 तक पहुंचा दिया। सिंधू की आक्रामक रणनीति उन्हें मुकाबले में बनाए रख रही थी, वहीं दूसरी ओर नेट पर एन का नियंत्रण और दबाव झेलने की क्षमता उन्हें फिर से बढ़त दिला रही थी। सिंधू ने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के शरीर पर ताकतवर स्मैश और कुछ कमाल के शॉट की मदद से अंतर 16-18 तक घटाया और फिर मैच की सबसे लंबी रैली जीतकर स्कोर 17-19 कर दिया। सिंधू का शॉट कोर्ट से बाहर जाने पर एन से यंग को तीन गेम पॉइंट मिल गए जिसे उन्होंने आसानी से भुना लिया। भारतीय खिलाड़ी की दूसरे गेम में शुरूआत बेहद ही खराब रही। एन ने बिना समय गंवाये 6-0 की बढ़त बना ली। सिंधू ने हालांकि इसके बाद अच्छी वापसी कर स्कोर को 6-8 किया लेकिन ऐन ने ब्रेक तक स्कोर 11-7 कर चार अंकों की बढ़त बना ली। सिंधू ने ब्रेक के बाद आक्रामक रूख अपनाने की कोशिश कर स्कोर को 11-14 और फिर 30 शॉट की लंबी रैली जीतकर अंतर 12-14 तक घटा दिया। भारतीय खिलाड़ी को निर्णायक क्षणों में कुछ गलतियां करना महंगा पड़ा जिसका फायदा उठा कर ऐन ने 18-13 की बड़ी बढ़त कायम कर ली।

कोरियाई खिलाड़ी ने लगातार बेहतरीन प्लेसमेंट से सिंधू को परेशान करते हुए सात मैच पॉइंट हासिल किए। सिंधू को शॉट कोर्ट से बाहर जाते ही उन्होंने दूसरे मैच प्वाइंट को भुनाकर 48 मिनट तक चले इस मुकाबले को अपने नाम कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

कुंबले ने वैभव सूर्यवंशी के प्रदर्शन में निरंतरता की सराहना की

मुल्लांपुर। भारतीय स्पिन दिग्गज अनिल कुंबले ने 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी और निरंतरता की जमकर सराहना करते हुए कहा कि केवल छक्कों की ताकत नहीं, बल्कि प्रदर्शन में निरंतरता ही इस युवा खिलाड़ी को खास बनाती है।

सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में 65 छक्के जड़कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल के 2012 में बनाए गए 59 छक्कों के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। राजस्थान रॉयल्स के इस युवा खिलाड़ी ने 15 पारियों में 680 रन बनाकर ऑरेंज कैप (आईपीएल सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी को दी जाने वाली सूची में शीर्ष स्थान) भी अपने नाम कर ली है। इसी के साथ उन्होंने एक टी20 सीरीज में किशोर खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। कुंबले ने कहा, वैभव सूर्यवंशी ऑरेंज कैप धारक हैं, और यह उपलब्धि सिर्फ एक बार या कुछ ही टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने से नहीं मिलती। उन्होंने पिछले दो महीनों में लगातार ऐसा प्रदर्शन किया है, और यह इस युवा खिलाड़ी के बारे में बहुत कुछ कहता है। उन्होंने कहा, वह सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन यह सिर्फ मैदान पर जाकर कुछ छक्के जड़ने की बात नहीं है। कुंबले ने कहा कि सूर्यवंशी के उभार से उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल पर भी दबाव बढ़ा है। जायसवाल ने इस सत्र में 15 मैचों में 426 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 32.77 और स्ट्राइक रेट 153.24 रहा है। कुंबले ने कहा, जायसवाल को गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की है, लेकिन वह निश्चित रूप से दबाव में हैं। कुछ साल पहले सारी चर्चा उन्हीं पर थी, लेकिन अब 15 साल का एक खिलाड़ी पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में भी उनकी साझेदारी शानदार रही थी। उन्होंने आठ ओवरों में करीब 120 रन बनाए, लेकिन इनमें से ज्यादातर रन सूर्यवंशी ने ही बनाए थे। जायसवाल को इस बात की निराशा होगी कि बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर भी वह तेजी से रन बनाने में विफल रहे।

एक दिन भी अभ्यास नहीं करूं तो लगता है कि जिंदगी धीमी पड़ गयी है: वैभव सूर्यवंशी

मुल्लांपुर। बाल प्रतिभा से किशोर सनसनी बनने के अपने सफर के दौरान वैभव सूर्यवंशी ने नेट्स में शायद लाखों गेंदें खेली होंगी लेकिन फिर भी उन्हें एक दिन का ब्रेक लेना भी पसंद नहीं है क्योंकि अगर वह एक दिन भी अभ्यास नहीं करते तो उन्हें जिंदगी धीमी लगने लगती है। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले इस 15 साल के लड़के की लगन की काफी तारीफें हुई है और इसका बहुत सारा श्रेय उनके पिता संजीव को जाता है जो उन्हें हफ्ते में पांच दिन समस्तीपुर से पटना ट्रेनिंग के लिए ले जाते थे। सूर्यवंशी ने बताया, यह सब मेरे पिता की वजह से है। बचपन से ही उन्होंने मुझसे इतना ज्यादा अभ्यास करवाया है कि अगर मैं एक दिन भी अभ्यास नहीं करूं तो ऐसा लगता है जैसे मेरी जिंदगी थोड़ी धीमी पड़ गई हो। इसलिए मुझे बहुत लंबे ब्रेक की जरूरत नहीं पड़ती। एक दिन का ब्रेक ही काफी होता है।

ट्रेनिंग को लेकर उनका जुनून इतना ज्यादा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले व्यवस्थित अभ्यास पर ध्यान देने के लिए उन्होंने अपनी 10वीं क्लास की बोर्ड परीक्षाएं भी छोड़ दी थीं। सूर्यवंशी ने कहा कि मुझे लगा कि मुझे अभ्यास करना चाहिए क्योंकि आईपीएल नजदीक आ रहा था और मैं वनडे क्रिकेट (अंडर-19 विश्व कप) खेलकर वापस आया था। प्रारूप में भी बदलाव हुआ था इसलिए मुझे अपने खेल के कुछ पहलुओं पर काम करने की जरूरत थी। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने हाल में कहा था कि वह चाहते हैं कि सूर्यवंशी के अंदर का बचपन जैसा भोलापन हमेशा बना रहे। जब आप उनसे उनके आराम करने के तरीके के बारे में बात करते हैं तो उनके अंदर का बच्चा जाग उठता है। उन्होंने कार्टून देखने को अपना पसंदीदा मनोरंजन का जरिया बताया। उन्होंने कहा, दो-तीन साल पहले जब मैं घर पर रहता था और वहीं मैच खेलता या अभ्यास करता था तो जब भी घर पर मुझे फ्री टाइम मिलता था, मैं कार्टून देखता था। मुझे इसमें बहुत मजा आता था। सूर्यवंशी ने कहा, आज भी, जब भी मुझे लगता है कि मुझे थोड़ा आराम या शांति चाहिए तो मैं कार्टून देखता हूं। मैं अपने कमरे में आराम से बैठकर अपनी पसंद के कार्टून देखता हूं। इससे मुझे बहुत अच्छा लगता है। आईपीएल के इस सत्र में 680 रन और रिकॉर्ड 65 छक्के लगाकर सूर्यवंशी 1988 में सचिन तेंदुलकर के आने के बाद से भारतीय क्रिकेट में सबसे बड़ी सुर्खियां बटोरने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। भले ही दोनों के बल्लेबाजी करने की शैली अलग-अलग हों, लेकिन तेंदुलकर की ही तरह सूर्यवंशी भी अपनी उम्र से कहीं ज्यादा परिपक्वता दिखाते हैं। उनके पिता संजीव ने उनमें टीम खिलाड़ी होने का जज्बा भरा है और सूर्यवंशी के लिए यह बात सबसे ज्यादा मायने रखती है। उन्होंने कहा कि बचपन से ही मेरे पिता मुझसे कहते आए हैं कि अगर तुम शतक, दोहरा शतक या तिहरा शतक भी बना लो, लेकिन तुम्हारी वजह से टीम नहीं जीते तो उन रनों की कोई अहमियत नहीं होती। ये रन सिर्फ तुम्हारे निजी रिकॉर्ड के लिए हो सकते हैं लेकिन उनसे टीम को कोई फायदा नहीं होगा। सूर्यवंशी ने कहा, इसलिए अगर मैं शतक के बजाय 80 रन बनाऊं और मेरी टीम जीत जाए और अगर शतक बनाने के बाद भी हम नहीं जीत पाएं, तो मेरे लिए उन 100 रन के मुकाबले वे 80 रन ज्यादा मायने रखते हैं। उन्होंने कहा, मेरी टीम टूर्नामेंट में जितनी ज्यादा देर तक बनी रहेगी और हम प्लेऑफ और फाइनल में जितना आगे तक जाएंगे, मुझे शतक बनाने और जो भी रिकॉर्ड मैं तोड़ना चाहता हूं, उन्हें हासिल करने के उतने ही ज्यादा मौके मिलेंगे। इसलिए, इससे मुझे निजी तौर पर भी फायदा होता है और टीम को भी।

भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि : गोयल

अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पर उत्साहजनक प्रगति, अंतरिम समझौता करीब

न्यूयॉर्क। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका में व्यापार जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत के दौरान द्विपक्षीय व्यापार वार्ता पर उत्साहजनक जानकारी देते हुए आश्वासन दिया कि भारत-अमेरिका अंतरिम समझौता जल्द होने वाला है। अमेरिकी-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसएफ) ने यह जानकारी दी।

गोयल ने बृहस्पतिवार को आयोजित बंद कमरे की गोलमेज बैठक में भारत-अमेरिका के बीच व्यापार, निवेश एवं आपूर्ति शृंखला साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने यूएसआईएसपीएफ के सहयोग से इस बैठक का आयोजन किया जिसमें प्रमुख उद्योग एवं व्यापार जगत के 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। गोयल ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, सुधार-आधारित कारोबारी माहौल और वैश्विक निवेशकों के लिए बढ़ते अवसरों को रेखांकित किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी, साझा समृद्धि के लिए भारत-अमेरिका व्यापार, निवेश, नवाचार एवं आपूर्ति शृंखला साझेदारी को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की। यूएसआईएसपीएफ ने कहा कि गोयल ने भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं पर उत्साहजनक जानकारी साझा करते हुए उद्योग को आश्वस्त किया कि अंतरिम समझौता जल्द होने वाला है। उन्होंने जोर दिया कि निवेशकों का विश्वास, कारोबार की स्थिरता और मजबूत नियामकीय माहौल भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। गोयल की बातचीत से द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने को लेकर भारत की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। अमेरिका का एक दल एक से चार जून के बीच भारत की यात्रा पर आएगा। इस दौरान अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को अंतिम रूप दिया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों एवं सीमा शुल्क सुगमता जैसे मुद्दों पर वार्ता आगे बढ़ाई जाएगी। यूएसआईएसपीएफ ने कहा कि वार्ता दल के अगले सप्ताह भारत जाने से पहले, वह दोनों सरकारों को सफल और सार्थक बातचीत की शुभकामनाएं देता है। गोयल ने उद्योग जगत के कई प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। मॉर्गन स्टैनली के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टेड पिक के साथ बैठक में उन्होंने भारत में दीर्घकालिक निवेश और संस्थागत साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने वारबर्ग पिंकस के चेयरमैन चिप केय के साथ वैश्विक निवेश परिदृश्य और भारत के उभरते आर्थिक अवसरों पर विचार-विमर्श किया। गोयल ने डिजिटल वाणिज्य, डिजिटल सुरक्षा और नयी पीढ़ी की भुगतान प्रणालियों में सहयोग बढ़ाने पर विचार किया। इससे पहले 25 से 27 मई के दौरान गोयल के नेतृत्व में 150 से अधिक सदस्यों का व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल कनाडा गया था जहां मंत्री ने निवेश आकर्षित करने, सहयोग बढ़ाने और प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को गति देने के प्रयास किए।

राज्य कम बारिश के अनुमान से निपटने के लिए तैयार रहें: कृषि मंत्री चौहान

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्य सरकारों से कहा कि वे अल नीनो के खतरे और इस साल मॉनसून के सामान्य से कम रहने के अनुमान के साथ अन्य चुनौतीपूर्ण मौसम स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहें। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस साल सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान जताया है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आकस्मिक योजनाएं बना रहा है। आने वाले खरीफ (गर्मी में बोई जाने वाली फसल) मौसम के दौरान मांग को पूरा करने के लिए बीज और उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। यह मौसम जून में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगमन के साथ शुरू होगा। उन्होंने राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन - खरीफ अभियान 2026 के समापन दिवस पर संवाददाताओं से कहा, हम अल-नीनो की घटना पर नजर रख रहे हैं। अभी हम पूरी तरह से निश्चित नहीं हैं, लेकिन अगर ऐसी कोई स्थिति पैदा होती है और अगर मॉनसून में कोई देरी होती है या बारिश में कोई अंतराल आता है, तो हम उससे निपटने की तैयारी कर रहे हैं। अल नीनो एक मौसम प्रतिरूप है जो पूर्वी प्रशांत महासागर में सतह के पानी के असामान्य रूप से गर्म होने के कारण बनता है। यह वैश्विक मौसम को बाधित करता है और आमतौर पर भारत में कमजोर मॉनसून और सूखे का कारण बनता है। चौहान ने कहा कि उनका मंत्रालय किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। एक सरकारी बयान के अनुसार, उन्होंने राज्यों से भी आग्रह किया कि वे जिला स्तर पर कम बारिश या अन्य चुनौतीपूर्ण स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहें। हम तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फसल की सफलता के लिए बीज सबसे महत्वपूर्ण लागत वस्तु हैं। सरकार के पास बीजों की पर्याप्त उपलब्धता है। कुल 173 लाख क्विंटल बीज की मांग के मुकाबले, 192 लाख क्विंटल का भंडार उपलब्ध है। केंद्रीय मंत्री ने राज्यों से कहा कि वे इन बीजों को उठाएँ और किसानों तक समय पर पहुँचाएँ। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा 1.74 लाख क्विंटल का बफर स्टॉक बनाए रखा जाएगा।

संक्षेप

यूक्रेन पर दागा गया रूसी ड्रोन रोमानिया में आवासीय इमारत से टकराया, दो लोग घायल

कीव। यूक्रेन पर बृहस्पतिवार रात भर किए गए लगातार हमलों के दौरान एक रूसी ड्रोन पूर्वी रोमानिया की एक आवासीय इमारत से टकराया, जिससे दो लोग घायल हो गए। रोमानिया के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रोमानिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश की हवाई सीमा में रडार पर दिखाई दिया यह ड्रोन गलाती शहर की एक इमारत की छत से टकरा गया, जिसके बाद वहां आग लग गई। घटना में दो लोगों को मामूली चोटें आईं और कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। डेन्यूब नदी के किनारे बसा गलाती शहर मोल्दोवा और यूक्रेन की सीमाओं के पूर्व में स्थित है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं। इस घटना के बाद रोमानिया की सेना ने दो एफ-16 लड़ाकू विमान और एक हेलीकॉप्टर तैनात किया। प्रभावित इलाकों के निवासियों को चेतावनी संदेश भी भेजे गए। इस घटनाक्रम पर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सदस्य रोमानिया ने संगठन से अपनी सेना को जल्द से जल्द ड्रोन-रोधी क्षमताएं उपलब्ध कराने की मांग की है। विदेश मंत्रालय ने इस घटना को अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताया।

प्रधानमंत्री को बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं: राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की गड़बड़ी पर चुप्पी और शिक्षा मंत्री के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं किया जाना यह दर्शाता है कि उन्हें केवल अपनी सरकार के अस्तित्व की चिंता है, लाखों छात्रों के भविष्य की नहीं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह पहले दिन से ही सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) और सीओईएमपीटी को अनुबंध दिए जाने के मामले में स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं, क्योंकि देश के युवाओं को सच जानने का अधिकार है। गांधी ने मीडिया की खबरों को साझा किया और लोगों से उन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ने का आह्वान किया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, सीबीएसई ने ओएसएम निविदाएं तीन बार आमंत्रित कीं। पहली बार एक भी बोली नहीं लगी। दूसरी बार कोई भी बोलीदाता पात्र नहीं पाया गया। और अंततः, तकनीकी मानकों को तब तक कमतर किया गया जब तक कि सीओईएमपीटी उन्हें पार नहीं कर गई। स्कैनिंग रेजोल्यूशन कम कर दिया गया। रोबोटिक स्कैनर की अनिवार्यता हटा दी गई।

देश में 500 रुपये के नोट का बढ़ा चलन, नकली नोटों के बढ़े मामले

मुंबई। देश में 500 रुपये के नोटों का चलन वित्त वर्ष 2025-26 में 11.2 प्रतिशत बढ़ गया और मुद्रा प्रणाली में इनकी सर्वाधिक हिस्सेदारी बरकरार रही। हालांकि इस मूल्य वर्ग में नकली नोटों के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2026 के अंत तक 500 रुपये के नोटों की संख्या बढ़कर 7,05,482 लाख हो गई, जो एक साल पहले 6,34,458 लाख थी। मूल्य के लिहाज से इन नोटों का कुल चलन 35.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 31.72 लाख करोड़ रुपये था। आरबीआई ने कहा कि चलन में मौजूद कुल नोटों की संख्या में 500 रुपये के नोटों की हिस्सेदारी 41.2 प्रतिशत रही, जो सबसे अधिक है। वहीं, मूल्य के आधार पर इनकी हिस्सेदारी 86 प्रतिशत से भी ज्यादा रही। हालांकि, इसी अवधि में 500 रुपये के नकली नोटों का पता चलने के मामलों में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। कुल मिलाकर, बैंकिंग प्रणाली में पकड़े गए नकली नोटों की संख्या 2025-26 में 5.7 प्रतिशत बढ़कर 2,29,746 हो गई, जो एक साल पहले 2,17,396 थी। इनमें 500 रुपये के नकली नोट सबसे अधिक रहे, जिनकी संख्या बढ़कर l,41,907 हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 20 रुपये के नकली नोटों में भी तेज वृद्धि देखी गई, जबकि 100, 50 और 200 रुपये के नकली नोटों में गिरावट दर्ज की गई। 2000 रुपये के नोटों के चलन से बाहर होने के कारण इस मूल्य वर्ग में नकली नोटों के मामले भी काफी कम हो गए। आरबीआई के अनुसार, 2025-26 के दौरान चलन में मौजूद नोट की मात्रा एवं मूल्य दोनों में क्रमशः 10.5 प्रतिशत एवं 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह अर्थव्यवस्था में नकदी की मजबूत मांग को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि 2000 रुपये के नोटों को वापस लेने के लिए मई 2023 में शुरू की गई इस वित्त वर्ष में भी जारी रही। मार्च 2026 तक इस मूल्य वर्ग के कुल 98.45 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके थे। सिक्कों के मामले में भी वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सिक्कों की कुल संख्या में 4.5 प्रतिशत और मूल्य में 11.4 प्रतिशत की बढ़त रही। एक, दो और पांच रुपये के सिक्के कुल संख्या का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा रहे। आरबीआई ने बताया कि 2025-26 में नोटों की छपाई के लिए मांग एक साल पहले की तुलना में कम रही, जिससे छपाई पर होने वाला खर्च एक साल पहले के 6,379 करोड़ रुपये से घटकर 4,875 करोड़ रुपये रह गया। उच्च मूल्य वर्ग के नोटों की छपाई मांग में कमी आई, जबकि 10 रुपये के नोटों की छपाई में बढ़ोतरी हुई।

नेतन्याहू ने भारत के जबरदस्त प्रेम का उल्लेख किया

जॉर्डन घाटी। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत को एक बहुत बड़ी शक्ति बताते हुए कहा है कि दुनिया के अन्य हिस्सों में यहूदी राष्ट्र की वैधता पर सवाल उठाए जाने की कोशिशों के बावजूद भारत में इजराइल के लिए जबरदस्त प्रेम है।

नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को जॉर्डन घाटी में एक कार्यक्रम के दौरान भारत का उल्लेख इजराइल की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के एक अहम उदाहरण के रूप में किया। वह इजराइल के अंतरराष्ट्रीय संबंधों और कूटनीतिक साझेदारियां बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा कर रहे थे। नेतन्याहू ने ये टिप्पणियां ऐसे समय में कीं जब पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक स्थिति नाजुक बनी हुई है। पश्चिम एशिया में इजराइल कई मोर्चों पर सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है और अपने पारंपरिक सहयोगियों से परे अन्य साझेदारों के साथ संबंध मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। सरकारी प्रेस कार्यालय द्वारा जारी एक वीडियो में नेतन्याहू ने कहा, हम अपने गठबंधनों का विस्तार कर रहे हैं और आप जिस बारे में बात कर रहे हैं, वह इन गठबंधनों को एक बड़े दायरे तक ले जाने की बात है। यह बड़ा दायरा वास्तव में भारत नाम की एक बहुत बड़ी शक्ति के साथ हमारे विशिष्ट संबंधों से जुड़ा है। उन्होंने इजराइल की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना का उल्लेख करते हुए कहा, मैं यह कहूंगा कि दुनिया के कई हिस्सों में हमारी वैधता पर सवाल उठाए जाते हैं लेकिन भारत में नहीं। भारत में इजराइल के लिए जबरदस्त प्रेम है, वाकई जबरदस्त। मुझे लगता है कि मेरे सबसे अधिक फॉलोअर भारत से हैं। नेतन्याहू पहले भी कई बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों और भारत-इजराइल संबंधों की मजबूती को रेखांकित कर चुके हैं। पहले की टिप्पणियों में उन्होंने भारत को बेहद शक्तिशाली बताया था और कई क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया था।

भारत-कनाडा ने आर्थिक साझेदारी मजबूत करने के लिए शुरू किया व्यापार एवं निवेश मंच

नयी दिल्ली। भारत और कनाडा ने व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापार एवं निवेश मंच की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के व्यवसायों को एक साथ लाना है। शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि दोनों देशों ने भारत और कनाडा के बीच संपर्क बढ़ाने पर भी सहमति जताई है। इसमें लोगों के बीच संपर्क, व्यापारिक सुगमता और प्रत्यक्ष वाणिज्यिक संबंध शामिल हैं जिन्हें व्यापार एवं निवेश के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण कारक माना गया है। यह बयान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की तीन दिवसीय (25-27 मई) आधिकारिक यात्रा के समापन के बाद जारी किया गया।

इस दौरान उन्होंने व्यापार जगत के कई दिग्गजों के साथ बैठकें कीं और कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनींदर सिद्धू के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की। बयान के अनुसार, मंत्रियों ने कनाडा-भारत व्यापार एवं निवेश मंच की शुरुआत की, जो कनाडा और भारत के व्यापारिक नेताओं को एक साथ लाने तथा नई वाणिज्यिक साझेदारियों को बढ़ावा देने का एक प्रमुख मंच है। दोनों पक्षों ने एक महत्वाकांक्षी एवं परस्पर लाभकारी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और इस वर्ष के अंत तक वार्ता पूरी करने के साझा लक्ष्य की पुष्टि की। यह समझौता बाजार तक पहुंच बढ़ाने, आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत बनाने और द्विपक्षीय आर्थिक वृद्धि को सक्षम बनाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। मंत्री मनींदर सिद्धू ने पुष्टि की कि कनाडा इस वर्ष के अंत में टीम कनाडा ट्रेड मिशन का प्रतिनिधिमंडल भारत भेजेगा।

इंटरटेनमेंट...

जन नायकन पर बॉबी देओल ने किया बड़ा खुलासा

तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय उर्फ थलापति विजय की फिल्म ह्यजन नायकनह्व में बॉबी देओल विलेन के रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल रिलीज होने वाली थी पर टल गई। अब बॉबी ने इस पर नई अपडेट दी है।

इस साल जनवरी में रिलीज होने जा रही फिल्म जन नायकन कई विवादों के बाद रिलीज नहीं हो पाई। फिल्म के लीड एक्टर थलापति विजय अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। उनके फैंस अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो जाए। इसी बीच फिल्म में विलेन का रोल करने वाले बॉबी देओल ने अमर उजाला को दिए इंटरव्यू में बताया कि यह फिल्म कब रिलीज होने जा रही है। बॉबी ने बताया कि फिल्म 'जन नायकन' कब रिलीज होगी? बॉबी ने कहा, ह्ययह फिल्म चुनाव से पहले विजय की आखिरी फिल्म होने वाली थी, लेकिन समझ नहीं आया कि कैसे इसकी रिलीज में देरी हो गई? फिर यह लीक भी हो गई, जिसका हम सभी को बहुत दुख हुआ। अब तो यह फिल्म कब रिलीज होगी इसकी कोई जानकारी मुझे अब तक मिली नहीं है। हो सकता है कि यह अगले महीने विजय के जन्मदिन पर रिलीज हो जाए। वहीं जब बॉबी से पूछा गया कि सेट पर विजय के साथ उनकी बॉन्डिंग कैसी थी? तो एक्टर ने कहा, ह्यमैं उनको इतनी अच्छी तरह से जानता नहीं। सेट पर बहुत कम बात होती थी। वो बहुत चप रहते हैं पर मैं बहुत खुश हूं कि उन्होंने वो हासिल किया, जो वो चाह रहे थे। जिस तरह वो चुनाव में जीते हैं, यह अपने आपमें बहुत बड़ी उपलब्धि है। थलापित विजय इस साल 22 जून को अपना 52वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। ऐसी खबरें हैं कि यह फिल्म उनके जन्मदिन से कुछ दिन पहले 19 जून को रिलीज हो सकती है, पर इस बारे में अब तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। अब बॉबी का यह बयान फिल्म के रिलीज होने की खबर पुख्ता करता है। एच विनोथ द्वारा निर्देशित ह्यजन नायकन२ को अभिनेता विजय की आखिरी फिल्म बताया जा रहा है। यह फिल्म 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन सीबीएफसी से समय पर सर्टिफिकेट न मिलने के कारण इसे टाल दिया गया।

फिल्म की रिलीज के समय सेंसर बोर्ड ने अचानक इसे हरी झंडी देने से इनकार कर दिया। सेंसर पैनल के अधिकांश सदस्य इसे 'वअ' सर्टिफिकेट देने के पक्ष में थे, लेकिन बोर्ड के एक सदस्य ने फिल्म में कथित रूप से धार्मिक सौहार्द्र बिगड़ने और भारतीय सेना के गलत चित्रण को लेकर आपत्ति जताई, जिससे फिल्म की रिलीज रोक दी गई।

बॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ रहीं साउथ की मूवीज

मुम्बई। साउथ की फिल्में 'करुप्पु' और 'दृश्यम 3' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही हैं। फिल्हाल बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली यही दोनों फिल्में हैं। दोनों फिल्में बॉलीवुड फिल्मों पर भारी पड़ रही हैं। 'करुप्पु' की रिलीज का आज 15वां दिन है। वहीं 'दृश्यम 3' की रिलीज का आज नौवां दिन है। जानते हैं दोनों फिल्मों ने शुक्रवार को कितना कलेक्शन किया है? मोहनलाल की अदाकारी वाली फिल्म 'दृश्यम 3' रिलीज से पहले ही सुर्खियों में थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरूआत की। 'करुप्पु' और 'दृश्यम 3' की बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्मों से टक्कर हो रही है। इसके बावजूद दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही हैं।

बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा

मुम्बई। अक्षरा सिंह इन दिनों अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में 'वेलकम 3' से अक्षय कुमार और अक्षरा सिंह का गाना 'घिस घिस घिस' रिलीज हुआ, जिसने सोशल मीडिया पर रातों-रात धूम मचा दी। लेकिन आज न जाने अक्षरा को क्या हो गया कि वह अचानक से इतनी भावुक हो गईं कि रोने लगीं। उनके इस वीडियो को देखकर उनके फैंस को भी उनकी चिंता सता रही है। अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षरा अपनी मां से फोन पर बात करते-करते रो पड़ती हैं। दअसल, अक्षरा की मां ने उन्हें कहा, 'थैंक्स यूनिवर्स, थैंक्स मेरी बहादूर बच्ची।' अक्षरा अपनी मां की इन बातों को सुनकर इतनी भावुक हो गईं कि वह अपने आंसू रोक ही नहीं पा रही थीं।

चांद मेरा दिल और पति पत्नी और वो दो की टक्कर

मुम्बई। बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कोई भी फिल्म दर्शकों को खास प्रभावित नहीं कर पा रही है। एक ओर जहां अनन्या पांडे की ह्यचांद मेरा दिलह्व बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर आयुष्मान खुराना की ह्यपति पत्नी और वो दोह्व भी दर्शकों को कुछ खास प्रभावित नहीं कर पा रही है। अब फिल्म की शुक्रवार की भी कमाई सामने आ गई है। जानते हैं कैसा रहा इन दोनों ही फिल्मों का प्रदर्शन?

अनन्या पांडे और लक्ष्य की रोमांटिक-लव स्टोरी फिल्म चांद मेरा दिल बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ते से ज्यादा का समय पूरा कर चुकी है। लेकिन फिल्म की रफ्तार अभी भी धीमी बनी हुई है। अब शुक्रवार को अपने 8वें दिन चांद मेरा दिल ने 68 लाख रुपए की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन आठ दिनों में 20.13 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। आयुष्मान खुराना की तीन हीरोइनों वाली फिल्म पति पत्नी और वो दो भी बॉक्स ऑफिस पर दो हफ्ते पूरे कर चुकी है। लेकिन फिल्म उस हिसाब से बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। 15वें दिन तीसरे शुक्रवार को पति पत्नी और वो दो सिर्फ 60 लाख रुपए ही जुटा पाई। इस तरह से फिल्म का कुल कलेक्शन अब 42.55 करोड़ रुपए ही हो पाया है। पति पत्नी और वो दो ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरूआत 4 करोड़ रुपए के साथ की थी।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com